
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, रविवार, 10 मई 2026

वर्ष 07,अंक 214, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

कलवारी, रामपुर तटबंध पर डैंपनर निर्माणकार्य पूर्ण, कई गावों को मिलेगी बाढ़ व कटान से राहत...02

अनाथ बेटी' का आशियाना छीन रहे हैं 'शातिर' शातिरों के जाल में फंसे हैं केडीए अधिकारी...11

# संरक्षित इमारतें पूजा स्थल कानून के दायरे से बाहर एएसआई ने कहा

- भोजशाला मामले एएसआई ने कोर्ट में ऐसा क्यों कहा?
- संरक्षित प्राचीन और ऐतिहासिक स्मारक या इमारतें पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम-1991 के दायरे से बाहर हैं।
- मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में भोजशाला मामले में भी एएसआई ने अदालत के समक्ष यह स्पष्ट किया है. यह जरूर है कि संरक्षित इमारतों में इबादत या पूजा इजाजत मिलने पर की जा सकती है।



संरक्षित प्राचीन और ऐतिहासिक स्मारक या इमारतें पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम-1991 के दायरे से बाहर हैं. यह स्पष्ट प्रावधान है कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ए एस आई) द्वारा संरक्षित स्मारक इस कानून के दायरे से बाहर हैं. मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में भोजशाला मामले में भी एएसआई ने अदालत के समक्ष यह स्पष्ट किया है. यह जरूर है कि संरक्षित इमारतों में इबादत या पूजा इजाजत मिलने पर की जा सकती है।

मुख्य बिंदु और अपवाद- प्राचीन स्मारक अपवाद (धारा 5): यह कानून उन प्राचीन और ऐतिहासिक स्मारकों या पुरातात्विक स्थलों पर लागू नहीं होता जो प्राचीन स्मारक और पुरातात्विक स्थल एवं अवशेष अधिनियम, 1958 के तहत आते हैं. अयोध्या अपवाद-राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद को भी इस अधिनियम की धारा 5 के तहत विशिष्ट रूप से बाहर रखा गया था. सामान्य नियम (धारा 3 और 4): यह अधिनियम किसी भी पूजा स्थल के धार्मिक स्वरूप को बदलने पर रोक लगाता है और यह अनिवार्य करता है कि 15 अगस्त 1947 को किसी पूजा स्थल का जो धार्मिक स्वरूप था, उसे वैसा ही बनाए रखा जाए।

अन्य छूट-ऐसे मामले जो इस कानून के लागू होने से पहले ही अदालतों द्वारा अंतिम रूप से निपटाए जा चुके हैं. वे विवाद जिन्हें कानून लागू होने से पहले पक्षों ने आपसी सहमति से सुलझा लिया था. मौजूदा समय में पूजा स्थल कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में मामला लंबित है, जिसमें हिंदू पक्ष का तर्क है कि यह कानून न्यायिक उपचार के अधिकार को सीमित करते हैं।

**एएसआई की मौजूदा व्यवस्था बुनियादों अधिकारों का हनन**

इससे पहले मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में भोजशाला मंदिर-कमाल मौला मस्जिद मामले की सुनवाई के दौरान हिंदू पक्ष ने मुस्लिम पक्ष के तर्कों का खंडन करते हुए शुक्रवार को कहा कि उसकी दायर जनहित याचिका कोई दीवानी मुकदमा नहीं है. हिंदू पक्ष ने कोर्ट से गुहार लगाई की कि वह भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को 11वीं सदी के इस संरक्षित स्मारक का मूल धार्मिक स्वरूप बहाल करने का निर्देश दे क्योंकि एएसआई की मौजूदा व्यवस्था से उसके बुनियादी अधिकारों का हनन हो रहा है.

**हिंदू पक्ष मानता है मंदिर और मुस्लिम पक्ष कमाल मौला मस्जिद**

धार की भोजशाला को हिंदू समुदाय वाग्देवी (देवी सरस्वती) का मंदिर मानता है, जबकि मुस्लिम पक्ष इस स्मारक को कमाल मौला मस्जिद बताता है. यह विवादित परिसर एएसआई द्वारा संरक्षित है. मुस्लिम पक्ष का कहना है कि धार का विवादित स्मारक देश की आजादी की तारीख यानी 15 अगस्त 1947 को मस्जिद के रूप में वजूद में था, लिहाजा उपासना स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम 1991 के प्रावधानों के तहत इसका धार्मिक स्वरूप बदला नहीं जा सकता।

**क्या है विवाद?**

याचिकाकर्ताओं में शामिल संगठन हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस के वकील विष्णु शंकर जैन ने विवादित स्मारक को लेकर एएसआई के सात अप्रैल 2003 के एक आदेश को न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी की खंडपीठ के समक्ष चुनौती दी और स्मारक में केवल हिंदुओं को उपासना का अधिकार दिए जाने की गुहार लगाई. एएसआई के इस आदेश के तहत विवादित परिसर में हर मंगलवार को हिंदुओं और हर शुक्रवार को मुस्लिमों को उपासना की अनुमति दी गई है।

# मैं खुद एक वकील हूं... भाजपा के खिलाफ राजनीतिक लड़ाई शुरू

- रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर ममता का ऐलान
- रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर टीएमसी की राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता बनर्जी ने बड़ा ऐलान किया है

रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर टीएमसी की राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता बनर्जी ने बड़ा ऐलान किया है. उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ विपक्षी पार्टियों से एकजुट होने की अपील की है. ममता बनर्जी ने आरोप लगाया है कि बंगाल में आतंक का राज शुरू हो गया है. इसके खिलाफ उनकी नैतिक और राजनीतिक लड़ाई शुरू हो चुकी है. ममता ने कहा कि 'मैं एनजीओ और अन्य सामाजिक संगठनों से भी इस आंदोलन में शामिल होने की अपील करती हूं।' ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि उन्होंने कालीघाट मोड़, मुक्तदल और फायर ब्रिगेड स्टेशन के सामने रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती मनाने के लिए अनुमति मांगी थी. लेकिन तीनों ही जगहों के लिए उन्हें अनुमति नहीं दी गई. उनका सवाल है कि आखिर उन्हें इस बार अनुमति क्यों नहीं दी गई. इसके बाद उन्होंने पार्टी ऑफिस के बाहर जयंती मनाने का फैसला लिया. ममता बनर्जी का कहना है कि यह पूरी तरह से तानाशाही है और टीएमसी को चुप कराने की कोशिश है. ममता ने आगे कहा कि उनका मानना है कि जो लोग निडर हैं, जो सचमुच अपनी मातृभूमि से प्यार करते हैं, वे अपने आप ही एकजुट हो जाएंगे. ममता ने कहा कि 'मैं खुद एक वकील हूं और खुलकर बीजेपी के खिलाफ लड़ाई लड़ूंगी।'

टीएमसी की राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता बनर्जी ने आरोप लगाया है कि बंगाल में उनके कार्यकर्ताओं पर जुल्म ढाए जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि दलित समुदाय की एक 92 वर्षीय महिला उनके साथ रहती है. लेकिन अब उन्हें घर छोड़कर कही और शरण लेनी पड़ी. उस परिवार की एक नई-नवेली दुन्हन को भी बीजेपी ने धमकाया है. उनसे भी घर खाली करा दिया गया है. उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी के कई अन्य कार्यकर्ताओं और नेताओं के घरों के बाहर गुंडागर्दी हो रही है और पुलिस पूरी तरह से चुप है।

**सुरक्षा हटाने पर बीजेपी पर साधा निशाना**

ममता बनर्जी ने कहा कि जब 2011 में बंगान में वो सत्ता में आई तो उन्होंने कोई हिंसा नहीं होने दी.किसी को भी परेशान या प्रताड़ित नहीं किया गया. मैंने तत्कालीन निवर्तमान मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य की सुरक्षा और हिफाजत सुनिश्चित करने के लिए अपनी खुद की बुलेटप्रूफ कार उनके पास भेजी थी. इतना ही नहीं उन्हें + सुरक्षा भी दी गई थी. लेकिन बीजेपी ने सत्ता में आते ही उनकी सुरक्षा को तुरंत हटा दिया. इसके अलावा उनकी बहुत सी सेवाओं को बंद कर दिया गया है।

**विपक्ष के सभी नेताओं से हुई बात, मिलकर लड़ेंगे**

ममता ने आगे कहा कि विपक्ष के सभी राष्ट्रीय नेताओं ने उनसे संपर्क किया है. उनकी सोनिया, राहुल गांधी, खड़गे, उद्धव ठाकरे और तेजस्वी यादव से बात हुई है.अखिलेश यादव खुद उनसे



मिलने आए थे. उनकी हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल से भी बात हुई है. कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने भी उन्हें फोन किया है. उनके साथ-साथ प्रशांत भूषण और मेनका गुरुस्वामी भी इस लड़ाई में उनके साथ हैं. 'मैं खुद एक वकील हूं. हमारे पास कल्याण बनर्जी जैसे कई अन्य नेता हैं जो यह लड़ाई लड़ेंगे. हमें पता है कि लड़ाई कैसे लड़ी जाती है।'

**सांसद महुआ मोइत्रा मामले में बीजेपी को घेरा**

ममता बनर्जी ने कहा कि परसो उनकी पार्टी की सांसद महुआ मोइत्रा को कोलकाता से दिल्ली जाने वाले विमान में चढ़ते समय परेशान किया गया. उन्होंने आरोप लगाया कि जिन लोगों ने उन्हें परेशान किया वे चुनाव में धांधली करने के लिए कोलकाता आए थे. इसके बाद वे वापस लौट रहे थे. ममता बनर्जी ने कहा कि इस घटना के बाद मोइत्रा ने अपनी यात्रा रद्द कर दी और वापस लौट आई. उन्होंने मुझे बताया कि वह उन लोगों के साथ जुबानी बहस में नहीं पड़ना चाहती थीं. उनके पास इस पूरी घटना का वीडियो है. सभी सबूत मौजूद हैं. चिंता मत कीजिए. हम यह लड़ाई लड़ेंगे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### यूपी के मशहूर स्टेशन पर महीनों से कोट-टाई पहनकर ड्यूटी कर रहा था फर्जी टीटीइ

**एक गलती से खुला राज तो छूटे पसीने**

**लखनऊ।** कोट और टाई पहनकर पहचान पत्र लटकाए एक फर्जी टीटीई कई महीने से लखनऊ स्टेशन पर यात्रियों की टिकट जांच कर रहा था। जो भी बेटिकट यात्री मिलते उनसे जुर्माना सहित किराए की गणना मौके पर कर देगा। कोट से एक्सेस फेयर टिकट (ईएफटी) रसीद काटकर जुर्माना सहित किराया वसूलकर रसीद थमाने वाले इस फर्जी टीटीई को कभी किसी को शक ही नहीं हुआ। शनिवार को प्लेटफार्म सात पर एक असली टीटीई से उसका सामना हुआ तो यह फर्जीवाड़ा सामने आया। रेलवे ने मामला दर्ज कर उसे जीआरपी को सौंप दिया। दो महीने पहले भी ट्रेन 12108 सीतापुर-एलटीटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस में टिकट चेकिंग के दौरान कानपुर से झांसी के बीच एक फर्जी टीटीई को पकड़ा गया था। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के टीटीई राजीव रंजन और सीनियर सीसीटीसी कुंज बिहारी की ड्यूटी शुक्रवार रात 10 से शनिवार सुबह छह बजे की रात्रि पाली में लखनऊ स्टेशन पर थी। दोनों ही प्लेटफार्म नंबर छह व सात पर पहुंचे तो यहां एक युवक टीटीई की वेशभूषा पहनकर यात्रियों की टिकट जांच कर अवैध रूप से धनउगाही कर रहा था। पूछताछ में युवक ने अपना नाम शिवम मिश्र बताया। उसने कहा कि वह सीतापुर का रहने वाला है ओर मुरादाबाद रेल मंडल में तैनात है। उसके पास से एक पहचान पत्र और ईएफटी बरामद हुई। पहचान पत्र पर दर्ज सीरियल नंबर की जांच हुई तो मुरादाबाद मंडल ने बताया कि उनके यहां इस नाम का कोई टीटीई ही नहीं है। इस पर फर्जी टीटीई शिवम को जीआरपी के हवाले कर दिया गया।

### स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर एक और राहत

**बिल आने के बाद 15 दिन की मोहलत मिलेगी धनराशि जमा करने को**

**अलीगढ़।** आरडीएसएस योजना में लगाए गए स्मार्ट प्रीपेड मीटर सुविधा से उपभोक्ताओं को छुटकारा मिल गया है। उन्हें पहले की तरह पोस्ट पेड सुविधा देते हुए पहले की तरह बिजली उपभोग करने के बाद बिल जमा करना होगा। इस संबंध में पावर कारपोरेशन ने वितरण कंपनियों को आदेश जारी कर दिए हैं। सभी उपभोक्ताओं को माह मई की यूनिट खपत का बिल जून माह में पोस्ट पेड पद्धति से जारी किया जाएगा। इसके लिए उपभोक्ताओं को आफिसों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

## मलिहाबाद कूच पर पुलिस का पहराः अतरौली बॉर्डर पर रोके गए प्रदर्शनकारी

- प्रशासन की चुप्पी से बढ़ा तनाव

...ज्ञापन देने जा रहे लोगों को हरदोई पुलिस ने सीमा पर रोका, भारी पुलिस बल तैनात; प्रदर्शनकारियों ने लगाया जबरन रोकने का आरोप।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हरदोई/अतरौली।** मलिहाबाद में ज्ञापन देने की घोषणा के बाद शनिवार को हरदोई और लखनऊ की सीमाओं पर भारी गहमागहमी देखने को मिली। लखनऊ की ओर जाने वाले प्रमुख मार्गों पर हरदोई पुलिस ने सख्त पहरा बिठा दिया, जिससे क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बन गया। अतरौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी रास्तों पर पुलिस की कड़ी निगरानी रही और कई स्थानों पर बैरिकेडिंग कर लोगों की आवाजाही रोक दी गई। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि वे शांतिपूर्ण तरीके से मलिहाबाद जाकर ज्ञापन सौंपने जा रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें अतरौली सीमा पर ही रोक दिया। मौके पर भारी पुलिस बल की तैनाती के चलते क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। स्थानीय लोगों के अनुसार, कई वाहनों की सघन चेकिंग की गई और समूहों में जा रहे लोगों को आगे



बढ़ने से रोककर वापस भेजा गया।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पुलिस बल प्रयोग कर लोगों को रोक रही है, जबकि प्रशासन की ओर से किसी प्रकार की आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों और अधिकारियों ने भी इस कार्रवाई के संबंध में कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया, जिससे लोगों में असमंजस और नाराजगी बढ़ती गई। राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील अर्कवंशी ने कहा कि, 'हम शांतिपूर्ण ढंग से अपना ज्ञापन देने जा रहे थे, लेकिन हमें बिना किसी स्पष्ट आदेश के रास्ते में रोक दिया गया। प्रशासन को बताना चाहिए कि आखिर यह कार्रवाई किस आधार पर की जा रही है।'

इस घेराबंदी का असर आम यातायात पर भी देखने को मिला। घंटों तक राहगीर जाम और चेकिंग में फंसे रहे, जिससे लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। क्षेत्र में पुलिस की बढ़ी सक्रियता को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं, जबकि प्रशासन की ओर से देर शाम तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया। इस मौके पर श्री रामसुचित्र अर्कवंशी, पंकज अर्कवंशी, संजय अर्कवंशी, अशोक अर्कवंशी, संदीप अर्कवंशी, शोभित अर्कवंशी सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### कानपुर में पुल के काम से बिगड़ा ट्रेनों का टाइम टेबल, बरेली-वाराणसी 2 घंटे खड़ी रही; गोमती एक्सप्रेस भी लेट

**लखनऊ।** नई दिल्ली जाने वाली गोमती एक्सप्रेस शनिवार को अधिक लेट लतीफी का शिकार हो गई। यात्री सुबह पांच ही लखनऊ स्टेशन पहुंच गए। यहां पहुंचने के बाद पता चला कि ट्रेन देरी से छूटेगी। नई दिल्ली से शनिवार को गोमती एक्सप्रेस रात 9:30 बजे की जगह 4:41 घंटे की देरी से 2:11 बजे पहुंची थी। लखनऊ में रेक के प्राइमरी मेंटनेंस के बाद सुबह नौ बजे लखनऊ स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर लगाया गया। यात्री सुबह पांच से नौ बजे तक प्लेटफार्म पर ही ट्रेन का इंतजार करते रहे। सुबह 5:45 बजे के स्थान पर 9:35 बजे गोमती एक्सप्रेस रवाना हुई।

वहीं, कानपुर में गंगा नदी पुल पर गर्डर बदलने के काम के चलते बदले रूट मुरादाबाद होकर शताब्दी एक्सप्रेस दो घंटे की देरी से लखनऊ पहुंची। इधर लखनऊ जंक्शन पर यात्री नई दिल्ली जाने के लिए प्लेटफार्म छह पर इंतजार करते रहे। लखनऊ से यह ट्रेन 45 मिनट की देरी से शाम 4:15 बजे रवाना हो सकी। योगनगरी ऋषिकेश से हावड़ा जा रही दून एक्सप्रेस भी दो घंटे की देरी से आयी। बरेली से वाराणसी जा रही ट्रेन 14236 बरेली-वाराणसी एक्सप्रेस को आलमनगर स्टेशन पर दो घंटे रोके रखा गया।

## पैसा लो कंपनी को कर्मचारियों ने ही लगाया चूना, 52.63 लाख रुपये हड़पे; मैनपुरी ब्रांच में हुआ घोटाला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**आगरा।** पैसा लो डिजिटल लिमिटेड फाइनेंस कंपनी को उसके ही कर्मचारियों ने चूना लगा दिया। वित्तीय अनियमितता का मामला मैनपुरी की बरनाहल शाखा में जांच के बाद पकड़ा गया। शाखा प्रबंधक ने कर्मचारियों के सहयोग से ग्राहकों से ऋण की वसूली करने के बाद रुपये का आपस में बंदरबांट कर लिया। कंपनी के प्रतिनिधि ने हरीपर्वत थाने में शाखा प्रबंधक सहित चार कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि सतेंद्र श्रीवास्तव निवासी गांधी नगर आगरा ने दर्ज मुकदमे में कहा है कि पैसा लो डिजिटल लिमिटेड लोगों को ऋण देने का काम करती है। कंपनी की एक शाखा बरनाहल कुंजपुरा-सिरसागंज रोड पर स्थित है। कंपनी में अशोक कुमार निवासी नगला बाग सोधरा फिरोजाबाद शाखा प्रबंधक व कलेक्शन सर्विस आफिसर (सीएसओ) के पद पर दीपक कुमार निवासी नगला फूलसहाय हाजीपुर नेरा मैनपुरी, मोनेंद्र कुमार निवासी बरनाहल व ओमहरि निवासी सूरजपुर शाहपुर मैनपुरी तैनात थे।

सीएसओ का काम लोगों को ऋण वितरित करना व दिए गए ऋण की किस्तों को





वसूलकर कंपनी के खाते में जमा कराना था। चारों आरोपितों ने 52 लाख 63 हजार 720 रुपये की रकम कंपनी में जमा न कराकर निजी उपयोग में लेकर कंपनी के साथ धोखाधड़ी की है। कंपनी की ओर से कराए गए ऑडिट में दीपक कुमार द्वारा 11 लाख 49,453, अशोक द्वारा दो लाख 67,260, मोनेंद्र कुमार द्वारा 20 लाख 23,342 तथा ओमहरि द्वारा 18 लाख 23,665 लाख रुपये ऋणधारकों से लेकर कंपनी में जमा नहीं कराए हैं। आरोपितों ने कंपनी के आगरा स्थित मुख्य कार्यालय में उपस्थित होकर रुपये वापस करने का आश्वासन दिया, लेकिन आज तक रुपये नहीं दिए। इंस्पेक्टर हरीपर्वत नीरज शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है, जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कल सुबह 10 बजे विजय का शपथग्रहण, राज्यपाल ने दिया सरकार बनाने का न्योता


स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ डेस्क।** तमिलनाडु में नई सरकार के शपथ ग्रहण का रास्ता आखिरकार साफ हो गया है। पांच दिन तक चले असमंजस के दौर के बाद आखिरकार टीवीके चीफ विजय रविवार को सुबह 10 बजे राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। शनिवार को विजय एक बार फिर राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से मिलने के लिए राजभवन पहुंचे और उन्हों 120 विधायकों के समर्थन का पत्र सौंपकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, समर्थन पत्र मिलने के बाद राज्यपाल ने टीवीके चीफ विजय को सरकार बनाने का न्योता दिया। रविवार सुबह 10 बजे विजय तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।

**विजय ने राज्यपाल से की मुलाकात**

120 विधायकों के समर्थन पत्र के साथ टीवीके चीफ विजय ने शनिवार को राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से मुलाकात की। चुनाव नतीजों के बाद ये विजय और राज्यपाल के बीच चौथी मुलाकात थी।

**विजय को 120 विधायकों का समर्थन**



विजय के पास सरकार बनाने के लिए 120 विधायकों का समर्थन हासिल है। जिनमें टीवीके के पास 108, कांग्रेस-5, सीपीआई-2, सीपीआई (एम)-2, वीसीके-2, आईयूएमएल-2 विधायक शामिल हैं। विजय दो सीटों से चुनाव जीते हैं, लिहाजा उन्हें एक सीट छोड़नी पड़ेगी। जिससे टीवीके के पास 107 विधायक रह जाएंगे।

**जादुई आंकड़े को पार करने के बाद राज्य भर में टीवीके का जश्न**

वहीं विजय की पार्टी टीवीके को पहले ही कांग्रेस, सीपीआई और सीपीएम पार्टियों का समर्थन प्राप्त हो चुका है. उसके पास वीसीके के नवीनतम निर्णय के बाद कुल 121 विधायकों की संख्या है. सरकार गठन के लिए आवश्यक जादुई आंकड़े को पार करने के बाद राज्य भर में टीवीके कार्यकर्ता जश्न में डूबे हुए है।

## अत्याचारों के आगे पंजाब नहीं झुकेगा... ED के एक्शन पर अरविंद केजरीवाल का बड़ा हमला

- आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि 17 अप्रैल को भी ईडी आई थी. संजीव अरोड़ा के गुड़गांव, लुधियाना व दिल्ली के सभी ठिकानों पर रेड हुई.
- रेड तीन दिन चली रेड में क्या मिला? उसी वक्त अशोक मित्तल के यहां रेड हुई थी. उनके यहां भी तीन दिन रेड चली और उस रेड के बाद अशोक मित्तल ने भाजपा ज्वाइन कर ली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पंजाब सरकार में मंत्री संजीव अरोड़ा के घर ईडी की रेड पड़ने पर हमला बोला है. उन्होंने कहा कि ईडी के सहारे भाजपा ने पंजाब को ललकारा है। पंजाब न पहले झुका था और न अब झुकेगा. पंजाब गुरुओं की धरती है। पंजाब ने औरंगजेब को भी जवाब दिया था और अब 2027 के चुनाव में मोदी जी को भी जवाब देगा. उन्होंने कहा कि अशोक मित्तल और संजीव अरोड़ा के घर एक साथ ईडी की रेड हुई थी. अशोक मित्तल भाजपा में शामिल हो गए तो रेड बंद हो गई, लेकिन संजीव अरोड़ा ने इन्कार कर दिया तो फिर से रेड हो गई।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पंजाब सरकार में मंत्री संजीव अरोड़ा के घर पर ईडी की रेड चल रही है. ईडी का काम है कि देश के अंदर अगर कहीं मनी लॉन्ड्रिंग हो रही है, तो उसको रोकना और उसकी जांच करना. अगर इस मकसद से ईडी अपनी कार्रवाई करे, तो हमें कोई परेशानी नहीं है।

**संजीव अरोड़ा नहीं झुके तो छापा-केजरीवाल**

अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि उस दिन संजीव अरोड़ा पर काफी दबाव डाला गया कि भाजपा ज्वाइन कर लो. अगर वे उस दिन भाजपा ज्वाइन कर लेते, तो शायद आज ईडी की रेड नहीं होती. इसलिए आज ईडी की रेड हुई है।

**पंजाब को टारगेट किया जा रहा-**





केजरीवाल

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पंजाब को टारगेट किया जा रहा है. पंजाब के लोगों के साथ धक्का, नाइंसाफी और अन्याय किया जा रहा है. पंजाब के लोगों को कुचलने की कोशिश की जा रही है. पिछले चार साल से ग्रामीण विकास का हजारों करोड़ रुपया, जिससे मंडियों और गांव-गांव की सड़कें बननी होती हैं, उसे रोक दिया गया. पंजाब यूनिवर्सिटी को टेकओवर करने की कोशिश की गई. चंडीगढ़ को हरियाणा को ट्रांसफर करने और पंजाब से छीनने की कोशिश की जा रही है।

### अलीगढ़ में दर्दनाक हादसाः बिजली के पोल से टकराई स्कूटी, जीजा की मौत; साला घायल

**अलीगढ़।** सिविल लाइन क्षेत्र में शुक्रवार देर रात दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साला गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा तस्वीर महल के पास उस समय हुआ, जब तेज रफ्तार स्कूटी अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। पुलिस के अनुसार बन्नादेवी क्षेत्र के बरौला निवासी शनि अपने साले राहुल कुमार के साथ स्कूटी से तस्वीर महल आए थे। वहां से दोनों शमशाद मार्केट की ओर जा रहे थे, तभी रास्ते में साई ढाबा के पास हादसा हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों ने दोनों को तत्काल जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर पहुंचाया, लेकिन जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल के चलते वहां इलाज नहीं मिल सका। इसके बाद दोनों को मलखान सिंह जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने शनि को मृत घोषित कर दिया। राहुल कुमार की हालत गंभीर बताई जा रही है। उसे दीनदयाल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यदि ट्रामा सेंटर में समय पर उपचार मिल जाता तो शायद शनि की जान बचाई जा सकती थी स्थानीय लोगों का कहना था कि यदि ट्रामा सेंटर में समय पर उपचार मिल जाता तो शायद शनि की जान बचाई जा सकती थी।

## संक्षिप्त खबरें

### बस्ती मे प्रशासनिक सख्ती के बीच पीजीटी परीक्षा सम्पन्न



**बस्ती।** बस्ती जिले में पोस्ट ग्रेजुएट टीचर परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक निगरानी के बीच पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। जिले के 22 परीक्षा केंद्रों पर सुबह 9:30 बजे पहली पाली की परीक्षा शुरू हुई। इस पाली में 8389 पंजीकृत अभ्यर्थियों को परीक्षा मे बैठना था लेकिन 4558 अनुपस्थित रहे। परीक्षा को नकलविहीन और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्सना और पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने शहर के बेगम खैर गर्ल्स इंटर कॉलेज सहित कई अन्य परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा और व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए केंद्र व्यवस्थापकों को गाइडलाइन का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। जिले में श्रीहंसराज लाल इंटर कॉलेज गनेशपुर, आरसीसी पब्लिक स्कूल गनेशपुर, दिल्ली स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल रामबाग, महिला महाविद्यालय और शिव हर्ष किसान इंटर कॉलेज सहित अन्य विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। सभी केंद्रों पर अभ्यर्थियों को प्रवेश से पहले गहन तलाशी और पहचान पत्रों की जांच के बाद ही अंदर जाने दिया गया। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी के साथ पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा।

### नाले में मिली नवजात बच्ची को चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने सुरक्षित बचाया

**इलाज हेतु जिला अस्पताल के एनआईसीयू वार्ड में कराया भर्ती**



**अमेठी।** जनपद के इन्हौना थाना क्षेत्र अंतर्गत गणपति यात्री प्लाजा के पास चिरौली गांव में सड़क किनारे नाली में एक नवजात बच्ची पड़े होने की सूचना मिलने पर चाइल्ड हेल्पलाइन एवं पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए बच्ची को सुरक्षित बाहर निकालकर उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सूचना मिलते ही चाइल्ड हेल्पलाइन टीम के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव, केस वर्कर रुचि सिंह, सुपरवाइजर रोशन लाल तथा पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम द्वारा नवजात बच्ची को नाले से सुरक्षित बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंहपुर में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों द्वारा जांच के दौरान बच्ची का वजन कम पाए जाने पर उसे बेहतर उपचार के लिए रेफर कर दिया गया। इसके बाद चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने बच्ची को मलिक मोहम्मद जायसी जिला अस्पताल के एनईसीयू वार्ड में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार शुरू कर दिया गया है। चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने बच्ची के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत मे एक लाख से अधिक वादों का निस्तारण



**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय लोक अदालत का जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष राजीव कमल पांडेय ने वीणा वादिनी मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। राष्ट्रीय लोक अदालत मे 1 लाख 39 हजार 13 वादों का निस्तारण किया गया। फौजदारी के 4362, एनआई एक्ट के 8, विद्युत 203, मोटर दुर्घटना 16,वैवाहिक 30, सिविल 66, बैंक लोन 554, बीएसएनएल 11,स्थाई लोक अदालत 3 व कलेक्ट्रेट प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा 1 लाख 32 हजार 487 एवं यातायात कार्यालय द्वारा 1273 वादों का निस्तारण किया गया। फौजदारी वादों से 6 लाख 64 हजार 940 अर्थ दण्ड वसूल किया। मोटर दुर्घटना क्षति पूर्ति अधिकारी विजय पाल ने 16 वाद में बीमा कंपनी से 1 करोड़ 67 लाख 60 हजार का प्रतिकार दिलाया गया। उत्तराधिकारी वादों में 94 लाख 81 हजार 209 रुपए का उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र जारी किया गया।बैंकों के बकाया लोन के 554 वादों में बैंक एवं बकायेदारों के बीच 5 करोड़ 40 लाख 9 हजार 234 रुपए व बीएसएनएल वादों में 6317 रुपए का समझौता हुआ।

# कलवारी, रामपुर तटबंध पर डैंपनर निर्माणकार्य पूर्ण, कई गावों को मिलेगी बाढ़ व कटान से राहत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के घाघरा सरयू नदी के बढ़ते कटान और बाढ़ के खतरे से तटीय गांवों को सुरक्षित करने की दिशा में सिंचाई विभाग ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। सदर तहसील क्षेत्र में कलवारी, रामपुर तटबंध पर निर्माण कार्य पूर्ण होने से अब नदी किनारे बसे गांवों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। करीब 24.44 करोड़ रुपये की लागत से कराए गए इस कार्य ने तटबंध की मजबूती बढ़ाने के साथ-साथ ग्रामीणों के मन में सुरक्षा का भरोसा भी मजबूत किया है।

घाघरा सरयू नदी के बाएं तट पर स्थित कलवारीदूरामपुर तटबंध लंबे समय से कटान की चुनौती झेल रहा था। बरसात के मौसम में तेज धारा के कारण तटबंध पर दबाव बढ़ जाता था, जिससे आसपास के गांवों में भय का माहौल बना रहता था। इसी खतरे को देखते हुए शासन स्तर पर विशेष परियोजना तैयार की गई, जिसके तहत तटबंध के संवेदनशील हिस्सों पर सुरक्षात्मक निर्माण कार्य कराए गए। परियोजना के अंतर्गत तटबंध के किमी 9.000 पर स्थित स्पर के डाउन स्ट्रीम में 600 मीटर लंबाई में ग्राम महुआपार कला मदरहवा की सुरक्षा के लिए 11 डैंपनरों का निर्माण कराया गया।

वहीं किमी 10.200 पर बने दूसरे स्पर के डाउन स्ट्रीम में ग्राम बैराडी एहतमाली मईपुर की सुरक्षा के लिए 12 डैंपनर स्थापित किए गए। इस प्रकार कुल 23 डैंपनरों के निर्माण से नदी की धारा को नियंत्रित करने और कटान रोकने में बड़ी मदद मिलेगी। विशेषज्ञों के अनुसार डैंपनर नदी की तेज धारा की गति को कम करने का कार्य करते हैं। इससे पानी का सीधा दबाव तटबंध पर नहीं पड़ता और मिट्टी का कटाव रुकता है। यही कारण है कि बाढ़ सुरक्षा परियोजनाओं में डैंपनर को बेहद प्रभावी तकनीक माना जाता है। इस निर्माण के पूरा होने से अब बरसात के मौसम में तटबंध की सुरक्षा पहले की तुलना में कहीं अधिक मजबूत हो गई है।

स्थानीय ग्रामीणों ने भी इस कार्य को राहत देने वाला कदम बताया है। वर्षो से कटान की समस्या झेल रहे लोगों का कहना है कि हर मानसून में घर और खेती बचाने की चिंता बनी रहती थी, लेकिन अब उन्हें काफी भरोसा मिला है कि गांव सुरक्षित रहेंगे। किसानों को भी उम्मीद है कि खेतों के कटान पर रोक लगेगी और कृषि गतिविधियां प्रभावित नहीं होंगी। सिंचाई विभाग के अधिकारियों के मुताबिक परियोजना को गुणवत्ता मानकों के अनुरूप समयबद्ध तरीके से पूरा कराया गया है। निर्माण कार्य में आधुनिक तकनीकों और मजबूत सामग्रियों का उपयोग किया गया ताकि तटबंध लंबे समय तक सुरक्षित रह सके। विभाग की ओर से मानसून से पहले सभी संवेदनशील तटबंधों की निगरानी और मरम्मत का अभियान भी चलाया जा रहा है। प्रदेश सरकार लगातार बाढ़ और कटान प्रभावित क्षेत्रों में स्थायी सुरक्षा उपायों पर जोर दे रही है। इसी कड़ी में कलवारीदूरामपुर तटबंध परियोजना को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे न केवल ग्रामीण आबादी सुरक्षित होगी, बल्कि सड़क, कृषि भूमि और स्थानीय बुनियादी ढांचे को भी संरक्षण मिलेगा। विशेषज्ञ मानते हैं कि यदि इसी प्रकार तटीय क्षेत्रों में वैज्ञानिक तरीके से सुरक्षा कार्य जारी रहे तो घाघरा नदी के किनारे बसे गांवों को लंबे समय के लिए सुरक्षित किया जा सकता है। फिलहाल डैंपनर निर्माण पूरा होने से क्षेत्र के हजारों लोगों ने राहत की सांस ली है और आगामी मानसून को लेकर उनका आत्मविश्वास बढ़ा है।

## प्रताप की वीरता और स्वाभिमान युवाओं के लिये प्रेरणास्रोत

● महाराणा प्रताप का जीवन संघर्ष समय रहाअपनी वीरता, स्वाभिमान और अटूट देशभक्ति के लिए जाने जाते हैं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में राजपूत करणी सेना के पदाधिकारियों ने महाराणा प्रताप की 486 वीं जयंती के अवसर पर कम्पनी बाग चौराहे से पदयात्रा कर महाराणा प्रताप चौके पहुंचे। यहां उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी वीरता व अदम्य साहस को याद किया गया। करणी सेना के पूर्वांचल अध्यक्ष यशवंत सिंह रोलू ने कहा मेवाड़ के सिसोदिया राजवंश के 13वें राजपूत शासक थे। वे अपनी वीरता, स्वाभिमान और अटूट देशभक्ति के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने मुगल सम्राट अकबर की अधीनता स्वीकार करने के बजाय जीवनभर के लिये संघर्ष करना चुना। हल्दीघाटी का युद्ध (1576) उनके शौर्य का प्रतीक है। जिलाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने कहा महाराणा प्रताप का स्वाभिमान युवाओं के लिये प्रेरणास्रोत है। उन्होने घास की रोटी खाया लेकिन उनका उनके स्वभिमान को कोई झुका नहीं पाया। पूर्वांचल उपाध्यक्ष नागेश सिंह एवं मण्डल मनीष सिंह मोनू ने कहा महाराणा प्रताप का जीवन साहस और वीरता से भरा है।

युवा नेता अभिजीत सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप का नाम आते ही मन उत्साह और वीरता से भर जाता है। उन्हे सदियों तक याद किया जायेगा। इस अवसर पर रवि सिंह, नागेन्द्र पाल, शिवेन्द्र विक्रम सिंह, मोनू सिंह, भावेश पण्डेय, अमितेश प्रताप सिंह, हरीश सिंह, सिद्धार्थ सिंह, अभिषेक सिंह, अनुरोध सिंह, अमित विक्रम सिंह, प्रमोद सिंह, पियूष सिंह, सिद्धार्थ राय, विनय पाल, चन्द्रेश प्रताप सिंह, राघवेन्द्र सिंह, दिनेश सिंह, शुभम सिंह, अभय पाल आदि की उपस्थिति रही।

## सौजना पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**9 वारंटी गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश**

**ललितपुर।** जनपद में वांछित एवं वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत उत्तर प्रदेश पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी महरौनी रक्षपाल सिंह के पर्यवेक्षण में थाना सौजना पुलिस ने शनिवार को 9 वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए वारंटियों में वंशीलाल अहिरवार (45), बालकिशन (36), प्रशान्त कुमार (40), मुकेश कुमार (29), धनीराम (42), बादशाह उर्फ दरयाव (24), बब्बू राजा (57), झल्लू राजा (62) तथा प्रवेश राजा उर्फ सरला (55) शामिल हैं। पुलिस ने सभी वारंटियों को नियमानुसार गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय में पेश किया। इस कार्रवाई को थाना सौजना प्रभारी निरीक्षक सुधाकर पाण्डेय ने अपनी टीम के साथ अंजाम दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा रहा।

## थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुआ समाधान दिवस

● 9 में 4 शिकायतों का मौके पर ही गुणवत्ता पूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शुकुल बाजार, अमेठी।** थाना प्रांगण बाजार शुकुल में शनिवार को थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा के नेतृत्व में समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। समाधान दिवस में क्षेत्र से पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना गया तथा उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। कार्यक्रम में राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त रूप से उपस्थित रहे। समाधान दिवस के दौरान कुल 9 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 4 मामलों का मौके पर ही निष्पक्ष, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के समाधान के लिए पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजी गई है, ताकि जांच कर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके।थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी मामलों का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से समाधान कराया जाए, जिससे आमजन को न्याय मिल सके। समाधान दिवस में फरियादियों के बैठने, पेयजल एवं जलपान की समुचित व्यवस्था भी थाना प्रशासन द्वारा कराई गई थी। थाना अध्यक्ष ने फरियादियों से मित्रवत व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था एवं शांति



व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। फरियादियों ने भी थाना प्रशासन की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि थाना स्तर पर ही समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होने से उन्हें तहसील एवं जिला मुख्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, जिससे समय एवं धन दोनों की बचत होती है। इस अवसर पर कानूनगो संतराम, न्यायालय से अंकित शर्मा सहित थाना स्टाफ एवं राजस्व विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महाराणा प्रताप जयंती पर निबंध एवं चित्रांकन प्रतियोगिता सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला बाजार स्थित टाइनी टाट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को वीरता, स्वाभिमान एवं राष्ट्रभक्ति के प्रतीक महाराणा प्रताप जी की जयंती के उपलक्ष्य में निबंध प्रतियोगिता तथा चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को भारतीय इतिहास के महान योद्धाओं के आदर्शों एवं उनके त्यागमय जीवन से परिचित कराना था। प्रतियोगिता में विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए महाराणा प्रताप जी के जीवन, संघर्ष, पराक्रम, मातृभूमि के प्रति समर्पण तथा स्वाभिमान पर आधारित भावपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक निबंध प्रस्तुत किए। वहीं चित्रांकन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने महाराणा प्रताप के आकर्षक रेखाचित्र एवं कलात्मक चित्र बनाकर अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यार्थियों द्वारा निर्मित चित्रों में वीरता, साहस एवं राष्ट्रप्रेम की भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई।

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के अध्यापक अनिल कुमार गुप्ता एवं राशिद रिजवी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप जी भारतीय इतिहास के ऐसे अमर योद्धा थे जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी आत्मसम्मान एवं स्वतंत्रता के सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन त्याग, धैर्य, संघर्ष एवं राष्ट्रनिष्ठा की अनुपम प्रेरणा प्रदान करता है। विद्यार्थियों को उनके आदर्शों का अनुसरण कर राष्ट्र एवं समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए।

विद्यालय के निदेशक सैफ अली ने अपने संबोधन में कहा कि महाराणा प्रताप ने युवावस्था से ही मातृभूमि की रक्षा तथा जनमानस के सम्मान हेतु संघर्ष का मार्ग अपनाया। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी अदम्य साहस, धैर्य एवं नेतृत्व क्षमता का परिचय देकर इतिहास में अमिट स्थान प्राप्त किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे महाराणा प्रताप के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात कर सत्य, साहस एवं राष्ट्रभक्ति के मार्ग पर अग्रसर हों। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय प्रशासन द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। विद्यालय परिसर देशभक्ति,ऐतिहासिक गौरव एवं सांस्कृतिक चेतना से ओतप्रोत दिखाई दिया।

## रास्ते के विवाद में महिला से अभद्रता और मारपीट

**दो आरोपियों पर मुकदमा दर्ज**

**ललितपुर।** कोतवाली सदर क्षेत्र में रास्ते के पुराने विवाद को लेकर एक महिला के साथ अभद्रता, गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राधारमण मंदिर के पीछे मवेशी बाजार निवासी सुषमा पत्नी स्व.विनीत कुमार ने पुलिस को बताया कि 6 मई 2026 की रात करीब 8.30 बजे वह बाजार से सामान लेकर अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान घर के पास पहले से रास्ते के विवाद को लेकर रंजिश रखने वाले पड़ोसी संजय और मयंक पुत्रगण भगवानदास ने उनका रास्ता रोक लिया। पीड़िता का आरोप है कि दोनों आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज और अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर उन्हें सड़क पर गिरा दिया। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचने लगे, जिसके बाद आरोपी धमकाते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352 व 351 (3) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# बस्ती मे 25 हजार का इनामिया मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार, हत्या का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले केकप्तानगंज पुलिस ने थाना क्षेत्र मे एक व्यक्ति की निर्मम हत्या कर सड़क किनारे शव फेंकने की घटना में वांछित चल रहे रुपये 25,000 के इनामिया अभियुक्त को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक अदद अवैध तमंचा, एक अदद जिंदा कारतूस, एक अदद खोखा व मोटर साइकिल बरामद की गई।

आपको बता दे03 मई को थाना क्षेत्र के कल्याणपुर समय माता मंदिर के पूर्व सड़क के किनारे एक व्यक्ति का शव मिला था। इस मामले मे स्थानीय पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना कर रही थी। घटना का सफल अनावरण करते हुए पुलिस ने 02 अभियुक्तों को 05 मई को ही फरेंदा सेंगर बगीचे के पास से गिरफ्तार कर लिया था। मामले मे वांछित चल रहे रुपये 25,000 के इनामिया तीसरे अभियुक्त शिवा विश्वकर्मा पुत्र दीप नारायण विश्वकर्मा उम्र करीब 19 वर्ष को आज गढ़हा गौतम के पास हुए पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। मुठभेड़ के दौरान उसके बायें पैर में गोली लगी है। पुलिस इससे पहले शिवम गुप्ता पुत्र कपूरचन्द गुप्ता तथा ऋषभ मिश्रा उर्फ राज मिश्रा पुत्र जमुना प्रसाद मिश्रा को कप्तानगंज क्षेत्रान्तर्गत फरेंदा सेंगर बगीचे के पास से गिरफ्तार किया गया था। आज मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त को गिरफ्तार करने मे थानाध्यक्ष कप्तानगंज आलोक कुमार श्रीवास्तव, प्रभारी चौकी महाराजगंज अनिल त्रिपाठी, उप निरीक्षक विवेकानंद तिवारी, उप निरीक्षक रविन्द्र यादव आदि का योगदान रहा।

## उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग की पीजीटी भर्ती परीक्षा को सकुशल सम्पन्न

● निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग की पीजीटी भर्ती परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना एवं पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने बेगम खैर गर्ल्स इण्टर कालेज तथा खैर इण्डस्ट्रियल इण्टर कालेज परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, बैठने की व्यवस्था, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन किया तथा केन्द्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने परीक्षा की शुचिता एवं गोपनीयता बनाए रखने हेतु किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने तथा शासन द्वारा जारी समस्त दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा को शांतिपूर्ण, नकलविहीन एवं पारदर्शी वातावरण में सम्पन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। वहीं पुलिस



अधीक्षक ने परीक्षा केन्द्रों पर तैनात पुलिस बल को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी, केन्द्र व्यवस्थापक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने किया थाना संग्रामपुर का आकस्मिक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. द्वारा शनिवार को थाना संग्रामपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर, कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, अभिलेखों के रख-रखाव, सीसीटीवी कंट्रोल रूम तथा मिशन शक्ति केंद्र का गहनता से अवलोकन किया।

इस दौरान उन्होंने थाना कार्यालय में अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, लंबित विवेचनाओं की प्रगति तथा प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा की। पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी निरीक्षक संग्रामपुर सहित उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनता की शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा



अपराध नियंत्रण में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।उन्होंने महिला सुरक्षा एवं जनसुनवाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर देते हुए मिशन शक्ति केंद्र की गतिविधियों की भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था एवं तकनीकी संसाधनों के बेहतर उपयोग को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।पुलिस अधीक्षक के निरीक्षण से थाना परिसर में सक्रियता का माहौल दिखाई दिया तथा अधिकारियों-कर्मचारियों में कार्य के प्रति गंभीरता और अनुशासन का संदेश स्पष्ट रूप से देखने को मिला।

### मड़ावरा पुलिस ने छह वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में जनपद में वांछित एवं वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मड़ावरा थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए छह वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय में पेश किया। पुलिस के अनुसार एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी कृष्ण कुमार मिश्रा के पर्यवेक्षण में चलाए गए अभियान के दौरान थाना मड़ावरा पुलिस ने ग्राम रनगांव एवं आसपास क्षेत्र से छह वारंटियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में शिवती, रामरती, खुशबू, प्रेम सिंह, बबलू और शिशुपाल शामिल हैं। सभी आरोपियों को नियमानुसार गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक बाली सिंह, उपनिरीक्षक अरुण कुमार सहित पुलिस टीम के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## फर्जी जाति प्रमाण पत्र के खिलाफ थारू समाज का हल्ला बोल

● शान्ति रैली प्रदर्शन कर लखनऊ में मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

'गोंड' शब्द जोड़कर एसटी प्रमाण पत्र बनवाने का आरोप, बलरामपुर साहित कई जिलों से जुटें थारू समाज के हजारों लोग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ** अनुसूचित जनजाति के अधिकारों पर कथित अतिक्रमण और फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने के विरोध में थारू समाज अब आर-पार की लड़ाई के मूड में नजर आ रहा है। मूल आदिवासी जनजाति कल्याण संस्थागोरखपुर ने पुलिस आयुक्त लखनऊ से अनुमति लेकर मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधन ज्ञापन सौपा समिति ने आरोप लगाया है कि कहार, गोड़िया, भुज, भड़भूजा और धुरिया समुदाय के कुछ लोग कथित रूप से 'गोंड' शब्द जोड़कर अनुसूचित जनजाति का जाति प्रमाण पत्र बनवा रहे हैं। इससे वास्तविक जनजातीय समाज के अधिकार प्रभावित हो रहे हैं और सरकारी योजनाओं व नौकरियों का लाभ गलत तरीके से लिया जा रहा है।

**कई जिलों में सामने आ रहे मामले**

ज्ञापन में कहा गया है कि गोरखपुर, कुशीनगर, वाराणसी, मऊ, देवरिया, बलिया, गाजीपुर, महाराजगंज, संतकबीरनगर, बस्ती, सिद्धार्थनगर और आजमगढ़ सहित कई जिलों में इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं। वहीं सोनभद्र, मिर्जापुर, हमीरपुर, बांदा, ललितपुर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच और लखीमपुर खीरी जैसे जनपदों में निवासरत वास्तविक जनजातीय समुदायों के अधिकारों पर संकट गहराने की बात कही गई है। उपरोक्त जनपदों से हज़ारों की संख्या में महिलाएं एवं पुरुष अपने पारंपरिक भेष भूषा में शामिल हुए मूल आदिवासी जनजाति संस्था गोरखपुर के द्वारा परिवर्तन चौक से जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल



शान्ति मार्च निकालकर प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा। समिति के अनुसार इस आंदोलन में विभिन्न जिलों से करीब हजारों लोगों के शामिल हुए। 'वास्तविक जनजातियों का भविष्य हो रहा अंधकारमय 'समिति ने अपने ज्ञापन में कहा है कि यदि कथित फर्जी जाति प्रमाण पत्रों पर रोक नहीं लगी तो वास्तविक अनुसूचित जनजातियों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। संगठन ने प्रशासन से शांतिपूर्ण प्रदर्शन की अनुमति देने और मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

## शिव मंदिर में मांस फेंकने के बाद अब बाउंड्री की कीलें उखाड़ने पर बवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिसवा उर्फ खोरिया गांव में सांप्रदायिक तनाव एक बार फिर गहरा गया है। बीते दिनों शिव मंदिर परिसर में मांस फेंके जाने की घटना का मामला अभी पूरी तरह शांत भी नहीं हुआ था कि शनिवार को मंदिर की बाउंड्री वॉल पर लगी सुरक्षा कीलों को उखाड़ने को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और गांव में तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई।

जानकारी के अनुसार शिव मंदिर की बाउंड्री पर सुरक्षा के उद्देश्य से लोहे की कीलें लगाई गई थीं, जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उखाड़ दिया गया। इस बात को लेकर ग्रामीणों ने मंदिर के सामने रहने वाले एक समुदाय विशेष के लोगों से पूछताछ की जो देखते ही देखते गाली-गलौज और तीखी बहस में बदल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों से बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए, जिससे किसी बड़ी अप्रिय घटना की आशंका पैदा हो गई। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी बसंत कुमार सिंह एवं थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम राव भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने मौके से तीन युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है और एहतियात के तौर पर गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया है। मामले में खोरिया निवासी विशाल पुत्र दीनानाथ वर्मा ने थाने में तहरीर



देकर चार महिलाओं सहित एक दर्जन नामजद लोगों के खिलाफ मंदिर को क्षति पहुंचाने और धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्राधिकारी बसंत कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### संसारपुर गौ आश्रय स्थल का डीएम ने किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के दिये निर्देश




**महमूदाबाद-सीतापुर।** जिलाधिकारी गणपति आर राजा ने विकास खण्ड पहला के संसारपुर स्थित अस्थायी गौ आश्रय स्थल का आकस्मिक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला में संरक्षित गोवंश के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौ आश्रय स्थल में पशुओं के लिए भूसा, हरा चारा, स्वच्छ पेयजल तथा समय पर उपचार की समुचित व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि गोवंश के रख-रखाव में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी की जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला की साफ-सफाई, पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण तथा आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता बनाए रखने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी के आकस्मिक निरीक्षण से संबंधित विभागों में सक्रियता देखी गई। इस अवसर पर डॉ. अंजली सिंह, उपजिलाधिकारी महमूदाबाद तथा उमाशंकर मिश्र, तहसीलदार महमूदाबाद भी उपस्थित रहे।

### बटाईदार ने किया खेतिहर जमीन पर कब्जा

भूमि के मालिक पर ही खेत में आने पर लगाई रोक

पीड़ित ने एसीपी कृष्णा नगर को शिकायती पत्र देकर मांगा न्याय




**लखनऊ।** ग्रामीण किसान अपनी कृषि भूमि को गाँव में ही बटाई पर देकर, पैदा की गयी फसल का 1/2 भाग लेते रहने का प्रचलन गाँवों में बदस्तूर जारी है। परन्तु यदि भूलवश जानकारी किये किसी ऐसे दबंग व्यक्ति को अपनी उपजाऊ भूमि बटाई पर दी है, तो उसकी बदनियती निखर कर तब सामने आती है, जब वह उक्त बटाई भूमि को अपनी सम्पत्ति समझकर कब्जा कर,भूमि स्वामी को अपनी ही जमीन पर आने व फसल लेने पर रोक लगा देता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बलदेव बिहार, तेलीबाग निवासी अतर सिंह ने सादुल्ला नगर,बन्थरा निवासिनी विजया सिंह स्व0 यशवन्त सिंह से खाता सं0-00002 गाटा सं0-141/3स रकबा 0.7590 हे0 भूमि को वर्ष 2011 में रजिस्टर्ड बैनामा कराकर क्रय किया था। पीड़ित अधिक दूर रहने के कारण ग्राम के ही सिराजुद्दीन से वार्ता कर खेतो में उत्पन्न फसल में से 1/2 भाग के हिस्सा लेने पर तय हुआ था। सिराजुद्दीन विगत वर्षो से अचानक फसल देना बन्द कर के स्वयं सम्पूर्ण फसल लेने लगा । पीड़ित ने अग्रिम फसल न बोने के बारे में कहा परन्तु उक्त व्यक्ति अपनी दबंगयी दिखाते हुए खेतों में पैदा की गयी रबी की फसल बाँटकर नहीं दी, और खेतों से भगा दिया। फसल कटने के उपरान्त पीड़ित जब अपनी भूमि की जुताई कराने गया तो सिराजुददीन अपने पारिवारिक सदस्यों को इकट्ठा करके, भद्दी-भद्दी गालियाँ देते हुए धमकाया कि यदि दोबारा खेतों में जुताई कराने या कब्जा लेने आये तो जान से हाथ धोना पड़ेगा । पीड़ित इनके दबंग व आतंक से डरकर काफी भयग्रस्त है, घटनाक्रम की एक तहरीर थाना बन्थरा में दी, परन्तु पुलिस द्वारा कार्यवाही न किये जाने से क्षुब्ध होकर सहायक पुलिस आयुक्त, कृष्णानगर लखनऊ को तहरीर देकर भूमि में सुरक्षित जुताई कराये जाने हेतु आरोपी पर विधिक कार्यवाही सुरक्षा प्रदान किये जाने की गुहार लगायी है।

**आवश्यकता है**

**श्री रामपाल महाविद्यालय**
**बहेरिया, सण्डीला, हरदोई**

**बी.एससी. कृषि संकाय-** सहायक आचार्य कृषि अर्थशास्त्र, सस्य विज्ञान योग्यता यू.जी.सी. मानक के अनुसार।

**बी.एससी. (गणित/ विज्ञान) संकाय-** सहायक आचार्य की आवश्यकता है वनस्पति विज्ञान योग्यता यू.जी.सी. मानक के अनुसार।

**संपर्क सूत्र-7408106605**

**प्रबंधक- श्री रामपाल महाविद्यालय, बहेरिया, सण्डीला, हरदोइ**

# बेटा सचिवालय में, बाप की दबंगई

● गरीब की पुश्तैनी ज़मीन पर जबरन कब्जे का आरोप, विरोध करने पर दी जान से मारने की धमकी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के मलिहाबाद तहसील अंतर्गत रहीमाबाद थाना क्षेत्र से दबंगई और भूमाफियागिरी का एक गंभीर मामला सामने आया है। यहां एक गरीब परिवार ने गांव के ही कुछ दबंग लोगों पर उसकी पुश्तैनी आबादी की जमीन पर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाया है। पीड़ित परिवार का कहना है कि जब उन्होंने अपनी जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे का विरोध किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं, दबंगों ने अपने रसूख का हवाला देते हुए कहा कि उनका बेटा सचिवालय में नौकरी करता है, इसलिए उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। मामले को लेकर पीड़ित ने रहीमाबाद थाने में लिखित प्रार्थना पत्र देकर पुलिस से कार्रवाई और सुरक्षा की गुहार लगाई है। घटना के बाद से पीड़ित परिवार दहशत में है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ी मजरा महदौइया निवासी कल्लू प्रसाद पुत्र स्वर्गीय सरजू ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी पुश्तैनी आबादी की भूमि गाटा संख्या 468 रकबा 0.013 हेक्टेयर ग्राम गढ़ी महदेइया, परगना व तहसील मलिहाबाद, जनपद लखनऊ में स्थित है। पीड़ित के अनुसार यह भूमि वर्ष 2008 में उसे आवंटित हुई थी और तब से वह लगातार उस भूमि पर शांतिपूर्ण तरीके से कब्जे में रह रहा है। कल्लू प्रसाद का आरोप है कि 8 मई 2026 को दोपहर लगभग 1 बजे गांव के ही राजकुमार पुत्र मूलचंद्र, गौरव पुत्र मूलचंद्र, मूलचंद्र पुत्र कुशाल समेत अन्य लोग अचानक उसकी जमीन पर पहुंचे और जबरन नाप-जोख करने लगे। पीड़ित का कहना है कि विपक्षी लोग उसकी भूमि पर अवैध कब्जा करने की नीयत से आए थे और जबरदस्ती जमीन को अपने कब्जे में लेने की कोशिश कर रहे थे। पीड़ित के मुताबिक जब उसने और उसके परिवार ने इस बात का विरोध किया तो आरोपियों का रवैया और आक्रामक हो गया। आरोप है कि विपक्षियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और खुलेआम धमकी देते हुए कहा कि अगर दोबारा जमीन के पास दिखाई दिए तो जान से हाथ धोना पड़ेगा। प्रार्थना पत्र में पीड़ित ने विशेष रूप से यह भी उल्लेख किया है कि विपक्षी मूलचंद्र ने दबंगई दिखाते हुए कहा कि उसका बेटा राजकुमार सचिवालय में नौकरी करता है और उनकी पहुंच ऊपर तक है। इसी रसूख के दम पर विपक्षी गरीब परिवार की जमीन हड़पना चाहते हैं। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों की धमकियों से पूरा परिवार बेहद भयभीत और डरा हुआ है। पीड़ित परिवार ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल मौके पर पुलिस बल भेजा जाए और उनकी पुश्तैनी भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे को रोका जाए। साथ ही आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर गरीब परिवार को न्याय दिलाया जाए। ग्रामीणों के बीच भी यह मामला चर्चा का विषय बना



हुआ है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की तो किसी बड़े विवाद की स्थिति पैदा हो सकती है। वहीं क्षेत्र में यह भी चर्चा है कि रसूख और दबंगई के बल पर गरीबों की जमीन कब्जाने के प्रयास लगातार बढ़ते जा रहे हैं। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या रहीमाबाद पुलिस गरीब परिवार की शिकायत पर निष्पक्ष कार्रवाई करेगी या फिर दबंगों के रसूख के आगे मामला ठंडे बस्ते में चला जाएगा। फिलहाल पीड़ित परिवार न्याय की उम्मीद लगाए प्रशासन की ओर देख रहा है।

## 12 वर्षीय बालक की हत्या से सनसनी, बंद मकान में बेड के नीचे मिला शव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बिसवां/ सीतापुर** कोतवाली बिसवां क्षेत्र के ग्राम शहरी सराय में 12 वर्षीय बालक की हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई। लापता बच्चे का शव एक बंद पड़े मकान के कमरे में बेड के नीचे खून से लथपथ हालत में मिलने से गांव में दहशत और शोक का माहौल व्याप्त है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम शहरी सराय निवासी हमीद पुत्र स्वर्गीय तफज्जुल खां उर्फ नत्थू का 12 वर्षीय पुत्र अल्तमश, जो कक्षा 4 का छात्र था, 8 मई की शाम करीब 5 बजे घर से अचानक लापता हो गया था। परिजनों ने देर रात तक उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। खोजबीन के दौरान परिजन एक बंद पड़े मकान में छत के रास्ते पहुंचे। वहां कमरे के अंदर बेड के नीचे अल्तमश का शव खून से सना हुआ मिला। शव को छिपाने के उद्देश्य से बेड के नीचे दो बक्से भी लगाए गए थे। बच्चे की गर्दन पर गंभीर चोट के निशान बताए जा रहे हैं। मृतक के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में घर में मौजूद मुदस्सिर नामक युवक पर हत्या का संदेह जताया है। आरोप है कि घटना के बाद आरोपी मकान बंद कर फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### गन्ने की मशीन में फंसा युवक का हाथ, गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर




**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के विश्वनाथ खेड़ा गांव में गन्ने की मशीन चलाते समय एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मशीन में उसका हाथ फंसने से वह लहूलुहान हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह मशीन बंद कर युवक को बाहर निकाला और इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। गांव निवासी आदित्य (20) पुत्र रामचरन शुक्रवार को गन्ने की पेराई कर रहे थे। इसी दौरान अचानक उनका दायां हाथ मशीन में फंस गया। हादसे में उनका हाथ बुरी तरह जख्मी हो गया। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### भावुक विदाई: 31 वर्षों की सेवा के बाद प्रधानाचार्या सेवानिवृत्त

● 'विद्यालय मेरा परिवार रहा '-चित्रा सोनकर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भरावन।** राजकीय बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहुतीकला की प्रधानाचार्या श्रीमती चित्रा सोनकर के सेवानिवृत्त होने पर शनिवार को विद्यालय परिसर में सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह एवं विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षकों, शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं ने उन्हें नम आंखों से भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यालय की नई प्रधानाचार्या डॉ. ऐमन नफीस अहमद ने चित्रा सोनकर का माल्यार्पण कर शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विदाई गीतों ने समारोह को भावुक बना दिया। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों ने अपने संबोधन में कहा कि चित्रा




सोनकर ने अपने 31 वर्षों के कार्यकाल में अनुशासन, शिक्षा की गुणवत्ता तथा विद्यालय के विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपने भावुक उद्बोधन में चित्रा सोनकर ने कहा कि 'यह विद्यालय मेरे लिए परिवार की तरह रहा है। यहां के शिक्षकों का सहयोग और छात्र-छात्राओं का स्नेह सदैव मेरी स्मृतियों में जीवित रहेगा।' उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन एवं ईमानदारी के मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी दी। समारोह में प्रिया मिश्रा, मीरा यादव, नीलम यादव, प्रधानाचार्या श्वेता यादव, अनुपम देवी, निधि मिश्रा,ममता प्रजापति, जूली, प्रधानाचार्य रामसुजान मिश्रा, हरगोविंद सिंह एवं मनोज तिवारी रहे।

### 'Patent Laws and Copyright Protection' विषय पर एक तकनीकी व्याख्यान का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), यू.पी. स्टेट सेंटर, लखनऊ द्वारा 'Patent Laws and Copyright Protection' विषय पर एक महत्वपूर्ण तकनीकी व्याख्यान का आयोजन दिनांक 09 मई, 2026 को इंजीनियर्स भवन, आई.ई.आई., रिवर बैंक कॉलोनी, लखनऊ में किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में अधिवक्ता राज विक्रम सिंह (सॉलिसिटेशन एवं आर्ग्युइंग काउंसिल, उच्च न्यायालय इलाहाबाद लखनऊ पीठ, न्यायिक क्षेत्र, लखनऊ एवं सर्वोच्च न्यायालय) ने सहभागिता की। अपने व्याख्यान में उन्होंने पेटेंट कानून एवं कॉपीराइट संरक्षण से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बौद्धिक संपदा अधिकार (Intellectual Property Rights) नवाचार को बढ़ावा देने के साथ-साथ रचनात्मक कार्यों की सुरक्षा के लिए अत्यंत




आवश्यक हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान समय में तकनीकी प्रगति के साथ बौद्धिक संपदा की सुरक्षा का महत्व और अधिक बढ़ गया है, तथा अभियंताओं, शोधकर्ताओं एवं उद्यमियों को इसके प्रति जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने पेटेंट प्राप्त करने की प्रक्रिया, कॉपीराइट संरक्षण के प्रावधानों तथा कानूनी चुनौतियों पर भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो0 (डॉ.) भारत राज सिंह द्वारा की गई। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि इस प्रकार के तकनीकी व्याख्यान अभियंताओं, विद्यार्थियों एवं उद्योग जगत के लिए अत्यंत उपयोगी हैं तथा इनसे विधिक एवं तकनीकी ज्ञान में वृद्धि होती है। उन्होंने मुख्य वक्ता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संस्था द्वारा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के निरंतर आयोजन की बात कही कार्यक्रम के संयोजक इ. के.पी. त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समन्वय संस्था के मानद सचिव इ. एन.के. निषाद द्वारा किया गया। अंत में उन्होंने सभी उपस्थित अभियंताओं, शिक्षाविदों एवं विद्यार्थियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सफाई कर्मियों की लापरवाही से कूड़े में लगी आग

● दुकानदारों में मची अफरा तफरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** विकासखंड क्षेत्र की ग्राम सभा वलौली में शनिवार को सफाई के दौरान कूड़े में लगाई गई आग ने अचानक विकराल रूप ले लिया। आग तेजी से फैलने लगी। इससे आसपास के दुकानदारों और ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने खुद ही आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। आस पास के दूकानदारों ने बताया कि सड़क किनारे सफाई कर रहे सफाई कर्मियों ने जमा कूड़े में आग लगा दी थी। शुरुआत में आग सामान्य लग रही थी लेकिन कुछ ही देर में तेज हवा के कारण लपटें बढ़ गई। आग आसपास पड़े दूसरे कूड़े और सूखी घास तक पहुंच गई। धुआं और लपटें देखकर दुकानदार अपनी दुकानों से बाहर निकल आए। कई लोग घरों से बाल्टी और डिब्बों में पानी लेकर मौके पर पहुंचे। काफी देर तक स्थानीय लोग और सफाई कर्मी आग बुझाने में जुटे रहे, लेकिन आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका। इसके बाद घटना की सूचना फायर ब्रिगेड और ब्लॉक अधिकारियों को दी गई। सूचना मिलते ही बीडीओ गगनदीप सिंह कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। जहां पर आग लगी थी वहां से फायर स्टेशन की दूरी बहुत कम है। इसके बावजूद दमकल वाहन पहुंचने में देर हुई। फायर स्टेशन के कर्मचारियों ने बताया कि आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में महामहिम राज्यपाल के कार्यक्रम को लेकर फायर स्टेशन के प्रभारी समेत अधिकतर कर्मचारी वहां ड्यूटी पर मौजूद थे। इसी कारण दमकल



टीम को पहुंचने में समय लगा। बाद में पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने स्थानीय लोगों और सफाई कर्मियों की मदद से आग पर काबू पाया। आग बुझने के बाद दुकानदारों और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। फायर स्टेशन प्रभारी मुकेश गिरी ने बताया कि कूड़े में आग लगने की सूचना मिली थी। टीम ने मौके पर पहुंचकर आग बुझा दी है। घटना से कोई हानि नहीं हुई है।

## सेठ रामगुलाम पटेल इंटर कॉलेज में मनाई गई महाराणा प्रताप जयंती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महमूदाबाद, सीतापुर।** सेठ रामगुलाम पटेल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अंतर्गत सेठ रामगुलाम पटेल इंटर कॉलेज, महमूदाबाद में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के डायरेक्टर इंजी. क्षितिज चंद्रा ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित करके किया। इस अवसर पर डायरेक्टर इंजी. क्षितिज चंद्रा ने अपने संबोधन में कहा कि आज हम सभी वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती के पावन अवसर पर एकत्रित हुए हैं। यह दिन केवल एक महान राजा को स्मरण करने का अवसर नहीं है, बल्कि उनके आदर्शों, त्याग और संघर्ष से प्रेरणा लेने का भी दिन है। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं और विद्यार्थियों को महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेकर अनुशासन, साहस और राष्ट्रभक्ति के मार्ग पर चलना चाहिए। यदि हम उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं, तो एक मजबूत और श्रेष्ठ समाज का निर्माण कर




सकते हैं। उन्होंने सभी को संकल्प दिलाते हुए कहा कि देश, समाज और संस्कृति के सम्मान की रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है तथा हमें सदैव सत्य और न्याय के मार्ग पर चलना चाहिए। कार्यक्रम में सेठ रामगुलाम पटेल इंटर कॉलेज के सीनियर सुपरवाइजर आर.बी. गुप्त, प्रधानाचार्य सुधीर कुमार, एनसीसी के एसोसिएट ऑफिसर दुर्गेश यादव, फील्ड कोऑर्डिनेटर उमेश कुमार, ऑफिस सुपरिटेंडेंट वीरेंद्र कुमार सहित सेठ रामगुलाम डिग्री कॉलेज एवं सेठ रामगुलाम मुनेश्वर प्रसाद आईटीआई के प्रभारी उपस्थित रहे। इस दौरान समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

### हाईवे पर दंपति से मारपीट महिला की चेन छीनने का आरोप

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के बाल्हेमऊ नहर पुलिया के पास शुक्रवार देर रात बाइक सवार दंपति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने बदमाशों पर गले की चेन छीनने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने देर रात तक इलाके में तलाश की, लेकिन आरोपितों का पता नहीं चल सका। रायबरेली शहर के राना नगर मोहल्ला निवासी सोनी अपने पति आसिफ और बहन सोनम के साथ बाइक से कस्बे में रिश्तेदार के यहां बर्थडे पार्टी में शामिल होने आ रही थीं। महिला की गोद में तीन साल का बच्चा भी था। पीड़िता के अनुसार टोल प्लाजा के पास से ही दो बाइक पर सवार चार युवक उनकी बाइक के आगे पीछे घूम रहे थे। बाल्हेमऊ नहर पुलिया के पास पहुंचते ही युवकों ने ओवरटेक कर बाइक रुकवा ली। आरोप है कि बदमाशों ने महिला के गले की चेन छीनने की कोशिश की। विरोध करने पर दंपति के साथ मारपीट की और चेन लेकर भाग निकले। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ युवक बाइक से लालगंज की ओर भागे जबकि एक युवक नहर किनारे झाड़ियों में छिप गया था। बाद में अंधेरे का फायदा उठाकर वह भी फरार हो गया। मामले की जानकारी को लेकर प्रभारी निरीक्षक से फोन पर सम्पर्क करने का प्रयास किया लेकिन पक्ष नहीं जाना जा सका है।

### हिंदी साहित्य के युग प्रवर्तक आचार्य द्विवेदी को किया नमन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के ऐहार स्थित श्री गणेश विद्यालय इंटर कॉलेज में शनिवार को हिंदी साहित्य के महान साहित्यकार आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी की जयंती उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। हिंदी प्रवक्ता दिलीप द्विवेदी ने कहा कि आचार्य द्विवेदी ने हिंदी भाषा को सरल, शुद्ध और प्रभावशाली स्वरूप दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के सम्मान और अध्ययन के लिए प्रेरित किया। शिक्षक राकेश मिश्रा ने कहा कि आचार्य द्विवेदी ने हिंदी साहित्य में राष्ट्रीय चेतना को मजबूत किया। डॉ. कमलकांत ने उनके साहित्यिक योगदान और हिंदी पत्रकारिता में निभाई गई भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सरस्वती पत्रिका के माध्यम से आचार्य द्विवेदी ने कई साहित्यकारों को नई पहचान



दिलाई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अनूप पांडेय ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों से आचार्य द्विवेदी के व्यक्तित्व और कृतित्व से प्रेरणा लेने की अपील की। प्रधानाचार्य अवनीन्द्र पांडे ने कहा कि आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी हिंदी के नए युग के सूत्रधार थे। उन्होंने हिंदी भाषा को व्यवस्थित और जनसामान्य के अनुरूप बनाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में भाषा और संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना विकसित करते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं और शिक्षक मौजूद रहे।

### सोनी किन्नर द्वारा निर्माणाधीन मंदिर पर विधि-विधान से स्थापित हुए कलश

**बिसवां/सीतापुर।** नगर के सीतापुर रोड स्थित ओवरब्रिज के पास समाज सेविका सोनी किन्नर द्वारा भव्य मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को अयोध्या के गोपाल आश्रम से पधारे बाबा गगन महाराज के संरक्षण एवं सानिध्य में मंदिर शिखर पर विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन कर कलश स्थापना कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच मंदिर के ऊपर कलश स्थापित किए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूजा-अर्चना की तथा मंदिर निर्माण कार्य की सराहना की। नगरवासियों ने समाज सेविका सोनी किन्नर द्वारा कराए जा रहे इस धार्मिक एवं सामाजिक कार्य की प्रशंसा करते हुए इसे आस्था और जनसेवा से जुड़ा सराहनीय प्रयास बताया। कार्यक्रम के दौरान भक्तिमय माहौल बना रहा।

### हाफिज मुन्ना शाह का दो दिवसीय उर्स संपन्न

सूफ़ियाए किराम की शिक्षाओं पर अमल करना हमारा परम कर्तव्य है :- एजाज़ हसन,सज्जादानशीन

**खैराबाद।** सीतापुर स्थानीय दरगाह हाफ़िज़ मुन्ना शाह कटरा में हज़रत हाफ़िज़ मोहम्मद अली शाह उर्फ बड़े हाफ़िज़ साहब के मुरीद व ख़लीफ़ा हज़रत हाफिज मुन्ना शाह अलैहिर्रहमा का दो दिवसीय उर्स आज समाप्त हो गया इससे पूर्व दरगाह हाफ़िज़िया अस्लमियाँ से जुलूस चादर सज्जादानशीन एजाज़ हसन खान एडवोकेट की सरपरस्ती में उठाया गया जो विभिन्न मार्गो से होता हुआ दरगाह शरीफ पहुंचा जहां देर रात तक क़व्वाली होती रहीं उसके बाद आज प्रातः क़ुरआन ख्वानी हुई और दोपहर में महफ़िले समा शुरू हुई और सांय काल क़ुल शरीफ हुआ इस अवसर पर सज्जादानशीन एजाज़ हसन ने देश मे अमन शांति की दुआ की और अपील करते हुए कहा कि हम सबको एक और नेक बन कर रहना चाहिए हमसे किसी को भी कोई तकलीफ न पहुंचे।इस अवसर पर दरगाह हज़रत बड़े मखदूम साहब के सज्जादानशीन नजमुल हसन शोएब मियां , सैय्यद फरमान मियां चिश्ती, सैय्यद लाईक अहमद किरमानी, सैय्यद मुत्तसिब जूनू किरमानी,शबीह अहमद, गुफरान खान, हाजी यूसुफ खान,इमरान किरमानी, मौलाना तौक़ीर अत्तारी सैय्यद अफजाल किरमानी, हाफ़िज़ अरसलान हसनी हाफ़िज़ सैय्यद ताहिर किरमानी,हसन खान,इफ़हाम खान, आफताब अहमद खान, शफ़ीक़ अहमदआदि मौजूद थे।इसी के साथ हाफिज मुन्ना शाह का उर्स समाप्त हो गया।सज्जादानशीन एजाज़ हसन खान ने सभी का शुक्रिया भी अदा किया।


## मलिहाबाद में माहौल बिगाड़ने की साज़िश नाकाम

● ....शांतिपूर्ण ज्ञापन कार्यक्रम को भड़काने की कोशिश विफल

.....अर्कवंशी समाज की सूझबूझ और पुलिस की तत्परता से टला संभावित विवाद, बाहरी तत्वों पर माहौल खराब करने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मलिहाबाद, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के मलिहाबाद क्षेत्र में विवादित स्मृति द्वार के विरोध में आयोजित ज्ञापन कार्यक्रम के दौरान उस समय तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई, जब कुछ अज्ञात लोगों द्वारा भीड़ को भड़काकर सामाजिक और जातीय तनाव फैलाने की कथित कोशिश की गई। हालांकि स्थानीय सामाजिक नेताओं, अर्कवंशी समाज के प्रतिनिधियों और पुलिस प्रशासन की सक्रियता एवं समझदारी के चलते बड़ी अप्रिय घटना टल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 08 मई 2026 को आयोजित यह कार्यक्रम पूरी तरह लोकतांत्रिक, संवैधानिक और शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा था, जिसमें अर्कवंशी समाज के लोग भारी संख्या में अपनी मांगों और विरोध को दर्ज कराने पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान समाज के लोग अनुशासित तरीके से अपनी बात रख रहे थे, लेकिन कार्यक्रम के अंतिम चरण में अचानक कुछ बाहरी और अज्ञात 4 से 6 लोगों द्वारा भीड़ में घुसकर माहौल खराब करने, गाली-गलौज करने और लोगों को उकसाने का प्रयास किया गया। सूत्रों के अनुसार इन लोगों का उद्देश्य सामाजिक सौहार्द बिगाड़ना और जातीय संघर्ष की स्थिति पैदा करना था। स्थिति कुछ समय के लिए तनावपूर्ण जरूर हुई, लेकिन स्थानीय सामाजिक नेताओं और अर्कवंशी समाज के जिम्मेदार लोगों ने संयम और सूझबूझ का परिचय देते हुए लोगों को शांत रखा और किसी भी प्रकार की हिंसक प्रतिक्रिया से बचाया। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने भी तत्काल हस्तक्षेप किया और उन अज्ञात लोगों को सुरक्षित तरीके से भीड़ से बाहर निकाल लिया, जिससे संभावित टकराव और बड़ी घटना को समय रहते टाल दिया गया। क्षेत्रीय लोगों




ने पुलिस प्रशासन की तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई न होती तो कुछ असामाजिक तत्व माहौल बिगाड़ने में सफल हो सकते थे। घटना के बाद क्षेत्र में राजनीतिक चर्चाओं का दौर भी तेज हो गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कुछ राजनीतिक स्वार्थी तत्व अपनी राजनीतिक जमीन बचाने के लिए मलिहाबाद जैसी भाईचारे और सौहार्द की धरती को जातीय संघर्ष की आग में झोंकने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि क्षेत्र की जनता ने ऐसे प्रयासों को पूरी तरह नकारते हुए सामाजिक एकता बनाए रखने का संदेश दिया है। लोगों का कहना है कि मलिहाबाद की जनता अब ऐसे राजनीतिक षड्यंत्रों को समझ चुकी है और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों को कभी माफ नहीं करेगी।

# बहुत कठिन है डगर पनघट की



तमिलनाडु की राजनीतिक में वर्ष 2026 के विधानसभा चुनावों ने एक ऐसी पटकथा लिख दी है जिसकी कल्पना पारंपरिक द्रविड़ राजनीति के दिग्गजों ने कदाचित ही की होगी। सिनेमा के पर्दे से निकलकर जननायक बनने की राह पर अग्रसर थलपति विजय और उनकी नवगठित राजनीतिक शक्ति तमिलगा वेत्री कड़गम ने राज्य के दशकों पुराने द्विध्रुवीय राजनीतिक ढांचे को झकझोर कर रख दिया है। यह चुनाव मात्र सत्ता के हस्तांतरण का माध्यम नहीं रहा बल्कि इसने तमिलनाडु के सामाजिक और राजनीतिक मानस में गहरे पैठ बना चुके द्रविड़ गौरव और परिवर्तन की आकांक्षा के बीच एक नए संघर्ष को जन्म दिया है। विजय की पार्टी ने अपनी पहली ही चुनावी परीक्षा में 108 सीटों पर विजय पताका फहराकर सबको विस्मित कर दिया किंतु लोकतंत्र के कठोर गणित ने उन्हें सत्ता की दहलीज पर लाकर एक अनिश्चितता के भंवर में खड़ा कर दिया है। 234 सदस्यों वाली तमिलनाडु विधानसभा में पूर्ण बहुमत प्राप्त करने के लिए 118 का जादुई आंकड़ा अनिवार्य है और विजय की सेना इस लक्ष्य से मात्र 10 कदम दूर रह गई है। यह 10 सीटों की दूरी वर्तमान में तमिलनाडु की राजनीति का सबसे बड़ा और जटिल प्रश्न बन गई है जिसने राज्य के भविष्य को अनिश्चितता के बादलों से घेर लिया है।

विजय के समक्ष उत्पन्न हुई चुनौतियों का विश्लेषण करें तो सबसे पहली बाधा स्वयं उनकी जीत के तकनीकी स्वरूप से उपजी है। विजय ने अपनी लोकप्रियता को सिद्ध करने हेतु दो अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों से चुनाव लड़ा और दोनों ही स्थानों पर विजय प्राप्त की। यद्यपि यह उनके व्यक्तिगत प्रभाव का प्रमाण है परंतु संवैधानिक नियमों के अनुसार उन्हें एक सीट से त्यागपत्र देना होगा। इस प्रक्रिया के पश्चात उनकी पार्टी की प्रभावी सदस्य संख्या 107 रह जाएगी जिसका सीधा अर्थ यह है कि अब उन्हें बहुमत सिद्ध करने के लिए 11 और सदस्यों के समर्थन की आवश्यकता होगी। संख्याबल का यह सूक्ष्म अंतर किसी भी राजनीतिक दल के लिए सामान्य परिस्थितियों में सरल हो सकता था परंतु तमिलनाडु की वर्तमान घेराबंदी ने इसे अत्यंत दुष्कर बना दिया है। विजय के समर्थन में कांग्रेस के 8 विधायक और वामपंथी दलों के 2 विधायक खड़े दिखाई दे रहे हैं जिससे यह कुल आंकड़ा 117 तक पहुंचता हुआ प्रतीत होता है। फिर भी बहुमत के लिए आवश्यक 118 के आंकड़े तक पहुंचने के लिए अंतिम एक सदस्य का समर्थन जुटाना उनके लिए हिमालय लांघने जैसी चुनौती बन गया है।

राजनीति में शत्रु का शत्रु मित्र होता है और यह उक्ति इस समय तमिलनाडु में चरितार्थ होती दिख रही है। दशकों तक एक-दूसरे के धुर विरोधी रहे द्रविड़ मुनेत्र कड़गम और अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम एक नए और प्रभावशाली विकल्प के उदय से सशंकित हैं। सत्ता के गलियारों में यह सुगबुगाहट तीव्र है कि ये दोनों ही स्थापित शक्तियां एक नवागंतुक को मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचने से रोकने के लिए गुप्त रणनीतियों पर कार्य कर रही हैं। वे जानते हैं कि यदि विजय एक बार सत्तासीन हो गए तो राज्य में उनके वर्चस्व का सूर्य सदा के लिए अस्त हो सकता है। यही कारण है कि छोटे दलों और निर्दलीय विधायकों को अपने पाले में बनाए रखने के लिए विपक्षी खेमों द्वारा साम, दाम, दंड और भेद का खुला प्रयोग किया जा रहा है। अम्मा मक्कल मुनेत्र कड़गम जैसे छोटे राजनीतिक समूहों ने विजय की पार्टी पर फर्जी दस्तावेजों और अनैतिक दबाव के आरोप लगाकर इस राजनीतिक युद्ध को कानूनी गलियारों तक खींच लिया है। इन आरोपों ने न केवल विजय की छवि को प्रभावित करने का प्रयास किया है बल्कि गठबंधन की प्रक्रिया में भी अवरोध उत्पन्न कर दिए हैं।

इस पूरे घटनाक्रम में राजभवन की भूमिका अत्यंत निर्णायक और संवैधानिक मर्यादाओं से बंधी हुई है। राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर ने सरकार गठन की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की शिथिलता बरतने से इनकार कर दिया है। राजभवन का स्पष्ट मत है कि केवल मौखिक दावों या संख्या बल के प्रदर्शन मात्र से सरकार गठन का निमंत्रण नहीं दिया जा सकता। राज्यपाल महोदय ने विजय के समक्ष यह शर्त रख दी है कि उन्हें समर्थन देने वाले प्रत्येक विधायक का व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना और उनके हस्ताक्षरित समर्थन पत्रों का भौतिक सत्यापन अनिवार्य होगा। संवैधानिक प्रावधानों की यह कठोरता विजय के लिए एक बड़ी बाधा सिद्ध हो रही है क्योंकि गठबंधन के घटक दलों के भीतर भी असंतोष के स्वर उभरने की आशंका बनी रहती है। विधायकों की बाड़ेबंदी और उन्हें विपक्षी प्रलोभनों से बचाकर रखना विजय के नेतृत्व की सबसे बड़ी परीक्षा है। यदि वे अपने कुनबे को सुरक्षित रखते हुए राज्यपाल को संतुष्ट करने में विफल रहते हैं तो राज्य में एक गहरा संवैधानिक संकट उत्पन्न हो सकता है।

समय की सुइयां विजय के विरुद्ध अत्यंत तीव्र गति से चल रही हैं। वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल 10 मई 2026 को समाप्त हो रहा है और इस समय सीमा से पूर्व एक वैध सरकार का गठन न होना लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है। यदि आगामी कुछ घंटों के भीतर राजनीतिक गतिरोध नहीं टूटता और समर्थन का विश्वसनीय स्वरूप उभरकर सामने नहीं आता तो राज्यपाल के पास अनुच्छेद 356 के अंतर्गत राष्ट्रपति शासन की संस्तुति करने के अतिरिक्त कोई विकल्प शेष नहीं रहेगा। तमिलनाडु जैसे राजनीतिक रूप से जागरूक राज्य के लिए राष्ट्रपति शासन का लागू होना एक पीछे की ओर कदम होगा जिसे कोई भी दल अपने माथे पर कलंक के रूप में नहीं देखना चाहेगा। विजय के लिए संकट यह है कि उन्हें न केवल बाहर से समर्थन जुटाना है बल्कि अपनी पार्टी के भीतर उन महत्वाकांक्षाओं को भी नियंत्रित करना है जो सत्ता के इतने निकट आकर स्वाभाविक रूप से जागृत हो जाती हैं।

तमिलनाडु की जनता ने विजय को एक विशाल जनादेश तो दिया है परंतु वह जनादेश खंडित है। जनता परिवर्तन चाहती थी और उसने विजय के रूप में उस विकल्प को चुना भी लेकिन संख्याबल की कमी ने उस परिवर्तन की राह में कांटे बो दिए हैं। विपक्षी दलों द्वारा लगाए जा रहे खरीद-फरोख्त के आरोपों ने इस पूरे लोकतांत्रिक उत्सव को विवादों के घेरे में ला दिया है। विजय के समर्थक जहां इसे लोकतंत्र की हत्या और जनादेश का अपमान बता रहे हैं वहीं विपक्षी खेमा इसे सिद्धांतों की लड़ाई करार दे रहा है। सत्य इन दोनों के मध्य कहीं स्थित है। वास्तव में यह एक नए युग के आगमन और पुराने युग के अवसान के बीच की संधि बेला है जहां संघर्ष अपरिहार्य है। विजय को अब केवल एक फिल्म अभिनेता की लोकप्रियता के सहारे नहीं बल्कि एक मंझे हुए राजनीतिज्ञ की दूरदर्शिता और धैर्य के साथ इस चक्रव्यूह को भेदना होगा।

अंतिम निष्कर्ष की ओर बढ़ते हुए यह स्पष्ट है कि विजय की चुनौतियां केवल संख्या जुटाने तक सीमित नहीं हैं। यदि वे किसी प्रकार बहुमत सिद्ध कर भी देते हैं तो उनके सामने एक अस्थिर सरकार चलाने की चुनौती होगी जो निरंतर सहयोगियों के दबाव में रहेगी। एक भी विधायक का इधर से उधर होना सरकार के स्थायित्व को खतरे में डाल सकता है। इसके अतिरिक्त राज्य की आर्थिक स्थिति, सामाजिक मुद्दे और प्रशासनिक सुधारों की लंबी सूची उनका प्रतीक्षारत है। तमिलनाडु के लोग अब सिनेमाई संवादों से ऊपर उठकर ठोस परिणाम चाहते हैं। विजय के लिए यह 118 का आंकड़ा केवल सत्ता की चाबी नहीं है बल्कि यह उनकी विश्वसनीयता और राजनीतिक भविष्य का निर्णायक मानदंड भी है। आने वाले कुछ घंटे तमिलनाडु के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखे जाएंगे या फिर एक अधूरे स्वप्न की गाथा बनकर रह जाएंगे यह पूरी तरह से विजय की कूटनीतिक कुशलता पर निर्भर करता है। राज्य की जनता सांसें रोककर राजभवन की ओर देख रही है जहां से निकलने वाला एक निर्णय तमिलनाडु की अगली पांच वर्षों की दिशा तय करेगा। क्या थलपति विजय इस विषम परिस्थिति में अपनी विजय गाथा को पूर्ण कर पाएंगे या फिर सत्ता की दहलीज पर आकर यह सफर थम जाएगा यह देखना शेष है। राजनीति संभावनाओं का खेल है और इस खेल में विजय का अगला कदम ही उनकी वास्तविक विरासत को परिभाषित करेगा।

**महेन्द्र तिवारी**

## संसाधनों को डुबो रहा है जनसंख्या का सैलाब



**संपादक/लेखकः राजीव शुक्ला**

भारत में जनसंख्या का अनियंत्रित विस्तार अब देश के सीमित संसाधनों के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। जैसे-जैसे आबादी बढ़ रही है, पानी, भूमि, ऊर्जा और खाद्यान्न जैसे मूलभूत संसाधनों पर दबाव तेजी से बढ़ता जा रहा है। यह सैलाब धीरे-धीरे हमारे विकास के सपनों को डुबो रहा है। वर्तमान में भारत की जनसंख्या 140 करोड़ से अधिक हो चुकी है और विशेषज्ञों का अनुमान है कि 2030 तक हम चीन को पीछे छोड़कर दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश बन जाएंगे। इस विशाल जनसमूह की जरूरतें पूरी करना सरकारी योजनाओं और अर्थव्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। शहरों में पानी की किल्लत, कृषि भूमि का खंडित होना, जंगलों का विनाश और प्रदूषण के बढ़ते स्तर इसी जनसंख्या दबाव के प्रत्यक्ष परिणाम हैं।


प्रति व्यक्ति उपलब्ध जल संसाधन लगातार घट रहा है। कई राज्यों में भूजल स्तर खतरनाक रूप से नीचे जा चुका है। खेती योग्य भूमि पर बढ़ती आबादी के कारण छोटे-छोटे टुकड़ों में बंट रही है, जिससे कृषि उत्पादकता प्रभावित हो रही है। बेरोजगारी और असंगठित क्षेत्र में बढ़ती भीड़ भी इसी का नतीजा है। शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास जैसी बुनियादी सुविधाओं पर जो बोझ पड़ रहा है, वह विकास की गति को धीमा कर रहा है। यह समस्या केवल आंकड़ों की नहीं, बल्कि नीतिगत इच्छाशक्ति की भी है।

परिवार नियोजन कार्यक्रमों को मजबूत करने, जन जागरूकता फैलाने और संसाधन प्रबंधन की प्रभावी रणनीतियों को अपनाने की सख्त जरूरत है। यदि समय रहते हम जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित नहीं करते, तो आने वाली पीढ़ियां केवल संघर्ष और कमी के बीच जीने को मजबूर होंगी। जनसंख्या का सैलाब अब विकास की राह में सबसे बड़ा रोड़ा बन चुका है। इसे रोकने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति, सामाजिक जागरूकता और सख्त नीतियों का तुरंत क्रियान्वयन आवश्यक है। वरना, हम अपने ही संसाधनों में डूबते चले जाएंगे।

# प्रकृति की मूक चीखः एक पौधा हमें बचा सकता है, हम उसे बचा नहीं पा रहे

**[एक पौधा, हजारों सवालः हमारी विकास की भूख कितनी महंगी पड़ रही है]**

**[धरती माँ का छुपा हुआ आभूषणः यूफोरबिया अनन्थापुरामेन्सिस और हमारी लापरवाही]**



प्रकृति की गोद में रची-बसी भारतीय धरती आज भी जैव-विविधता के अनगिनत रहस्यों को अपने भीतर समेटे हुए है, और आधुनिक वैज्ञानिक खोजें लगातार यह साबित कर रही हैं कि यह खजाना अभी पूरी तरह सामने नहीं आया है। हाल ही में खोजी गई पौध प्रजाति यूफोरबिया अनन्थापुरामेन्सिस इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि हमारे पारिस्थितिक तंत्र में अभी भी अनेक अनदेखे रहस्य मौजूद हैं। यह खोज केवल एक नई वनस्पति की पहचान नहीं, बल्कि यह संकेत है कि भारत के वन, पर्वतीय क्षेत्र और सूक्ष्म आवास विज्ञान के लिए निरंतर नए द्वार खोल रहे हैं। राष्ट्रीय जैव-विविधता रिपोर्ट में ऐसी खोजों की बढ़ती संख्या यह दर्शाती है कि पर्यावरणीय अनुसंधान अब अधिक गहराई और विस्तार के साथ आगे बढ़ रहा है।

मरुस्थल जैसी कठोर परिस्थितियों में भी जीवन की सूक्ष्म संभावनाएँ कितनी समृद्ध हो सकती हैं, यह यूफोरबिया अनन्थापुरामेन्सिस की खोज स्पष्ट रूप से दर्शाती है। यह दुर्लभ पौधा आंध्र प्रदेश के श्री सत्य साई जिले के निगिडी वन क्षेत्र में ग्रेनाइट चट्टानों के बीच लगभग 450 से 550 मीटर की ऊँचाई पर पाया गया है, जहाँ अत्यंत कठिन जलवायु परिस्थितियाँ मौजूद हैं। फिर भी यह प्रजाति अपनी विशिष्ट जैविक संरचना के बल पर जीवित है और पर्यावरण के साथ अद्भुत संतुलन स्थापित करती है। इसकी पत्तियों और तनों की बनावट जल संरक्षण की अत्यंत उन्नत क्षमता प्रदान करती है, जिससे यह शुष्क क्षेत्रों में भी टिकाऊ बनी रहती है। इसी असाधारण अनुकूलन क्षमता के कारण यह पौधा वैज्ञानिकों के लिए एक महत्वपूर्ण और गहन अध्ययन का विषय बन चुका है।

वैज्ञानिक अनुसंधानों की बढ़ती गति ने भारत की जैव-विविधता को नए आयामों में उजागर करना प्रारंभ कर दिया है। राष्ट्रीय जैव-विविधता रिपोर्ट के अनुसार पिछले एक दशक में सैकड़ों नई पौध प्रजातियाँ दर्ज की गई हैं, जो यह स्पष्ट करती हैं कि भारत केवल सांस्कृतिक रूप से ही नहीं, बल्कि जैविक दृष्टि से भी अत्यंत समृद्ध देश है। राष्ट्रीय जैव-विविधता रिपोर्ट और बॉटेनिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया के अनुसार, पिछले एक दशक में भारत में हजारों नई पौध प्रजातियों का दस्तावेजीकरण किया गया है। केवल वर्ष 2024 में ही 410 से अधिक नई प्रजातियाँ दर्ज की गईं। इनमें अनेक प्रजातियाँ औषधीय गुणों से युक्त हैं, जो भविष्य में चिकित्सा विज्ञान के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकती हैं। ये निरंतर हो रही खोजें प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और उनके संतुलित उपयोग की आवश्यकता को और अधिक अनिवार्य बना देती हैं।

इन दुर्लभ पौधों का अध्ययन अब केवल जैव-विज्ञान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह पूरे पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को समझने का आधार बन गया है। यूफोरबिया अनन्थापुरामेन्सिस जैसी प्रजातियाँ दर्शाती हैं कि छोटे-से-छोटे आवासों में भी जीवन के सूक्ष्म और जटिल चक्र सक्रिय रहते हैं। यदि इन संवेदनशील क्षेत्रों में मानवीय हस्तक्षेप बढ़ता रहा, तो अब तक अनदेखी जैव-विविधता गंभीर रूप से प्रभावित या विलुप्त हो सकती है। इसलिए वैज्ञानिक ऐसे क्षेत्रों की सतत निगरानी और संरक्षण पर विशेष जोर दे रहे हैं। यह प्रजाति अत्यंत दुर्लभ है; लगभग 2.5 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में केवल करीब 80 पौधे ही पाए गए हैं। ग्रेनाइट खनन और जंगल की आग इसके अस्तित्व के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं।

**विस्तृत जैव**-भौगोलिक परिदृश्य में फैले पश्चिमी घाट, पूर्वोत्तर भारत और दक्कन पठार आज नई प्रजातियों की खोज के प्रमुख केंद्र बन चुके हैं। हर वर्ष यहाँ होने वाली नई पहचानें यह स्पष्ट करती हैं कि वनस्पति और जीव-जगत का एक बड़ा हिस्सा अभी भी विज्ञान की वर्तमान समझ से बाहर है। यूफोरबिया अनन्थापुरामेन्सिस की खोज भी इसी निरंतर श्रृंखला का हिस्सा है, जो यह दर्शाती है कि सूक्ष्म स्तर पर भी प्रकृति अत्यंत जटिल और विविध संरचनाओं से बनी हुई है। ऐसी खोजें न केवल वैज्ञानिक अध्ययन को दिशा देती हैं, बल्कि नीति निर्माण के लिए भी महत्वपूर्ण संकेत प्रदान करती हैं।

इन वैज्ञानिक खोजों की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि ये स्थानीय समुदायों के पारंपरिक ज्ञान और अनुभव से गहराई से जुड़ी होती हैं। आदिवासी और ग्रामीण समाज अक्सर ऐसे पौधों की पहचान पहले ही कर लेते हैं, जिनका औपचारिक वैज्ञानिक वर्गीकरण बाद में किया जाता है। यह सहभागिता जैव-विविधता अनुसंधान को अधिक सशक्त और विश्वसनीय बनाती है। यूफोरबिया अनन्थापुरामेन्सिस जैसे पौधों के अध्ययन में भी स्थानीय ज्ञान की अहम भूमिका रही है, जो यह स्पष्ट करता है कि विज्ञान और परंपरा का संगम प्रकृति को समझने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकता है।

पर्यावरणीय दृष्टिकोण से देखें तो ये खोजें केवल उपलब्धि नहीं, बल्कि एक गंभीर चेतावनी भी हैं। जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई और तेज़ी से बढ़ता शहरीकरण कई प्रजातियों को उनके दर्ज होने से पहले ही विलुप्ति की ओर धकेल रहे हैं। राष्ट्रीय जैव-विविधता रिपोर्ट स्पष्ट करती है कि यदि संरक्षण उपायों को सख्ती से लागू नहीं किया गया, तो आने वाले वर्षों में जैव-विविधता पर गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता है। इसी संदर्भ में यूफोरबिया अनन्थापुरामेन्सिस जैसी खोजें केवल वैज्ञानिक उपलब्धि नहीं, बल्कि प्रकृति के संरक्षण की तत्काल आवश्यकता का स्पष्ट संकेत भी हैं।

भारत की जैव-विविधता एक ऐसी जीवित पुस्तक है, जिसके नए अध्याय हर वर्ष खुलते जा रहे हैं। यूफोरबिया अनन्थापुरामेन्सिस जैसी प्रजातियाँ यह प्रमाण देती हैं कि प्रकृति अभी भी अपने रहस्यों को हमारे सामने धीरे-धीरे उजागर कर रही है। आवश्यकता है कि इस ज्ञान को केवल संग्रहित न किया जाए, बल्कि संरक्षण और सतत विकास में प्रभावी रूप से अपनाया जाए। यदि इन अनमोल प्राकृतिक खजानों की रक्षा समय रहते नहीं की गई, तो आने वाली पीढ़ियाँ इन्हें केवल पुस्तकों और संग्रहालयों तक सीमित पाएंगी। हमारी जैव-विविधता जितनी समृद्ध है, उतनी ही नाजुक भी है, इसलिए इसका संरक्षण हम सबकी साझा जिम्मेदारी है।

**प्रो. आरके जैन ‘अरिजीत‘**

## राष्ट्रहित और जनहित के कार्य करने वालों को ही जनादेश




देश में हाल ही में पाँच राज्यों में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों के परिणामों की यदि ईमानदारी से व्याख्या की जाए, तो यह स्पष्ट दिखाई देता है कि जनता ने उन्हीं दलों और नेताओं को जनादेश दिया है जिनकी छवि साफ, स्वच्छ और ईमानदार रही है। भारतीय जनता पार्टी को बिहार के बाद पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में जो व्यापक जनसमर्थन मिला, उसके पीछे केंद्र की भाजपा की नरेंद्र मोदी सरकार की राष्ट्रहित और जनहित में कार्य करने वाली नीतियों की बड़ी भूमिका रही है। इन नीतियों के कारण देश न केवल आंतरिक रूप से, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अधिक मजबूत और सशक्त हुआ है। विधानसभा चुनावों के परिणाम देश के राजनीतिक दलों और नेताओं के लिए यह स्पष्ट संदेश है कि इक्कीसवीं सदी के आधुनिक और जागरूक भारत में जात-पात और धर्म के नाम पर राजनीति कर सत्ता प्राप्त करना अब आसान नहीं रहा।

आज का मतदाता पंच से लेकर प्रधानमंत्री तक के चुनाव में विकास, सुरक्षा और सुशासन की गारंटी चाहता है। वह उसी व्यक्ति और दल को अपना समर्थन देता है, जो उसकी अपेक्षाओं पर खरा उतरता है। भारत में डेढ़-दो दशक पहले तक कई राज्यों में जातिवाद और धर्म आधारित राजनीति के सहारे सरकारें बनती रही हैं। इसका परिणाम यह हुआ कि प्राकृतिक संसाधनों और व्यापारिक संभावनाओं से सम्पन्न कई राज्य भी भय, भूख और भ्रष्टाचार के प्रतीक बनकर रह गए। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद देश की राजनीति में बड़ा परिवर्तन देखने को मिला है। जाति और धर्म की राजनीति करने वाले दलों का जनाधार लगातार कमजोर पड़ता दिखाई दे रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों और उनकी व्यक्तिगत ईमानदार छवि के कारण भारत आज विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश आंतरिक और बाहरी दोनों स्तरों पर अधिक सुरक्षित, सक्षम और आत्मनिर्भर बनता जा रहा है।

आज यदि देश के दो दर्जन के आसपास राज्यों में भाजपा अथवा उसके सहयोगी दलों की सरकारें है, तो इसके पीछे केंद्र सरकार की विश्वसनीय और जनहितकारी छवि का महत्वपूर्ण योगदान है। इस नेतृत्व ने देशवासियों के मन में व्याप्त भय, भूख और भ्रष्टाचार के वातावरण को कम करने का प्रयास किया है तथा विकसित और सुरक्षित भारत का विश्वास जगाया है। लगातार आ रहे विधानसभा चुनावों के परिणाम विपक्षी दलों के लिए भी एक स्पष्ट संदेश हैं। यदि उन्हें राजनीति में प्रासंगिक बने रहना है, तो जात-पात और धर्म की संकीर्ण राजनीति से ऊपर उठकर विकास, रोजगार, सुरक्षा और जनकल्याण जैसे मुद्दों पर जनता का विश्वास जीतना होगा। दरअसल, आज देश का मतदाता स्वार्थ और तुष्टिकरण की राजनीति से अधिक राष्ट्रहित, विकास और सुशासन को महत्व देने लगा है। यही कारण है कि केवल सत्ता प्राप्ति के उद्देश्य से की जाने वाली राजनीति को जनता लगातार नकारती जा रही है।

**अरविंद रावल**

## दैनिक राशिफल




**मेष-** कल का दिन खुशियों भरा रहेगा। रुके हुए काम पूरे होंगे। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को शुभ समाचार मिल सकता है। परिवार में मांगलिक कार्य के योग हैं।

**शुभ रंगः** लाल 7 **शुभ** अंकः 9

**वृषभ-** कामकाज में थोड़ी चुनौती आ सकती है। व्यापार में सावधानी रखें और साझेदारी में सोच-समझकर निर्णय लें। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**शुभ रंगः** सफेद 7 **शुभ** अंकः 2

**मिथुन-** मानसिक तनाव और उलझन महसूस हो सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परिवार के किसी सदस्य की सेहत चिंता बढ़ा सकती है।

**शुभ रंगः** हरा 7 **शुभ** अंकः 5

**कर्क-** दिन बेहद शुभ रहेगा। कोई बड़ी इच्छा पूरी हो सकती है। नया कार्य शुरू करने के लिए समय अनुकूल है। प्रियजनों का सहयोग मिलेगा।

**शुभ रंगः** दूधिया सफेद 7 **शुभ** अंकः 7

**सिंह-**नई नौकरी या करियर में बड़ा अवसर मिल सकता है। मित्रों से आर्थिक लाभ होगा। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा।

शुभ रंगः सुनहरा 7 शुभ अंकः 1

**कन्या-** दिन उतार-चढ़ाव वाला रहेगा। कोर्ट-कचहरी या बड़े निवेश से बचें। स्वास्थ्य में थोड़ी परेशानी हो सकती है।

**शुभ रंगः** गहरा हरा 7 **शुभ** अंकः 6

**तुला-** यात्रा और निवेश के लिए दिन अच्छा है। नया व्यवसाय शुरू करने के योग हैं। वैवाहिक जीवन में मधुरता बढ़ेगी। **शुभ रंगः** हल्का नीला 7 **शुभ** अंकः 8

**वृश्चिक-** बड़े कार्यों की शुरुआत के लिए अच्छा समय है। दोस्तों और परिवार का सहयोग मिलेगा। पार्टनर के साथ अच्छा समय बिताएंगे। **शुभ रंगः** मैरून 7 **शुभ** अंकः 3

**धनु-** दिन बेहद सुंदर रहेगा। रुके हुए कार्य पूरे होंगे। परिवार के साथ धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। **शुभ रंगः** पीला 7 **शुभ** अंकः 4

**मकर-** भागदौड़ अधिक रहेगी लेकिन मेहनत का फल मिलेगा। सहकर्मियों का सहयोग रहेगा। विवादों से दूर रहें।

**शुभ रंगः** काला 7 **शुभ** अंकः 10

**कुंभ-** नई ऊर्जा और आत्मविश्वास महसूस करेंगे। छिपी प्रतिभाएं सामने आएंगी। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निर्णय लें।

**शुभ रंगः** आसमानी 7 **शुभ** अंकः 11

**मीन-** निर्णय लेने की क्षमता मजबूत होगी। करियर में आगे बढ़ने के मौके मिलेंगे। परिवार का सहयोग मिलेगा। **शुभ रंगः** गुलाबी 7 **शुभ** अंकः 12

# राष्ट्रवाद का सबसे जटिल विरोधाभासी संक्रमण काल

**सवैधानिक मूल्यों का स्खलन।**

वर्तमान समय में राष्ट्रवाद अपने सबसे जटिल, विरोधाभासी और बहुअर्थी दौर से गुजर रहा है, यह वह राष्ट्रवाद नहीं रह गया है जो स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान त्याग, नैतिक साहस, संवैधानिक मूल्यों और सामाजिक समरसता का प्रतीक था, बल्कि यह एक ऐसा राष्ट्रवाद बनता जा रहा है जिसे बार-बार सत्ता की भाषा में परिभाषित किया जा रहा है, आज राष्ट्र सरकार का पर्याय बनने की ओर अग्रसर है और सरकार की आलोचना को राष्ट्रविरोध के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, यही वह बिंदु है जहाँ राष्ट्रवाद अपनी आत्मा खोने लगता है और लोकतंत्र अपने आधार, आज जब चुनावी सभाओं, टीवी स्टूडियो और सोशल मीडिया मंचों पर राष्ट्रवाद को धर्म, जाति, सैन्य शक्ति और भावनात्मक उन्माद के साथ जोड़कर प्रस्तुत किया जाता है, तब यह प्रश्न अनिवार्य हो जाता है कि क्या राष्ट्र प्रेम का अर्थ केवल सत्ता के समर्थन तक सीमित रह गया है, हाल के वर्षों में यह स्पष्ट रूप से देखा गया है कि आतंकी घटनाओं, सीमा विवादों, सैन्य अभियानों और ऐतिहासिक स्मृतियों का चयनित उपयोग कर भावनात्मक ध्रुवीकरण को तेज किया गया है, असहमति को राष्ट्रद्रोह, प्रश्न को साजिश और आलोचना को देश के खिलाफ खड़े होने का प्रमाण बताया गया है, यह प्रवृत्ति केवल भारत तक सीमित नहीं है बल्कि वैश्विक स्तर पर लोकतंत्रों के भीतर उभरते अति राष्ट्रवाद का साझा संकट है, अमेरिका में लोकतांत्रिक संस्थाओं पर अविश्वास, रूस में सत्ता केंद्रित राष्ट्रवाद, चीन में सर्वव्यापी राज्य और एशिया व अफ्रीका में सैन्य प्रभुत्व की राजनीति यह संकेत देती है कि राष्ट्रवाद अब नागरिकों को सशक्त करने के बजाय उन्हें नियंत्रित करने का माध्यम बनता जा रहा है, भारत जैसे विविधता से भरे समाज में यह परिवर्तन और भी खतरनाक है क्योंकि यहाँ राष्ट्र का अर्थ बहुलता, सहअस्तित्व और संवैधानिक संतुलन से जुड़ा रहा है, किंतु वर्तमान राजनीतिक विमर्श में बहुलता को कमजोरी और असहमति को बाधा के रूप में चित्रित किया जा रहा है, सत्ता की निरंतरता के लिए जातिगत समीकरणों का सूक्ष्म लेकिन आक्रामक उपयोग, धार्मिक पहचान का राजनीतिकरण और लोकलुभावन योजनाओं की होड़ लोकतंत्र को तात्कालिक लाभ की राजनीति में कैद कर रही है। मुफ्त उपहार, नकद हस्तांतरण और प्रतीकात्मक घोषणाएँ जनता को क्षणिक संतोष तो देती हैं लेकिन दीर्घकालिक आर्थिक अनुशासन, शिक्षा, स्वास्थ्य और संस्थागत सुधार जैसे मूल प्रश्नों को हाशिए पर धकेल देती हैं, लोकतंत्र में सत्ता परिवर्तन को कमजोरी नहीं बल्कि शक्ति माना जाता है, किंतु आज सत्ता को स्थायित्व और राष्ट्रहित को सत्ता की निरंतरता से जोड़कर प्रस्तुत किया जा रहा है। इससे अधिनायकवादी प्रवृत्तियों को वैधता मिलने लगती है, हाल के वर्षों में दलबदल की बढ़ती घटनाएँ, विचारधारा से अधिक सत्ता की प्राथमिकता और राजनीतिक दलों के भीतर आंतरिक लोकतंत्र का क्षरण यह दर्शाता है कि राजनीति सिद्धांत से नहीं बल्कि अवसर से संचालित हो रही है, जातिवादी मतदान और पहचान आधारित ध्रुवीकरण के कारण खाप पंचायतों जैसी समानांतर सत्ता संरचनाएँ पुनः सामाजिक स्वीकृति पाने लगी हैं, जो संवैधानिक लोकतंत्र के लिए एक गंभीर चेतावनी है। धार्मिक स्वतंत्रता और समानता के संवैधानिक आदर्शों के बावजूद धार्मिक आस्थाओं के नाम पर नीतिगत हस्तक्षेप और व्यक्तिगत जीवनशैली पर नियंत्रण यह प्रश्न उठाता है कि राष्ट्रवाद कहीं नागरिक स्वतंत्रताओं का शत्रु तो नहीं बनता जा रहा, पशु व्यापार, भोजन की पसंद और सांस्कृतिक व्यवहार जैसे विषय जब राज्य के नियंत्रण का विषय बनते हैं तब लोकतंत्र का स्वरूप धीरे-धीरे नैतिक निगरानी में बदलने लगता है। अति राष्ट्रवाद का सबसे खतरनाक पक्ष यह है कि वह भय पैदा करता है, भय बाहरी शत्रु का, भय आंतरिक दुश्मन का और भय असहमति का, और भय जब राजनीति का आधार बनता है तब लोकतंत्र केवल चुनावी औपचारिकता बनकर रह जाता है, इतिहास साक्षी है कि बीसवीं सदी में जर्मनी, इटली और स्पेन में इसी भय आधारित राष्ट्रवाद ने फासीवाद को जन्म दिया, एशिया में पाकिस्तान, म्यांमार और उत्तर कोरिया में सुरक्षा और राष्ट्ररक्षा के नाम पर सैन्य प्रभुत्व लोकतांत्रिक अधिकारों को सीमित करता रहा है।भारत में भी यदि राष्ट्रवाद को केवल सैन्य शक्ति, बहुमत की भावना और नेता-केंद्रित आस्था से जोड़ा गया तो यह संविधान द्वारा प्रदत्त संतुलन को कमजोर करेगा, लोकतंत्र केवल बहुमत का शासन नहीं बल्कि अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा, संस्थाओं की स्वायत्तता और कानून के समक्ष समानता का नाम है, किंतु वर्तमान विमर्श में बहुमत को अंतिम सत्य और संख्या को नैतिक वैधता के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, मीडिया के एक बड़े हिस्से द्वारा सत्ता समर्थक राष्ट्रवादी नैरेटिव का प्रसार, सोशल मीडिया पर ट्रोल संस्कृति और चयनित सूचना का उग्र प्रसार लोकतांत्रिक संवाद को संकीर्ण और आक्रामक बना रहा है। ऐसे समय में



सिविल सोसाइटी, लेखक, पत्रकार, शिक्षाविद और न्यायिक संस्थाओं की भूमिका निर्णायक हो जाती है, यदि यह वर्ग चुप रहता है तो लोकतंत्र धीरे-धीरे आत्मसमर्पण कर देगा, राष्ट्रवाद का पुनर्पाठ आवश्यक है जहाँ राष्ट्र सरकार से बड़ा हो, संविधान सत्ता से ऊपर हो और नागरिक की गरिमा सर्वोपरि मानी जाए, राष्ट्र प्रेम का अर्थ प्रश्न करना, जवाबदेही माँगना और संस्थाओं को मजबूत करना भी होना चाहिए, न कि केवल नारे लगाना और भीड़ का हिस्सा बन जाना। तात्कालिक लोकप्रियता, भावनात्मक ध्रुवीकरण और सत्ता लोलुपता के स्थान पर दीर्घकालिक नीतिगत दूरदर्शिता, सामाजिक संतुलन और संवैधानिक नैतिकता को केंद्र में लाना ही लोकतंत्र को बचा सकता है, अन्यथा राष्ट्रवाद का यह बदला हुआ रूप राष्ट्र को जोड़ने के बजाय उसे भीतर से खोखला करता चला जाएगा और इतिहास एक बार फिर हमें चेतावनी देगा कि लोकतंत्र का पतन अचानक नहीं बल्कि तालियों, नारों और मौन के बीच धीरे-धीरे होता है।

**संजीव ठाकुर**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने नवनिर्मित कृषि भवन का किया लोकार्पण

**पारदर्शी योजनाओं और आधुनिक खेती को बढ़ावा देने पर दिया जोर**



**देवरिया।** प्रदेश के कृषि मंत्री ने शनिवार को जीर्णोद्धार के बाद कृषि भवन का फीता काटकर एवं शिलालेख का अनावरण कर लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने भवन के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण कर विभागीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कृषि मंत्री ने कहा कि पुराना कृषि भवन काफी जर्जर हो चुका था, जिससे विभागीय कार्यों के संचालन में कठिनाइयां आ रही थीं। जीर्णोद्धार के बाद अब भवन पूरी तरह व्यवस्थित एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त हो गया है, जिससे किसानों से जुड़ी योजनाओं के संचालन में तेजी आएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कृषि विभाग की योजनाएं पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ किसानों तक पहुंचाई जाएं। साथ ही आधुनिक एवं नवाचारी कृषि तकनीकों को गांव-गांव तक पहुंचाकर किसानों को अधिक से अधिक लाभान्वित किया जाए। कृषि मंत्री ने जनपद में निर्माणाधीन कृषि परियोजनाओं को जल्द पूरा कराने पर जोर देते हुए बैतालपुर स्थित कृषि प्रशिक्षण केंद्र में विभिन्न विभागों के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कृषि मंत्री का बुके भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान कृषि मंत्री, जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी राजेश सिंह ने कृषि परिसर में वृक्षारोपण भी किया। लोकार्पण समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, श्रीनिवास मणि, उपनिदेशक कृषि सुभाष मौर्य, भूमि संरक्षण अधिकारी संतोष कुमार मौर्य, जिला कृषि अधिकारी उदय शंकर सिंह सहित कृषि विभाग के अधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शिकायत निस्तारण में देवीपाटन मंडल प्रदेश में अव्वल, अप्रैल माह में हासिल किया प्रथम स्थान

**आयुक्त अधिकारियों को दिए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश**




**ब्यूरो गोण्डा।** देवीपाटन मंडल ने जनशिकायतों के प्रभावी एवं समयबद्ध निस्तारण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए अप्रैल माह में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर आयुक्त देवीपाटन मंडल दुर्गा शक्ति नागपाल ने मंडल के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए इसे टीमवर्क, सतत मॉनिटरिंग और जनहित के प्रति प्रशासनिक प्रतिबद्धता का परिणाम बताया।आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि शासन की प्राथमिकता के अनुरूप आमजन की शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया गया, जिसके कारण मंडल को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि वास्तविक समाधान को प्राथमिकता दी जाए, ताकि शिकायतकर्ता पूरी तरह संतुष्ट हो सके। उन्होंने मंडल के सभी जनपदों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आईजीआरएस एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों का निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाए। साथ ही प्रत्येक प्रकरण की नियमित समीक्षा करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी शिकायत का निस्तारण बिना स्थलीय सत्यापन अथवा तथ्यात्मक जांच के न किया जाए।

अपर आयुक्त मीनू राणा ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही अथवा केवल कागजी कार्रवाई स्वीकार नहीं की जाएगी। अधिकारियों को शिकायतकर्ता से संवाद स्थापित कर समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सभी विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें ताकि देवीपाटन मंडल आगामी महीनों में भी प्रदेश में प्रथम स्थान बनाए रख सके। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि जनसुनवाई एवं शिकायत निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शासन की मंशा के अनुरूप कार्य किया जाए, जिससे आमजन का प्रशासन पर विश्वास और अधिक मजबूत हो सके।

# लाखों की लागत से बनी सड़क महीने भर में उखड़ी, बारिश ने खोली निर्माण की पोल, विभाग पर मिलीभगत के आरोप

**● ककरहीं परतें उखड़ीं तो कहीं धंसी सड़क, ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग तेज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार, गोरखपुरः** गोला थाना क्षेत्र के भवनियापुर से घोटालोटन होते हुए बर्राह तक लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा कराए गए सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। लाखों रुपये की लागत से तैयार यह सड़क एक माह भी नहीं टिक सकी और पहली तेज बारिश में ही जगह-जगह से उखड़ने व धंसने लगी। सड़क की बदहाल स्थिति को देखकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

गौरतलब यह है कि निर्माण कार्य शुरू होने के शुरुआती दिनों में ही सड़क धंसने और मानकों की अनदेखी की शिकायतें सामने आने लगी थीं। उस समय भी क्षेत्रीय लोगों ने निर्माण गुणवत्ता पर सवाल उठाए थे बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। अब लगातार दो-तीन दिनों की बारिश ने सड़क निर्माण की पूरी हकीकत उजागर कर दी है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार सड़क के किनारों से करीब एक-एक फीट तक परतें उखड़ रही हैं, जबकि कई स्थानों पर सड़क धंसकर दोबारा गड्ढों में तब्दील होने लगी है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते गुणवत्ता की जांच नहीं कराई गई तो यह सड़क आने वाले दिनों में पूरी तरह टूट सकती है, जिससे हादसों का खतरा भी बढ़ जाएगा।

#### गुणवत्ता पर सवाल, ठेकेदार पर लीपापोती के आरोप

ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में मानकों की खुलेआम अनदेखी की गई। नियमानुसार गड्ढों को मजबूत तरीके से भरने और बेस तैयार करने के बजाय जल्दबाजी में सड़क की परत बिछा दी गई। अब जब सड़क उखड़ने लगी है तो ठेकेदार द्वारा दोबारा मटेरियल डालकर लीपापोती की जा रही है, ताकि खामियों को छिपाया जा सके।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह केवल निर्माण में लापरवाही का मामला नहीं, बल्कि सरकारी धन के दुरुपयोग और विभागीय



मिलीभगत की ओर भी इशारा करता है। लोगों ने आरोप लगाया कि यदि समय पर गुणवत्ता की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाती, तो आज सड़क की यह हालत नहीं होती। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच कराकर संबंधित ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण में बरती गई लापरवाही सीधे तौर पर जनता की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के जेई कमलेश गुप्ता ने कहा कि सड़क की जांच कराई जाएगी और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रक के ठोकर से बाइक सवार युवक घायल



**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के नौतनवां-ठूठीबारी मुख्य मार्ग पर शनिवार शाम एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सगरहवा निवासी अनिल कुमार पुत्र महावीर परसामलिक चौराहे से सामान खरीदकर घर लौट रहा था। चौराहे से लगभग 200 मीटर पूरब में पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस भिड़ंत में अनिल सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से चोटिल हो गया और उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को असुरैना चौराहे पर स्थित एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया। इस मामले में थानाध्यक्ष अभय नारायण सिंह ने बताया कि मामले में अभी तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलते ही वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# गोला थाना क्षेत्र के 3 अपराधी 'दुराचारी' घोषित, खोली गई 'बी' हिस्ट्रीशीट

**● आपराधिक इतिहास के आधार पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, निगरानी और सख्ती बढ़ेगी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला बाजार गोरखपुर।** जनपद में अपराध नियंत्रण को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने सख्त कदम उठाते हुए थाना गोला क्षेत्र के तीन शातिर अपराधियों को 'दुराचारी' घोषित कर दिया है। इनके आपराधिक इतिहास को देखते हुए इनकी 'बी' हिस्ट्रीशीट खोली गई है, जिससे अब इन पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में की गई है। जिन अपराधियों को दुराचारी घोषित किया गया है, उनमें पवन साहनी उर्फ पवन निषाद, अभिषेक यादव उर्फ पुष्कर तथा अतीश डोम शामिल हैं। पवन साहनी उर्फ पवन निषाद पुत्री रूचि निषाद, निवासी ग्राम चिलवा थाना गोला के खिलाफ हत्या के प्रयास, लूट, मारपीट, धमकी और गैंगस्टर एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में कुल 7 मुकदमे दर्ज हैं। इनमें थाना गोला के साथ ही उरुवा बाजार और एम्स थाना क्षेत्र के मामले भी शामिल हैं। अभिषेक यादव उर्फ पुष्कर पुत्र राम आशीष यादव, निवासी शंकर साहब का पोखरा वार्ड नं. 18 थाना गोला पर चोरी, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट सहित कुल 5 मुकदमे दर्ज हैं।

वहीं अतीश डोम पुत्र बाकल डोम उर्फ पितरदेव, निवासी छोटी बेवरी थाना गोला के खिलाफ विभिन्न जनपदों–गोरखपुर, देवरिया और कुशीनगर–में गंभीर धाराओं में 8 मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें आपराधिक षड्यंत्र, चोरी व अन्य संगीन अपराध शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इन अपराधियों के खिलाफ 'बी' हिस्ट्रीशीट खोले जाने के बाद अब उनकी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी और किसी भी आपराधिक गतिविधि में संलिप्त पाए जाने पर तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप मच गया है, वहीं आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है।

## गोरखपुर: डीजे की धुन पर शुरू हुआ विवाद बना मौत की वजह, हत्या के आरोपी को सिकरीगंज पुलिस ने दबोचा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर** के सिकरीगंज थाना क्षेत्र में शादी समारोह के दौरान डीजे बजाने को लेकर हुआ मामूली विवाद एक परिवार के लिए जानलेवा साबित हुआ। कई महीनों से फरार चल रहे हत्या के आरोपी को आखिरकार सिकरीगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद इलाके में इस चर्चित मामले को लेकर फिर हलचल तेज हो गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर डॉ कौस्तुभ के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी खजनी के पर्यवेक्षण में सिकरीगंज पुलिस ने यह बड़ी कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक अंजुल कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त शिव चौहान को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस के अनुसार, 10 फरवरी 2026 को थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान डीजे बजाने को लेकर विवाद शुरू हुआ था। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई। इस दौरान एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था।

घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव का माहौल बन गया था। मृतक पक्ष



की तहरीर पर सिकरीगंज थाने में मुकदमा संख्या 35/2026 दर्ज किया गया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए लगातार आरोपी की तलाश शुरू की। कई दिनों तक संभावित ठिकानों पर दबिश देने के बाद पुलिस को सफलता मिली और आरोपी शिव चौहान को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शिव चौहान पुत्र विरेन्द्र चौहान निवासी हरिजनपुर थाना सिकरीगंज जनपद गोरखपुर के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 190, 191(2), 103(1), 131 और 115(2) के तहत कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अंजुल कुमार चतुर्वेदी, कांस्टेबल उपेन्द्र सिंह यादव, रिक्रूट कांस्टेबल गौरव वाजपेयी और रिक्रूट कांस्टेबल रणविजय सिंह शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है।

## लघु उद्योग भारती ने मनाया 33वां स्थापना दिवस

**हस्तशिल्पी सदस्यों की संख्या बढ़ाकर 100 पहुंची**




**देवरिया।** लघु उद्योग भारती का 33वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन देवरिया स्थित प्रकाश फ्लोर मिल परिसर में जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव एवं ग्राम शिल्पी प्रदेश प्रभारी विशेष रूप से वाराणसी से पहुंचकर शामिल हुए। उन्होंने ग्रामीण हस्तशिल्पी सदस्यों के पंजीकरण, योजनाओं एवं उनसे मिलने वाले लाभों की जानकारी साझा की। साथ ही संगठन के विस्तार और ग्रामीण उद्यमियों को जोड़ने पर भी चर्चा की गई। बैठक के दौरान संगठन मंत्री मुन्ना सिंह ने 50 नए हस्तशिल्पी सदस्यों के आवेदन पत्र प्रदेश प्रभारी राजेश सिंह को सौंपे। इसके साथ ही देवरिया इकाई में ग्रामीण हस्तशिल्पी सदस्यों की संख्या बढ़कर 100 हो गई। कार्यक्रम में जिला महामंत्री राजकुमार मद्धेशिया, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र मद्धेशिया, संरक्षक प्रताप नारायण जायसवाल, अरुण बरनवाल, शशि प्रभा सिंह, शिव मोहन मौर्य, संगठन मंत्री मुन्ना सिंह, उर्मिला सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# समाधान दिवस बना खानापूर्ति, फरियादी परेशानः खजनी में जमीन विवाद बड़ा मुद्दा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ख़जनीः** गोरखपुर जनपद के खजनी क्षेत्र में थाना समाधान दिवस और तहसील दिवस को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। प्रदेश सरकार लगातार फरमान जारी कर रही है कि किसी की भूमि पर जबरन कब्जा नहीं होने दिया जाएगा और हर फरियादी को न्याय मिलेगा, लेकिन मुख्यमंत्री के गृह जनपद में ही फरियादियों को राहत नहीं मिल पा रही है। आरोप है कि समाधान दिवस में पहुंचने वाले पीड़ितों की समस्याएं सुनने के बजाय उन्हें न्यायालय जाने की सलाह देकर टाल दिया जाता है। ख़जनी क्षेत्र में ऐसे कई मामले सामने आए हैं जहां खारिज दाखिल और बंटवारे के वाद लंबित होने के बावजूद खुलेआम जमीन पर कब्जा कर निर्माण करा रहे हैं। लोगों का आरोप है कि सड़क किनारे की जमीनों पर मनमानी चौड़ाई बढ़ाकर कब्जा किया जा रहा है और निर्माण स्थलों पर दर्जनों की संख्या में मौजूद रहते हैं। प्रशासन द्वारा न तो पैमाइश कराई जा रही है और न ही निर्माण रोका जा रहा है। बन्दुआरी निवासी नागेंद्र त्रिपाठी ने



बताया कि वह गुजरात में नौकरी करते हैं। उनकी जमीन विवाद की शिकायत लेकर उनका भांजा खजनी थाना समाधान दिवस पहुंचा, लेकिन अधिकारियों ने कोई सुनवाई नहीं की। आरोप है कि दबंग लगातार जमीन पर कब्जा बढ़ाते जा रहे हैं और प्रशासन मौन बना हुआ है। वहीं श्रीकांत यादव ने आरोप लगाया कि वह अपने दामाद की फरियाद लेकर थाने पहुंचे थे, लेकिन पुराने मामले का हवाला देकर उन्हें थाने में बैठा लिया गया।

समाधान दिवस में पहुंचे कई फरियादी असंतुष्ट दिखाई दिए। लोगों का कहना है कि अब उन्हें समाधान दिवस से भरोसा उठता जा रहा है, क्योंकि मौके पर न्याय मिलने के बजाय केवल औपचारिकता निभाई जाती है। क्षेत्र में जमीन कब्जे की घटनाओं से आम जनता भयभीत और परेशान है, जबकि कब्जाधारी बेखौफ होकर निर्माण कार्य करा रहे हैं। समाधान दिवस पर पहुँचे फरियादी को थाने में बंद करने के मामले को लेकर एसडीएम ख़जनी राजेश प्रताप सिंह ने कहा फरियादी आया है कोई गलती उड़की है बन्द किय्या जा सकता है, अगर उसके पुराने रिकार्ड आराध्य से सम्बंधित होने के दशा में, इसी कड़ी में एसपी साउथ ने बताया समाधान दिवस ओर नही था जो कुछ बयान दे सकू राजस्व का मामला है। राजस्व के निर्देश होगा तो बन्द किय्या जा सकता है।

# मंदिर की बाउंड्री तोड़ने पर बवाल, एक माह पुराने विवाद से जुड़े तार

**● आरोप है कि शुक्रवार रात कुछ लोगों ने बनी बाउंड्री के कुछ हिस्से को गिरा दिया, जिसके बाद कहासुनी शुरू हो गई**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नौतनवा/महराजगंज।** खोरिया बाजार स्थित शिव मंदिर की बाउंड्री तोड़ने को लेकर शनिवार को दो पक्षों में तनातनी हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली। यह मंदिर एक महीने पहले मांस फेंकने की घटना के बाद से ही तनाव का केंद्र बना हुआ है। स्थानीय लोगों के मुताबिक मंदिर की बाउंड्री का काम पिछले दो दिन से चल रहा था। शुक्रवार देर शाम बाउंड्री पूरी हो गई थी। आरोप है कि शुक्रवार रात कुछ लोगों ने बनी बाउंड्री के कुछ हिस्से को गिरा दिया।

शनिवार सुबह जानकारी होते ही हिंदू पक्ष के लोग मौके पर जुट गए। इसे लेकर मुस्लिम महिलाओं और हिंदुओं में कहासुनी शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर मुस्लिम पक्ष से कुछ युवकों को बुला लिया गया। इसके बाद आक्रोशित हिंदुओं ने युवकों के घर को घेर लिया और तीन लोगों को पकड़ लिया। सूचना मिलते ही मंदिर पर भीड़ जमा हो गई। तनाव की सूचना पर क्षेत्राधिकारी नौतनवा वसंत सिंह और थाना अध्यक्ष पुरुषोत्तम राय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया। हिरासत में लिए गए तीनों लोगों को थाने लाया गया है।

यह वही शिव मंदिर है जहां करीब एक माह पूर्व रात के समय मांस फेंकने की घटना सामने आई थी। मंदिर स्थानीय हिंदुओं की आस्था का केंद्र है। उस घटना के बाद इलाके में आक्रोश फैल गया था। नौतनवा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कुछ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। आज की घटना को उसी विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है। हिंदू युवा वाहिनी पूर्व जिला अध्यक्ष नरसिंह पांडे ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा शरारती तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए आस्था के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा। जब कि थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम राय ने बताया कि फिलहाल किसी पक्ष से तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई होगी। मौके पर शांति है और पुलिस बल तैनात है। प्रशासन ने अफवाहों से बचने की अपील की है।

# मेधावियों का हुआ प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम, विद्यालय ने जिले में एक बार किया नाम रोशन






**● चोखराज तुलस्यान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के मेधावियों का प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिसवा बाजार/महाराजगंज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड इंटरमीडिएट एवं हाईस्कूल की घोषित परीक्षा परिणाम में सिसवा बाजार का चोखराज तुलस्यान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ने जिले में नाम एक बार फिर रोशन किया है। जिसके बाद मेधावियों का प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम विद्यालय प्रांगण में आयोजित किया गया। जिसमे इंटरमीडिएट एवं हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा स्मृति चिन्ह, प्रमाणपत्र एवं नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। जिसमे इंटरमीडिएट के आदित्य रौनियार (88%), शिवांग पाण्डेय (87.6%), अंकित गुप्ता (86.4%),श्रेया गुप्ता (86.4%) रिशु मणि (86%),अनुष्का शर्मा (85.2%), ज्योति सिंह(85%) तथा हाइस्कूल के आदित्य गिरि (93.17%), अंकित कुमार (93%), अनुराग खरवार (92.3%), अंशिका त्रिपाठी (90.5%), आंजनेय यादव (89.67%), अजय कुशवाहा (88.5%),अमन तिवारी (88.17%), अनन्या (88.17%), अभिषेक मिश्रा (87.83%), अभिषेक (87.6%) आदि छात्र /छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष वेदप्रकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण तुलस्यान, उपाध्यक्ष हरि राम बालोटिया, उपप्रबंधक प्रदीप कुमार तुलस्यान एवं प्रधानाचार्य निरंकार सिंह व किड्स वैली की प्रधानाचार्या तथा समस्त अध्यापक गण उपस्थित रहे।

## वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर विधायक प्रभात वर्मा ने अर्पित की पुष्पांजलि



**मनकापुर, गोण्डा।** वीरता, त्याग और स्वाभिमान के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती के पावन अवसर पर




गौरा विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने मसकनवा स्थित मिलन मैरिज लॉन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर श्रद्धापूर्वक नमन एवं पुष्पांजलि अर्पित की।इस अवसर पर विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने कहा कि महाराणा प्रताप का संपूर्ण जीवन राष्ट्रभक्ति, स्वाभिमान, त्याग एवं मातृभूमि की रक्षा के लिए समर्पित रहा। उनका अद्वितीय साहस, संघर्ष और अटूट स्वाभिमान आज भी समाज को राष्ट्रसेवा और जनहित में कार्य करने की प्रेरणा देता है।उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक वीर योद्धा ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, सम्मान और आत्मगौरव के प्रतीक भी हैं। उनके आदर्शों को अपनाकर समाज और राष्ट्र को मजबूत बनाया जा सकता है।कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की भी उपस्थिति रही।

## जिम्मेदारियों के निर्वहन का संकल्प है शपथग्रहणः प्रो. अर्जुन मिश्र

**● सरस्वती विद्या मंदिर में छात्र संसद के पदाधिकारियों ने ली शपथ**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**देवरिया।** नगर के शिक्षण संस्थान सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर के माधव सभागार में नवीन सत्र हेतु नवनिर्वाचित छात्र संसद के पदाधिकारियों का शपथग्रहण समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने छात्र संसद को जिम्मेदारी और अधिकारों के संतुलन का सशक्त माध्यम बताया। अपने संबोधन में प्रो. मिश्र ने कहा कि दायित्व और अधिकार एक-दूसरे के पूरक हैं तथा दायित्वों के सही निर्वहन से ही अधिकारों को वैधानिकता मिलती है। उन्होंने कहा कि छात्र संसद विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, संवाद कौशल और नेतृत्व क्षमता के विकास का प्रभावी मंच है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि छात्र संसद के माध्यम से विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक व्यवस्था, चुनाव प्रक्रिया और असहमति को स्वीकार करने की संस्कृति का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होता है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना एवं भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि ने नवीन सत्र के लिए अनन्त नाथ त्रिपाठी को प्रधानमंत्री, अपूर्व नाथ त्रिपाठी को उप प्रधानमंत्री, अमृतमणि को सेनापति, आलोकित कुशवाहा एवं आलोक मणि को उप सेनापति तथा अनन्त द्विवेदी को मुख्य न्यायाधीश एवं हर्षवर्धन मिश्र को उप न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई। विभिन्न कक्षा वर्गों से निर्वाचित छात्र सांसदों ने भी पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। कार्यक्रम का संचालन एवं छात्र संसद गठन का संयोजन अशोक यादव ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के उपप्रधानाचार्य यजुवेंद्र त्रिपाठी, अखिलेश दीक्षित, दिलीप श्रीवास्तव, कौशल सिंह, अमरेन्द्र उपाध्याय, हृदय लाल सिंह, देवेन्द्र प्रजापति, प्रेम विकास, हरिनाथ त्रिपाठी सहित विद्यालय के समस्त आचार्य उपस्थित रहे।

## एसएसबी ने जागरूकता रैली निकालकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**रतनपुर/महराजगंज।** सीमा सुरक्षा के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों का निर्वहन करते हुए 22वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की भगवानपुर समवाय द्वारा क्षेत्र में एक विशाल पर्यावरण बचाओ जागरूकता रैली का भव्य आयोजन किया गया। सहायक कमांडेंट दिनेश चंद्र विश्वास के नेतृत्व में निकली यह रैली समवाय मुख्यालय से प्रारंभ होकर भगवानपुर गांव और मुख्य बाजार होते हुए उच्च प्राथमिक विद्यालय भगवानपुर तक पहुंची। रैली के दौरान जवानों, शिक्षकों और लगभग सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने गगनभेदी नारों और हाथों में तख्तियां लेकर ग्रामीणों को स्वच्छता, जल संरक्षण और वृक्षारोपण के प्रति जागरूक किया। इस अभियान में विद्यालय के प्रधानाध्यापक गिरिजेश कुमार, ग्राम प्रधान गणेश मद्धेशिया और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सहायक कमांडेंट ने इस अवसर पर जनमानस को संबोधित करते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक का त्याग करने और धरती को हरा-भरा बनाने का संकल्प दिलाया। स्थानीय नागरिकों ने एसएसबी के इस प्रयास की सराहना करते हुए पर्यावरण संरक्षण में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का माहौल बनाएंः जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** जिलाधिकारी ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक कर शिक्षा व्यवस्था की प्रगति का जायजा लिया। बैठक में उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारियों एवं समन्वयकों को विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का वातावरण तैयार करने तथा शिक्षकों का मनोबल बढ़ाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सकारात्मक सोच और टीम भावना से ही शिक्षा व्यवस्था में अपेक्षित सुधार संभव है। उन्होंने अधिकारियों से विद्यालयों एवं विभाग के प्रति अपनत्व का भाव रखते हुए कार्य करने की अपील की।

बैठक में छात्र-छात्राओं के नामांकन और नियमित उपस्थिति पर विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने विद्यालयों में नियमित पेरेंट्स-टीचर मीटिंग आयोजित कराने के निर्देश देते हुए कहा कि इससे अभिभावकों की सहभागिता बढ़ेगी और बच्चों की पढ़ाई



में सुधार आएगा। उन्होंने शैक्षिक गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए निर्धारित मानकों के अनुरूप पढ़ाई तथा कायाकल्प योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने विद्यालयों को संघर्षशील, मध्यम एवं सक्षम श्रेणी में चिन्हित कर सूची तैयार करने तथा संघर्षशील विद्यालयों के लिए विशेष कार्ययोजना बनाने को कहा।

उन्होंने कहा कि शिक्षकों के कार्य अनावश्यक रूप से लंबित न रखे जाएं और उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान किया जाए, जिससे उनमें आत्मविश्वास और सम्मान की भावना बढ़े। बैठक में विद्यालयों के आधारभूत ढांचे को बेहतर बनाने के लिए कंपोजिट ग्रांट के समुचित उपयोग पर भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने ग्रामीण एवं शहरी विद्यालयों का मानकों के अनुरूप वर्गीकरण कर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेश सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित सभी खंड शिक्षा अधिकारी एवं समन्वयक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### इण्टरमीडिएट परीक्षा में जनपद टॉपर बने संकल्प गुप्ता का हुआ सम्मान



**टूण्डला** – उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की इण्टरमीडिएट परीक्षा (वाणिज्य वर्ग) में जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले मेधावी छात्र संकल्प गुप्ता का संकल्प संस्था द्वारा भव्य सम्मान किया गया। संस्था की ओर से संकल्प गुप्ता को माला पहनाकर, पट्टिका एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने छात्र की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संकल्प संस्था के संस्थापक इंजी. आर पी शर्मा ने कहा कि संकल्प गुप्ता ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने परिवार, विद्यालय और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों से अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलती है। उन्होंने संकल्प गुप्ता एवं उनके परिजनों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में और ऊंचाइयों को छूने की कामना की। कार्यक्रम का संचालन एन पी सक्सेना ने किया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य लोगों ने भी छात्र की सफलता की सराहना करते हुए उसे निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर अशोक सारस्वत, राकेश नौहवार, डॉ. अनिल कुलश्रेष्ठ, डॉ. योगेश अग्रवाल, गिरीश श्रीवास्तव, महेंद्र झा, विश्वनाथ शर्मा, राकेश शर्मा, सीताराम गौतम, विनोद गुप्ता, विजय प्रजापति, राजाराम वर्मा, जितेंद्र उपाध्याय, रतन सिंह, मुकेश मिश्रा, सुधीर उपाध्याय, आर के शर्मा, राकेश कटियार, विनय भटनागर सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन




**बेतिया।** 9 मई, शनिवार होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया. इस लोक अदालत में ट्रैफिक चालान से संबंधित वादों का निपटारा विपिन उच्च विद्यालय बेतिया के प्रांगण में लगाए जाने वाले शिविर में किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ने बताया कि लोगों की उमड़ने वाली संभावित भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक चालान से संबंधित वादों का निपटारा कराए जाने को ले प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनामिका टी के निर्देश पर उक्त स्थल चयनित किया गया है। ट्रैफिक चालान मामलों के निपटारा के समय सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं । ट्रैफिक के मामलों के निष्पादन हेतु कुल चार बेंच का गठन किया गया है एवं समझौता के पश्चात वादों का निपटारा किया जाएगा। वहीं ट्रैफिक चालान मामलों को छोड़ अन्य मामलों का निपटारा व्यवहार न्याय परिसर बेतिया में आयोजित नेशनल लोक अदालत में किया गया । दोनों जगह लगने वाले इस लोक अदालत में कई मामले का निपटारा किया जाने को लेकर बेतिया में कुल 34 बेंच तथा बगहा में एक दर्जन बेचों का गठन किया गया है। बगहा अनुमंडल अंतर्गत लगने वाले ट्रैफिक चालान का निपटारा अनुमंडल कार्यालय परिसर बगहा में किया गया।

### ट्रेन के गेट पर बैठकर यात्रा करना पड़ गया भारी, प्लेटफार्म से पैर टकराने पर युवक हुआ घायल

**फिरोजाबाद।** लखनऊ से नानी के अंतिम संस्कार में शामिल होने अलीगढ़ जा रहा युवक ट्रेन के गेट पर बैठकर यात्रा करने के कारण घायल हो गया। कौरारा रेलवे स्टेशन पर शनिवार दोपहर तीन बजे उसके पैर प्लेटफार्म से टकरा गए। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। अलीगढ़ में थाना क्वारसी के मुहल्ला त्रिवेणी कालोनी निवासी 22 वर्षीय मनप्रीत इन दिनों लखनऊ में रह रहे हैं। उनकी नानी की शनिवार सुबह मृत्यु हो गई थी। वह अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए गोमती एक्सप्रेस से लखनऊ से अलीगढ़ जा रहे थे। इटावा स्टेशन निकलने के बाद वह ट्रेन के गेट पर आकर बैठ गए। पैर पायदान पर थे। ट्रेन कौरारा स्टेशन पर पहुंची तो उसके दोनों पैर प्लेटफार्म से टकरा गए। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शिकोहाबाद स्टेशन पर पहुंचने पर आरपीएफ ने उसे ट्रेन से उतारकर एंबुलेंस से अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसे सरकारी ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया।

# टीएससीटी कन्यादान योजना बेटियों के सपनों को पूरा करने के लिए है वरदान -बीएसए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली।** शिक्षकों हित में कार्य कर रही संस्था टीचर्स सेल्फ केयर टीम की ओर से संचालित कन्यादान योजना के अंतर्गत छह लाभार्थी शिक्षकों को आर्थिक सहायता के चेक मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ विनीता ने प्रांतीय मीडिया प्रभारी नरेंद्र प्रताप गंगवार एवं प्रांतीय आईटीसेल प्रभारी जितेन्द्र मोहन वर्मा की मौजूदगी में प्रदान किए। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि बीएसए डॉ विनीता ने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनके परिवारों के सुख-दुख में सहयोग करना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि टीएससीटी द्वारा चलाई जा रही कन्यादान योजना जरूरतमंद शिक्षक परिवारों के लिए एक बड़ी सहायता बनकर सामने आई है। सभी योजनाएं जरूरतमंद शिक्षक परिवारों के लिए सहयोग और सम्मान का प्रतीक हैं। इस दौरान जिलाध्यक्ष अनुज वीर गंगवार ने कहा कि कन्यादान योजना जरुरतमंद परिवारों के लिए सम्मान और सहयोग की मिसाल है।टीएससीटी हर सुख और दुख मे शिक्षकों के साथ खड़ी है। टीचर्स सेल्फ केयर टीम के जिला कन्यादान योजना प्रभारी हरीश गंगवार ने बताया कि टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने मात्र एक रूपये की सहयोग राशि से अब तक दो सहयोग अलर्ट मे कुल 602 कन्याओं को 3.18 करोड़ की सहायता बेटियों के विवाह के लिए की है। कन्यादान योजना में प्रत्येक आवेदक शिक्षक के हिसाब से टीम के सदस्य एक रुपया देते हैं। फिर एकत्र धनराशि से उस परिवार को जरूरत के आधार पर आर्थिक मदद की जाती है। दो अक्टूबर 2025 से शुरू हुई मुहिम में प्रदेशभर से लाखों शिक्षक सहयोग करते हैं। बरेली से प्रथम सहयोग अलर्ट में फतेहगंज पश्चिमी के जितेन्द्र पाल सिंह और भोजीपुरा के डॉ शमीम अहमद की बेटी के लिए कन्यादान योजना के अंतर्गत सहयोग राशि मिली थी । सहयोग अलर्ट दो में बरेली से मानवेंद्र यादव (क्यारा),जमील अहमद (दमखोदा),ज्ञानेंद्र पांडे (मीरगंज),बादशाह (भुता), फरहा समर (नवाबगंज),एवं स्नेह लता (फरीदपुर) सहित कुल छह शिक्षकों को कन्यादान योजना के अंतर्गत चेक आज प्रदान किए। टीएससीटी की स्थापना प्रयागराज के शिक्षक विवेकानंद ने 26 जुलाई 2020 को की थी। कोरोना के समय में जब सभी अपनों ने भी साथ छोड़ दिया था ऐसे समय में टीचर्स सेल्फ केयर टीम सभी शिक्षकों का सहारा बनी जिसमे दिवंगत शिक्षक के परिवार को 50 लाख की सहायता पूरे उत्तर प्रदेश के शिक्षक मात्र 15.50 रूपये की नाम मात्र की धनराशि से करते है और अब तक कुल 556 दिवंगत शिक्षकों के परिवारों लिए 247.36 करोड़ का सहयोग प्रदान किया जा चुका है। जिसमे बरेली के एक शिक्षा मित्र सहित कुल 11 दिवंगत शिक्षकों हरेंद्र गंगवार(भोजीपुरा), मुकेश शुक्ला (फतेहगंज प0),देवरतन गंगवार (मीरगंज), सत्यप्रकाश (नवाबगंज), प्रभात पाराशरी (शेरगढ़)सुरेश पाल (भोजीपुरा), कविता विष्ट (दमखोदा)दिनेश कुमार (नवाबगंज), हरीश कुमार (दमखोदा), दिनेश सिंह (बहेड़ी), पंकज शर्मा शिक्षा मित्र (फरीदपुर) के परिवारों को सहयोग प्रदान किया जा चुका हैं। टीचर्स सेल्फ केयर टीम जीवनदान योजना भी संचालित कर रही है जिसमे गंभीर बीमारी के इलाज के लिए शिक्षकों को सहायता राशि प्रदान की जाती है बरेली से जीवनदान योजना के अंतर्गत तीन शिक्षकों महेश भाई (फरीदपुर), सुनील कश्यप (आलमपुर जफराबाद), संगीता गुप्ता (मझगंवा) को इसका लाभ मिल चुका है । इसके साथ-साथ टीचर्स सेल्फ केयर टीम के द्वारा दुर्घटना ग्रस्त होने पर शिक्षकों को इलाज के लिए सहायता प्रदान की जाती है और इसमें बरेली से छह शिक्षकों उमेश सिंह (भुता), प्रदीप सक्सेना (मीरगंज)छाया सक्सेना (मीरगंज), मंसूर अली (भुता), अमर्श तिवारी (दमखोदा), फरजाना बानो (दमखोदा)को इसका लाभ मिल चुका है। चेक वितरण समारोह में लाभार्थी शिक्षकों ने संस्था एवं विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। शिक्षकों ने कहा कि बेटी के विवाह जैसे महत्वपूर्ण अवसर पर मिला यह सहयोग उनके लिए संबल का कार्य करेगा। उन्होंने टीएससीटी की इस पहल को शिक्षक समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। कन्यादान चेक वितरण के अवसर पर जिलाध्यक्ष अनुज वीर गंगवार, जिला कन्यादान योजना प्रभारी हरीश गंगवार,जिला प्रवक्ता डॉ शमीम अहमद,जिला जीवन दान योजना प्रभारी चित्रसेन गंगवार,जिला कोषाध्यक्ष सौरभ गुप्ता,जिला सह संयोजक नवल किशोर, लखमी चंद्र अहेरिया,मो फारुक, रिजवान अहमद, सतीश मिश्रा,भारत वीर गंगवार,मनोज गौतम, विद्या सरन कनोजिया,मोनिका गौतम, सपना खन्ना,जिला आई टी सेल प्रभारी दीपाली सक्सेना सहित सभी ब्लॉक के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बंगाल में हुई जीत पर सांसद का स्वागत समारोह



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बेतिया।** दिनांक 9 मई, शनिवार को जिला भाजपा कार्यालय स्थित सांसद डॉक्टर संजय जायसवाल का भव्य स्वागत समारोह किया गया, इस दौरान भाजपा के जिला अध्यक्ष रूपक श्रीवास्तव द्वारा सांसद सहित विधायक को अंगवस्त्र एवं बुके देकर उनका स्वागत किया गया. जहां उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल में हुई भाजपा की प्रचंड जीत का राष्ट्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व की अहम जिम्मेदारी पश्चिमी चंपारण के लोकसभा सांसद डॉक्टर संजय जायसवाल, को दी गई थी, जिसकी जिम्मेदारी सांसद डॉक्टर संजय जायसवाल ने पूरी दृढ़ संकल्पना के साथ उन्होंने निभाई है, जिसका परिणाम आज समस्त पश्चिम बंगाल, बिहार व भारत की समस्त जनता को देखने को मिला है। इस दौरान सांसद डॉक्टर संजय जायसवाल ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि मुझे मुर्शिदाबाद जिले की जिम्मेदारी दी गई थी जहां भाजपा के लिए रणनीतियां विपरीत थी, वहां भाजपा एवं हिंदू वोटरों की कुल आबादी 30 से 40% ही थी, वर्ष 2021 के विधान सभा चुनाव में भाजपा वहां से कुल दो सीट ही निकाल पाई थी, जबकि वर्ष 2026 के विधानसभा चुनाव में कुल 22 सीटों में भाजपा ने वहां से 8 सीट निकाली है, वहां की आम जनता ने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया है, सबसे ज्यादा महिलाओं पर अत्याचार हो रहा था, जिससे उनको मुक्ति मिली है, वही आज के स्वागत समारोह में उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल में पहली बार भाजपा के मुख्यमंत्री बने सुबेंदु अधिकारी को सभी भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई इसके पश्चात स्वागत समारोह में उपस्थित भाजपा के अधिकारी नरकटियागंज विधायक संजय पांडे, चनपटिया के पूर्व विधायक उमाकांत सिंह अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल राम, को भी अंग वस्त्र सम्मान स्वरूप दिया गया इस मौके पर उपस्थित आनंद सिंह, मनोज सिंह, रवि सिंह, दिनेश्वर तिवारी, मनु बाबू कुशवाहा, अर्जुन सोनी, प्रमोद सिंह, कौशल किशोर पांडे, उमेश पांडे, नरेंद्र पटेल, राकेश पटेल, धर्मेंद्र सिंह, सीमा माधोगड़िया, अमित चौबे, किशन श्रीवास्तव, एवं अरविंद कुमार सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एम डी जैन इंटर कॉलेज में स्वच्छ भारत अभियान सर्वेक्षण हेतुं संगोष्ठी का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिरसागंज:-** नगर पालिका परिषद सिरसागंज के तत्वाधान में नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय श्री एम डी जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज में विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन एवं नगर पालिका परिषद सिरसागंज के ब्राण्ड एम्बेसडर अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अश्वनी कुमार जैन ने सभी विद्यार्थियों को बताया कि स्वच्छ भारत अभियान के दसवां सर्वेक्षण 2026 आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देश भर के 4,500 से अधिक शहरों की स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन और नागरिक फीडबैक के आधार पर रैंकिंग की जा रही है। इस वर्ष के सर्वेक्षण में स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता पर विशेष जोर दिया गया है, और ग्राउंड असेसमेंट फरवरी-मार्च 2026 में शुरू होने की उम्मीद है।स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 की मूल्यांकन प्रक्रिया में सर्वेक्षण 9,500 अंकों के पैमाने पर आधारित है, जिसमें प्रत्यक्ष अवलोकन, सेवा स्तर प्रगति, और नागरिक फीडबैक शामिल हैं। जिसमें मुख्य फोकस ओडीएफ+ और गारबेज-फ्री स्टार रेटिंग, कचरा प्रबंधन, गीले/सूखे कचरे का अलगाव और पानी की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।इसमें नागरिकों से स्वच्छता फीडबैक अभियान के माध्यम से फीडबैक लिया जा रहा है। इस प्रक्रिया को पूरी तरह से डिजिटल और पारदर्शी बनाया गया है। उन्होंने समस्त नगरवासियों से स्वच्छ भारत अभियान के सर्वेक्षण की लिंक https:// cf. sbmurban. org/ पर जाकर सर्वेक्षण में भाग लेकर सिरसागंज को नम्बर एक बनाएं।

## उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए संजय श्रीवास्तव सम्मानित



**नैनी, प्रयागराज।** महानगर संयोजक एवं विधायक प्रत्याशी हरिकृष्ण तिवारी 'बबलू' ने आज कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय श्रीवास्तव के निवास स्थान पहुंचकर उनका अभिनंदन एवं सम्मान किया। इस अवसर पर हरिकृष्ण तिवारी 'बबलू' ने कहा कि संजय श्रीवास्तव द्वारा क्षेत्र एवं समाज में लगातार किए जा रहे सामाजिक कार्य सराहनीय हैं। उनके कार्यों से समाज में सकारात्मक संदेश जा रहा है और लोगों को प्रेरणा मिल रही है।सम्मान समारोह के दौरान नैनी मंगल किसान मोर्चा अध्यक्ष नीरज शर्मा, महामंत्री उमेश सेन, अवधेश निषाद, नित्यानंद मिश्रा, बाबूजी यादव, राणा श्रीवास्तव सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने संजय श्रीवास्तव के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें समाज सेवा के क्षेत्र में आगे भी इसी प्रकार सक्रिय रहने की शुभकामनाएं दीं।

## बी आर जीनियस इंटरनेशनल स्कूल में मदर्स डे की धूम

**● मिसेज नीरज बनीं 'जीनियस मॉम'**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली।** बी आर जीनियस इंटरनेशनल स्कूल में मदर्स डे के उपलक्ष्य में एक भव्य और भावनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में माताओं के सम्मान में विभिन्न प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की लहर देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. मीनाक्षी गंगवार ने दीप प्रज्वलित कर किया। स्कूल के डायरेक्टर अंकुर गंगवार, प्रिंसिपल शक्ति पटेल और वाइस प्रिंसिपल मिस्टर ओवेन मोसेस ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और शिक्षा व समाज में महिलाओं के योगदान पर चर्चा की।

**मिसेज नीरज के सिर सजा 'जीनियस मॉम' का ताज:**

समारोह का मुख्य आकर्षण 'जीनियस मॉम' प्रतियोगिता रही। इसमें कई दौर की कड़ी स्पर्धा के बाद मिसेज नीरज ने अपनी बुद्धिमत्ता, आत्मविश्वास और बेहतरीन प्रदर्शन से निर्णायक मंडल का दिल जीत लिया और 'जीनियस मॉम' का प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किया। उन्हें मुख्य अतिथि और विद्यालय प्रबंधन ने सम्मानित किया ।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समा बांधा**

स्कूली बच्चों ने अपनी माताओं के लिए कविताएं, भावुक कर देने वाले नाटक और नृत्य प्रस्तुत किए। नन्हे-मुन्ने बच्चों के मेरी मां गीतों ने वहां मौजूद हर शख्स की आंखें नम कर दीं। मुख्य अतिथि डॉ. मीनाक्षी गंगवार ने कहा, मां एक ऐसा शब्द है जिसमें पूरी सृष्टि समाहित है। बच्चों को संस्कारवान बनाने में मां की भूमिका सबसे बड़ी है। डायरेक्टर अंकुर गंगवार और प्रिंसिपल शक्ति पटेल ने सभी माताओं को बधाई देते हुए उनके त्याग को नमन किया। वाइस प्रिंसिपल ओवेन मोसेस ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ और भारी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।




## राष्ट्रीय लोक अदालत में उमड़ी भीड़, 163 चालानों का हुआ निष्पादन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**सुपौल।** टाउन हॉल, सुपौल में शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में ट्रैफिक एवं परिवहन विभाग से जुड़े लंबित चालानों के निष्पादन को लेकर सुबह से देर शाम तक भारी भीड़ उमड़ी रही। बड़ी संख्या में वाहन स्वामी अपने लंबित ई-चालानों के निपटारे के लिए पहुंचे और विभिन्न सहायता व भुगतान काउंटरों पर कतार में लगे रहे। बिहार सरकार की 'एकमुश्त यातायात चालान निपटान योजना-2026' के तहत आयोजित इस विशेष अभियान में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। 90 दिनों से अधिक समय से लंबित ट्रैफिक चालानों का त्वरित निष्पादन किया गया। योजना के अंतर्गत शमन राशि में 50 प्रतिशत तक की राहत मिलने से वाहन स्वामियों में खासा उत्साह देखा गया। टाउन हॉल परिसर में सुबह से ही लोगों की लंबी कतारें लगी रहीं। कई वाहन स्वामी अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ पहुंचे थे। परिवहन विभाग की ओर से चालान सत्यापन, भुगतान, तकनीकी सहायता एवं मार्गदर्शन के लिए अलग-अलग काउंटर बनाए गए थे, जहां अधिकारियों और कर्मियों ने लोगों की मदद की। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। समाचार लिखे जाने तक लगभग 163 चालानों का निष्पादन किया जा चुका था, जबकि करीब 3 लाख 46 हजार 500 रुपये की राशि जमा हुई थी। अधिकारियों के अनुसार देर शाम तक यह संख्या और बढ़ने की संभावना थी। राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सुपौल ने आयोजन स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए आम लोगों की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत त्वरित न्याय एवं जनसुविधा उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम है। वहीं जिला पदाधिकारी, सुपौल ने भी विभिन्न काउंटरों का निरीक्षण कर निष्पादन प्रक्रिया को और सरल एवं व्यवस्थित बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि लोक अदालत में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का कार्य पारदर्शी एवं सहज तरीके से हो। जिला प्रशासन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से पेयजल, बैठने की व्यवस्था, सहायता डेस्क एवं तकनीकी सहयोग की समुचित व्यवस्था की गई थी। अधिकारियों ने बताया कि अभियान का उद्देश्य लोगों को पुराने ट्रैफिक चालानों एवं भारी जुर्माने से राहत देना, लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा करना तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूक बनाना है।

## जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर में चला स्वच्छता अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर में सामूहिक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान में जिलाधिकारी सहित कलेक्ट्रेट के सभी अनुभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए श्रमदान किया और परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाने का संकल्प लिया। स्वच्छता अभियान के दौरान जिलाधिकारी स्वयं नालियों की सफाई करते नजर आए।

जिलाधिकारी की कार्यशैली से प्रेरित होकर अपर जिलाधिकारी न्यायिक, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे तथा अन्य अधिकारियों एवं पटल सहायकों ने भी सफाई कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लिया। अभियान के दौरान विकास भवन के सामने स्थित गड्ढ़े को भरवाने तथा कलेक्ट्रेट परिसर में जगह-जगह कूड़ेदान रखने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने कार्यालयों के भीतर अनुपयोगी फाइलों के निस्तारण एवं पुराने रिकॉर्ड को व्यवस्थित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए, ताकि कार्यालय का वातावरण स्वच्छ और कार्य के अनुकूल बनाया जा सके। उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर को पूरी तरह सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त रखने पर भी विशेष जोर दिया। अभियान के समापन पर जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि, 'स्वच्छता केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि हमारे दैनिक जीवन शैली का हिस्सा होना चाहिए। स्वच्छ वातावरण ही सकारात्मक कार्य संस्कृति को जन्म देता है। ' इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अब्बास हसन नकवी, उप जिलाधिकारी मुख्यालय सहित समस्त कलेक्ट्रेट कर्मी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### यूपी में बढ़ रहे हैं बच्चों के विरुद्ध अपराध, 97 प्रतिशत मामलों में पीड़ितों के करीबी निकले आरोपी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बच्चों के विरुद्ध अपराधों के मामलों में बढ़ोत्तरी हो रही है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2024 में राज्य में बच्चों के विरुद्ध अपराध के 22,222 मामले दर्ज किए गए, जबकि वर्ष 2023 में 18,852 मामले दर्ज किए गए थे। यानी एक वर्ष में 3370 मामलों की बढ़ोतरी हुई है। बच्चों के विरुद्ध अपराध के मामलों में महाराष्ट्र के बाद उत्तर प्रदेश देश में दूसरे स्थान पर है। चौंकाने वाली बात यह है कि यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) के तहत दर्ज किए गए 3671 मामलों में 97 प्रतिशत आरोपित पारिवारिक सदस्य या करीबी निकले हैं। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार राज्य में बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों का खतरा बाहरी लोगों की तुलना में करीबियों से अधिक है। एनसीआरबी ने पॉक्सो के तहत दर्ज 3,671 मामलों को विश्लेषण किया है। इनमें से 3,581 मामलों में आरोपी पीड़ित बच्चों के परिचित निकले हैं। केवल 90 मामलों में आरोपी अज्ञात पाए गए। हालांकि, बड़ी बाल आबादी के कारण उत्तर प्रदेश में बच्चों के खिलाफ अपराध दर 26 प्रति लाख बाल आबादी रही, जो राष्ट्रीय औसत 42.3 से कम है। रिपोर्ट के अनुसार, बच्चों के खिलाफ अपराध के मामलों में राज्य की चार्जशीटिंग दर 70.5 प्रतिशत रही, जो राष्ट्रीय औसत 61.4 प्रतिशत से अधिक है।

## 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते प्रशिक्षु दारोगा रंगेहाथ गिरफ्तार

**● बरेली में एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली।** प्रशिक्षु दारोगा विमल कुमार सिंह इज्जतनगर की बैरियर-दो चौकी पर तैनाती मिलने के बाद रिश्वत वसूलने लगा। गुरुवार को एंटी करप्शन टीम ने उसे 10 हजार रुपये लेते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया। उसके विरुद्ध सीबीगंज थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उसे जेल भेजा जाएगा, इसके बाद विभागीय कार्रवाई भी होगी। लखनऊ के सरोजनीनगर के गांव पिपरसंड निवासी विमल सिंह को मृतक आश्रित कोटे में नौकरी मिली थी। 25 अप्रैल को असलम कालोनी निवासी रोहित आनंद मैसी ने बेटी एंजिला आनंद मैसी, बेटे रोबिन आनंद मैसी और उनके दोस्त राहुल समदर्शी के विरुद्ध प्राथमिकी लिखाई थी। उन्होंने बताया कि वह महोबा में स्वास्थ्य विभाग में तैनात हैं। उनकी बेटी ने कुछ रुपये मांगे तो चेक पर हस्ताक्षर कर दे दिया था। उस चेक के जरिये बेटी ने उनके खाते से सभी रुपये निकाल लिए। इसकी जानकारी होने पर आपत्ति जताई तो बेटी, बेटे व उसके दोस्त ने उनकी पिटाई कर दी। उनकी शिकायत पर इज्जतनगर थाने में तीनों के विरुद्ध मारपीट की धारा में प्राथमिकी लिखी गई थी। इस प्रकरण की विवेचना प्रशिक्षु दारोगा विमल कुमार सिंह को सौंपी गई। एंजिला के अनुसार, दारोगा विमल प्राथमिकी निस्तारण के नाम पर 10 हजार रुपये मांग रहा था। रिश्वत देने से इन्कार किया तो जेल भेजने की धमकी देने लगा। उससे परेशान होकर एंटी करप्शन टीम से शिकायत की थी।

### यूपी में कर्मचारियों को 2% बढ़ी दर से महंगाई भत्ता देने की मांग, जेएन तिवारी ने सीएम योगी को लिखा पत्र

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से दो प्रतिशत बढ़ी दर से महंगाई भत्ता व महंगाई राहत (डीए/डीआर) दिए जाने का आदेश तत्काल जारी करने का अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री को किए गए ईमेल में उन्होंने लिखा है कि यूपी देश का पहला राज्य है जो सबसे पहले अपने कर्मचारियों व पेंशनर्स को महंगाई भत्ता व महंगाई राहत देता रहा है। केंद्र सरकार ने एक जनवरी से बढ़ी दर से महंगाई भत्ता व महंगाई राहत दिए जाने का आदेश जारी कर दिया है। जिससे केंद्रीय कर्मचारी व पेंशनर्स अब 60 प्रतिशत की दर से डीए/डीआर का लाभ पाने लगे हैं।

## 2 दिन बाद मिला मीरगंज विधायक का लापता भतीजा

**● मीरगंज विधायक डीसी वर्मा के भतीजे अंकित वर्मा दो दिन लापता रहने के बाद हरिद्वार में मिले। एम फार्मा की थीसिस पूरी न होने के तनाव के कारण वे बिना बताए हरिद्वार चले गए थे।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली।** दो दिन पहले लापता हुए मीरगंज विधायक डीसी वर्मा के भतीजे अंकित वर्मा बरामद हो गए हैं। थीसिस पूरी नहीं होने की वजह से परेशान अंकित खुद ही हरिद्वार चले गए थे। शनिवार को लौटकर उन्होंने सेटेलाइट से एक ढाबे वाले के फोन से पिता को फोन किया और ले जाने की बात कही। इसके बाद विधायक डीसी वर्मा ने पूरी जानकारी भोजीपुरा इंस्पेक्टर को दी। मूल रूप से पीलीभीत के करेली थाना क्षेत्र निवासी रामप्रकाश ने बताया कि, वर्तमान में वह पूरे परिवार के साथ शहाजहांपुर के निगोही में रहते हैं। उनका बेटा अंकित वर्मा भोजीपुरा स्थित मेडिकल कालेज के छात्रावास में रहकर एम फार्मा की पढ़ाई कर रहा है। सात मई की शाम वह मंदिर जाने की बात कहकर छात्रावास से निकले, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। स्वजन ने फोन किया मगर वह कमरे पर ही था। इसे में पुलिस को लोकेशन ढूंढने में भी समस्या हो रही थी। पुलिस ने तत्काल ही कालेज परिसर व आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जिसमें वह नैनीताल रोड की ओर जाते दिखाई दिए। मगर वह कहां गए इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी। रामप्रकाश ने बताया कि, शनिवार सुबह करीब 10 बजे के आस-पास उनके पास एक अंजान नंबर से फोन आया। उठाया तो वह अंकित का फोन था। अंकित ने बताया कि वह सेटेलाइट पर खड़े हैं और एक ढाबा संचालक फोन से फोन किया है। अंकित ने कहा कि उन्हें वहां से घर ले जाएं। आनन फानन में रामप्रकाश सेटेलाइट पहुंचे। परिवार के लोगों ने जब बात की तो अंकित ने बताया कि उनकी थीसिस पूरी नहीं हो पाई थीं, जबकि 10 मई तक उन्हें वह कालेज में जमा करनी थीं। जिस शिक्षक के अंडर में वह थीसिस कर रहे थे वह छोड़कर चली गई और दूसरी शिक्षक को-आपरेट नहीं कर रहीं थी।इस बात से परेशान थे। इसलिए शांति के लिए वह किसी को बिना बताए हरिद्वार चले गए। अंकित के मिलने के बाद स्वजन ने राहत की सांस ली। विधायक डीसी वर्मा ने भोजीपुरा इंस्पेक्टर राजीव चौधरी को फोन कर अंकित के मिलने के बारे में जानकारी दी। परिवार के सभी सदस्य अब खुश हैं। विधायक ने बताया कि अंकित कहां गए थे, यह तो नहीं बताया, लेकिन अपने बड़े भाई को फोन किया तो हम सभी लोग सेटेलाइट पहुंचकर उन्हें घर ले आए थे।



# संक्षिप्त खबरें

## मदर्स डे पर छलका मां-बच्चों का अटूट प्यार,चंदवा में भावुक माहौल के बीच मनाया गया उत्सव



**चंदवा, झारखंड:-** मदर्स डे के अवसर पर चंदवा क्षेत्र में शनिवार को मां और बच्चों के बीच प्रेम, सम्मान और स्नेह का अनूठा दृश्य देखने को मिला। इस खास दिन को यादगार बनाने के लिए बच्चों ने अपनी माताओं के प्रति प्यार और सम्मान प्रकट करते हुए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। कहीं बच्चों ने मां को गले लगाकर अपने प्रेम का इजहार किया, तो कहीं उपहार देकर उन्हें विशेष महसूस कराया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अपनी मां के साथ समय बिताया और उनके त्याग, ममता और संघर्ष को याद करते हुए आभार जताया। छोटे-छोटे बच्चों ने हाथों से बने कार्ड, फूल और गिफ्ट अपनी माताओं को भेंट किए। कई बच्चे अपनी मां को देखकर भावुक हो गए और कहा कि मां का प्यार दुनिया का सबसे अनमोल उपहार है। वहीं माताओं ने भी बच्चों को प्यार से गले लगाकर उन्हें उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। माहौल पूरी तरह भावनाओं से भरा रहा। बच्चों के चेहरे पर खुशी और माताओं की आंखों में गर्व साफ झलक रहा था। इस अवसर पर मशहूर युटुब स्वेता रानी ने कहा कि मां केवल जन्म देने वाली नहीं, बल्कि जीवन की पहली गुरु और सबसे बड़ी प्रेरणा होती है। मां का स्नेह हर कठिनाई में संबल देता है और बच्चों की सफलता में सबसे बड़ा योगदान उनकी मां का ही होता है। मदर्स डे के इस आयोजन ने मां और बच्चों के रिश्ते की गहराई को खूबसूरती से प्रस्तुत किया। सभी ने मिलकर इस दिन को प्रेम, सम्मान और अपनेपन के साथ मनाया तथा मां के प्रति अपने दिल की भावनाएं व्यक्त कीं।

## जिम्मेदारियों के साथ भूत समिति का किया गया गठन



**पाकुड़, झारखंड:-** झारखंड मुक्ति मोर्चा , पाकुड़ जिला के जिला उपाध्यक्ष हाजी समद अली के देख-रेख में लिट्टीपाड़ा प्रखंड के अंतर्गत बीचामहल पंचायत के बीचामहल झेनागड़िया,लेटबाड़ी, बल्लभपुर बूथों के बूथ समिति का गठन किया गया। कार्यकर्ताओं को सशक्त मजबूत बनाने की दी गई जानकारी और जिम्मेदारी बीचामहल पंचायत के बीचामहल, झेनागड़िया, लेटबाड़ी व बल्लभपुर गाँव में बीचामहल पंचायत के पंचायत अध्यक्ष सलाम अंसारी के अध्यक्षता में पंचायत स्तरीय बैठक संपन्न की गई। बैठक में मुख्य पर्यवेक्षक से झामुमो जिला उपाध्यक्ष हाजी समद अली शामिल हुए। बूथ समिति के गठन की कार्यवाही जिला उपाध्यक्ष हाजी समद अली के देख-रेख में सम्पन्न किया गया। बैठक में पर्यवेक्षक के रूप में अलकाश अंसारी, भोला हांसदा व ईम्तियाज अली उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए झामुमो जिला उपाध्यक्ष हाजी समद अली ने कहा कि बूथ समिति ही संगठन की नींव है। बूथ जितना मजबूत होगा, संगठन भी उतना ही दम-खम से चुनाव जीतेगा। बूथ स्तर पर आप सभी कड़ी निगरानी रखें, ताकि स्ढ्क्र और जनगणना में कोई भी हमारा आदमी छूटे नहीं। साथ ही बूथ स्तर तक हरेक जरूरतमंद लोगों तक राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करते हुए आम लोगों को उन योजनाओं का लाभ लेने हेतू प्रेरित करने का काम करें। मौके पर सूनील टुडू, मालिक अस्तर, प्रधान हांसदा सहित दर्जनों की संख्या में महिला व पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गोपालगंज में रविवार को होने वाला ईश निशांत कुमार का सद्भाव यात्रा स्थगित,- प्रमोद कुमार पटेल

**गोपालगंज-** जनता दल यूनाइटेड जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल ने बताया की गोपालगंज जिला मे 10 मई 2026 रविवार को जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के सुपुत्र जदयू नेता ईश निशांत कुमार का सद्भाव यात्रा कार्यक्रम के तहत आने का कार्यक्रम था! श्री निशांत कुमार को मंत्रिमंडल में शामिल होने और स्वस्थ्य विभाग जैसे मंत्रालय की जिम्मेदारी संभालने के कारण सद्भाव यात्रा पर गोपालगंज आने का कार्यक्रम तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है अब भविष्य में फिर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार होगी उसके तहत गोपालगंज में आने का तिथि एवं समय निर्धारित की किया जायेगा !

# गन्ना नियंत्रण आदेश 1966 में संशोधन वापस लो

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**पटना।** बिहार राज्य ईख उत्पादक संघ के महासचिव प्रभुराज नारायण राव ने गन्ना नियंत्रण आदेश 1966 में भारत सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय तथा सार्वजनिक विभाग कृषि भवन,नई दिल्ली लाए गए संशोधन बिल 2026 चीनी मिल मालिकों तथा तथा कॉर्पोरेट को राहत देने तथा गन्ना किसानों को और लूटने का मौका देना है। उन्होंने बताया कि 25 किलो मीटर की दूरी पर चीनी मिलों को लगाने का मतलब किसानों पर आर्थिक बोझ लादने तथा चीनी मिलों के रिजर्व क्षेत्र को बढ़ा कर किसानों को लूटने की योजना है।आज गन्ने की खेती लगातार घाटे की खेती बनती जा रही है।किसानों को मिलने वाले अनुदानों में लगातार कटौती होती जा रही है।चीनी मिलों द्वारा किसानों को मिलने वाले खाद,बीज से अनुदान हटाने और महंगी कीट नाशक दवाओं के शर्त पर खाद, बीज के माध्यम से किसानों को लूटा जा रहा है। बन्द पड़े चीनी मिलों पर किसानों का भारी बकाया है।जिसे किसानों को दिलाने के लिए सरकार द्वारा कोई पहल नहीं किया जा रहा है।जबकि शुगर कंट्रोल एक्ट 1966 के आदेश के द्वारा 14% ब्याज के साथ गन्ना किसानों को पैसा देना है। बिहार सरकार द्वारा अधिग्रहीत चीनी मिलों को चालू करने की पूरी जवाबदेही थी।किसानों के बकाए राशि का भुगतान करने की भी जवाबदेही थी।किसानों के गन्ने की पेराई और नियमित भुगतान करने की भी जवाबदेही थी।लेकिन बिहार सरकार अपनी जवाबदेहियों से मुकरती रही है। उन्होंने कहा कि आज बिहार में 29 चीनी मिलों में से मात्र 9 चीनी मिलें चल रही है।शेष 20 चीनी मिलें बंद पड़े हैं।जिस पर किसानों का 364 करोड़ रुपए बकाया है।किसानों के बकाए राशि के भुगतान के लिए बिहार सरकार कभी भी कोई प्रयास नहीं किया है।बिहार के 11 जिलों में पहले गन्ना की खेती होती थी।इस नगदी फसल से किसानों को लाभ मिलता था। लेकिन आज गन्ने की खेती 5 जिलों में सिमट कर रह गई है। 2025 के विधान सभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रथम कैबिनेट की बैठक में 9 बंद पड़े चीनी मिलों तथा 25 नए चीनी मिलों को चालू करने का निर्णय लिया था।लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।तब तक भाजपा के सम्राट चौधरी के नेतृत्व में सरकार बन गई।इस तरह वह फैसले अधर में लटके हुए हैं।

उन्होंने बिहार सरकार से मांग किया कि

1. किसानों के गन्ना को चीनी मिलों तक पहुंचाने का आर्थिक भार मिलों को दिया जाए।
2. गन्ने की कटाई और ढुलाई की जवाबदेही भी चीनी मिलों का हो।
3. चीनी मिलों द्वारा हो रहे घटतौली पर चीनी मिलों पर मुकदमा कर जेल दिया जाए।
4. नई चीनी मिलों को सहकारिता के माध्यम से खोला जाए।
5. गन्ना का मूल्य 550 रुपए प्रति क्विंटल किया जाए।
6. गन्ना से चीनी निकलने के बाद उसके वायो प्रोडक्ट के मुनाफे का आधा हिस्सा गन्ना किसानों को दिया जाए।
7. बंद पड़े सभी चीनी मिलों सहित प्रस्तावित नए चीनी मिलों को चालू किया जाए।

# किसानों के हित में प्रशासन सख्त, कृषि दुकानों में चला जांच अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लातेहार, झारखंड:-** लातेहार उपायुक्त संदीप कुमार के निर्देश पर जिले में किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद एवं बीज उपलब्ध कराने को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आया। इसी क्रम में लातेहार अनुमंडल क्षेत्र में अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक के नेतृत्व में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारियों द्वारा विभिन्न कृषि दुकानों का सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया। जांच के दौरान खाद, बीज एवं कृषि से संबंधित अन्य सामग्रियों की उपलब्धता, निर्धारित मूल्य पर बिक्री, स्टॉक पंजी, लाइसेंस तथा गुणवत्ता मानकों की गहन जांच की गई। अधिकारियों ने दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को उचित दर पर गुणवत्तापूर्ण कृषि सामग्री उपलब्ध कराना हर हाल में सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने किसानों से भी बातचीत कर दुकानों की स्थिति और बिक्री व्यवस्था की जानकारी ली। साथ ही किसानों से अपील की गई कि यदि कहीं अधिक कीमत वसूली, कालाबाजारी या किसी प्रकार की अनियमितता की शिकायत मिले तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें। अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक ने कहा कि किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। खाद एवं बीज की जमाखोरी, कालाबाजारी अथवा निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि किसानों को समय पर उचित मूल्य पर खाद एवं बीज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगे भी जिलेभर में इस तरह का जांच अभियान लगातार जारी रहेगा।

# चंदवा क्रिएटिव अकैडमी में मदर्स डे पर भावनाओं और संस्कृति का संगम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**चंदवा, झारखंड:-** क्रिएटिव अकैडमी में मदर्स डे के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी माताओं के प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों ने गीत, नृत्य एवं भाषण के माध्यम से मां के त्याग, समर्पण और जीवन में उनके महत्व को खूबसूरती से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ. मनु गुप्ता ने महिलाओं की शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक मां के शिक्षित होने से पूरा परिवार और समाज शिक्षित होता है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में बेटियों को शिक्षित करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि शिक्षित महिला ही समाज को सही दिशा देने का कार्य करती है। विद्यालय की उपप्राचार्य अमृत कौर ने कहा कि महिला शिक्षा समाज निर्माण की सबसे मजबूत नींव है। जब एक महिला शिक्षित होती है तो उसका सकारात्मक प्रभाव पूरे परिवार और समाज पर पड़ता है। शिक्षिका खुशी कुमारी ने कहा कि समाज की रूढ़िवादी सोच को बदलने के लिए शिक्षा बेहद जरूरी है। बच्चे अपनी मां का अनुकरण करते हैं, इसलिए माताओं का शिक्षित होना अनिवार्य है। वहीं शिक्षक रवि रंजन कुमार ने मां को त्याग और बलिदान की प्रतिमूर्ति बताते हुए कहा कि मां के बिना जीवन अधूरा है। उन्होंने बच्चों से हमेशा अपने माता-पिता का सम्मान करने की अपील की। कार्यक्रम में शिक्षिका राखी दास, रितु कुमारी, प्रीति पाठक, वर्षा कुमारी, सनिका वर्मा, निखिल वर्मा एवं मुस्कान ने संयुक्त रूप से कहा कि विद्यालय के शिक्षक बच्चों को परिवार के सदस्य की तरह मार्गदर्शन देते हैं। उन्होंने अभिभावकों, विशेषकर माताओं से बच्चों को सही दिशा और संस्कार देने की अपील की। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे।

## पाकुड़ व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन

**पाकुड़, झारखंड:-** राष्ट्रीय लोक अदालत का वर्चुअल उद्घाटन न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद न्यायाधीश झारखंड उच्च न्यायालय सह कार्यकारी अध्यक्ष झालसा रांची द्वारा किया गया।इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ कुमार क्रांति प्रसाद की अध्यक्षता में पाकुड़ व्यवहार न्यायालय के कॉन्फ्रेंस हाल में सभी न्यायिक पदाधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से जुड़कर शामिल हुए।राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल आठ बेंचो का गठन किया गया। जिसमें 17573 वादों का निष्पादन किया गया। साथ ही 12 करोड़ 46 लाख 82 हजार 658 रुपए का समझौता कराया गया। मौके पर प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय रजनीकांत पाठक, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजीत कुमार चंद्र, डालसा सचिव रूपा बंदना किरो अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विशाल मांझी, पैनल अधिवक्ता, लीगल एड डिफेंस कॉन्सिल सिस्टम के अधिवक्ता, मेडियटर अधिवक्ता, स्थाई लोक अदालत केअध्यक्ष, विभिन्न बैंकों के अधिकारी,न्यायालय कर्मी, संबंधित विभाग के अधिकारी पैरा लीगल वॉलिंटियर्स समेत वादी प्रतिवादी उपस्थित रहे।

# हजारीबाग पुलिस अधीक्षक ने 39 पुलिस पदाधिकारियों का किया तबादला

**● चन्द्रशेखर कुमार सदर, सरोज सिंह चौधरी कटकमदाग, मृत्युंजय सिंह दारू, राधा रागिनी महिला थाना प्रभारी बरही व पंकज कुमार बने चौपारण थाना प्रभारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हजारीबाग, झारखंड:-** हजारीबाग जिले की कानून और विधि-व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने और अपराध पर नकेल कसने के उद्देश्य से हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने एक बड़ा प्रशासनिक कदम उठाया है। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार, जिले के विभिन्न थानों, अंचलों और पुलिस चौकियों में तैनात कुल 39 पुलिस पदाधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। ज्ञापांक 1257/गो. के माध्यम से जारी इस आदेश में सभी अधिकारियों को 24 घंटे के भीतर अपनी नई पोस्टिंग पर योगदान देने का सख्त निर्देश दिया गया है। तबादला सूची के अनुसार, पुलिस निरीक्षक चन्द्रशेखर कुमार को बरही अंचल से हटाकर सदर थाना प्रभारी की कमान सौंपी गई है। वहीं, सदर थाना के सुभाष सिंह अब विष्णुगढ़ थाना प्रभारी होंगे। यातायात प्रभारी अनिल कुमार को बरही अंचल भेजा गया है, जबकि सपन कुमार महथा को विष्णुगढ़ से पेलावल अंचल की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अतिरिक्त शाहिद रजा को बड़कागाँव अंचल, बिमल लकड़ा को दारू अंचल और अमित लाखा को साइबर थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। सब-इंस्पेक्टर स्तर पर भी व्यापक बदलाव किए गए हैं। अजीत कुमार-01 को कोर्रा से हटाकर चरही का थाना प्रभारी बनाया गया है, जबकि राणा प्रताप सिंह अब केरेडारी के थाना प्रभारी होंगे। मृत्युंजय कुमार सिंह को दारू थाना, नेमधारी रजक को कोर्रा थाना, सरोज सिंह चौधरी को कटकमदाग थाना और मुकेश कुमार सिंह को मुफस्सिल थाने का प्रभारी बनाया गया है। मुकेश कुमार रजक को बड़ाबाजार ओपी, इकबाल हुसैन को गिद्दी थाना, पंकज कुमार को चौपारण थाना और आशिष कुमार भगत को बरकठा थाने की जिम्मेदारी मिली है। प्रशासनिक दृष्टिकोण से महिला थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में भी बदलाव हुआ है। सदर महिला थाना प्रभारी कुमारी राधा रागनी का तबादला बरही महिला थाना में कर दिया गया है। वहीं, बरही महिला थाना की प्रभारी किरण कच्छप अब सदर महिला थाना की नई प्रभारी होंगी। सूची में शामिल अन्य अधिकारियों में अनुपम प्रकाश को कटकमसांडी थाना, रवि रंजन को गोरहर थाना, प्रमोद कुमार राय को पेलावल ओपी थाना प्रभारी बनाया गया है। पंकज सिन्दुरियाँ को मुफस्सिल थाना, विवेक कुमार को लोहसिंघना, रोशन वर्णवाल व कुन्दन कान्त बिमल को सदर थाना भेजा गया है। इनके अलावा सूरज चेल विष्णुगढ़, नितीश कुमार सिंह लोहसिंघना, खालिद ईकबाल बरकठा, शमशेर बहादुर सिंह बरही, संदीप कुमार पदमा ओपी, कृष्ण कुमार गुप्ता व कुनाल किशोर चौपारण, राजेश कुमार भोक्ता बरही और शिवम् कुमार गुप्ता विष्णुगढ़ को नई जिम्मेदारियां दी गई हैं। कोर्ट मालखाना की जिम्मेदारी अब रामदास राम संभालेंगे। वहीं शशिकान्त पासवान को बरकठा और रतन शर्मा को लोहसिंघना थाना भेजा गया है। एसपी ने निर्देश दिया है कि सभी अधिकारी तत्काल प्रभाव से अपनी नई भूमिका में कार्यभार ग्रहण करें और इसकी सूचना मुख्यालय को दें।

# 2.69 करोड़ के सेटलमेंट के साथ संपन्न हुई राष्ट्रीय लोक अदालत

**●अरविंद नाथ शहदेव रहे आकर्षण का केंद्र**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लातेहार, झारखंड:-** व्यवहार न्यायालय लातेहार में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में न्याय का महाअभियान देखने को मिला। एक ही दिन में 15 हजार 334 मामलों का निष्पादन कर लोगों को त्वरित राहत प्रदान की गई। इस दौरान कुल 2 करोड़ 69 लाख 35 हजार रुपये का सेटलमेंट भी किया गया। कार्यक्रम का ऑनलाइन उद्घाटन झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सह झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद ने किया। आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेषनाथ सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए कुल सात बेंचों का गठन किया गया था। इन बेंचों में पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना, बैंकिंग, बिजली, चेक बाउंस, सिविल एवं प्री-लिटिगेशन मामलों का निष्पादन किया गया। मोटर दुर्घटना के दो मामलों का 16 लाख 50 हजार रुपये में निपटारा हुआ, जबकि चेक लेन-देन के तीन मामलों में 4 लाख 10 हजार रुपये का सेटलमेंट किया गया। बैंकिंग से जुड़े 1329 मामलों सहित हजारों प्री-लिटिगेशन मामलों का समाधान कर आम लोगों को बड़ी राहत दी गई। लोक अदालत के दौरान जेएसएलपीएस के माध्यम से 46 सखी मंडलों को 46 लाख रुपये का चेक भी प्रदान किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेषनाथ सिंह ने महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने तथा बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता में लातेहार जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष लाल अरविंद नाथ शहदेव की सक्रिय भूमिका चर्चा का केंद्र रही। उन्होंने अधिवक्ताओं और वादकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन में अहम योगदान दिया।

इस मौके पर उपायुक्त सह डालसा उपाध्यक्ष संदीप कुमार, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव शिवम चौरसिया, बार एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार सहित न्यायिक पदाधिकारी, अधिवक्ता, बैंक कर्मी एवं बड़ी संख्या में वादकारी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत 9 मई को 97 गर्भवती महिलाओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड-** प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 9 मई को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत 97 गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच डॉक्टर अभय श्राफ ने की। इस अवसर पर डॉक्टर मंजर आलम, गंगा शरण साह, तकनीशियन निगेश प्रसाद, अटल प्रसाद, शैलेन्द्र सोरेन, नित्य पाल, अलख निरंजन, राजकुमार, योगेश प्रसाद, नर्से एवं मेडिकल स्टाफ गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते दिखे। बताया जाता है कि महीने की प्रत्येक 9 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की जाती है। मिली सूचना के अनुसार यदि किसी कारणवश महिला उक्त तिथि को जांच नहीं करा सकी तो महीने के अंतिम सप्ताह में जांच करा सकती है। बताते चलें कि पाकुड़िया प्रखंड के सुदूर विभिन्न ग्रामीण इलाकों से स्वास्थ्य सहिया के साथ गर्भवती महिलाएं स्वास्थ्य परीक्षण हेतु आती हैं। जांच के बाद आवश्यक दवा दी गई और हल्के घरेलू काम करने को कहा गया ताकि शारीरिक स्फूर्ति बनी रहे। महिलाओं को मौसमी फल व सब्जियां खाने की सलाह दी गई।

# अनमास्क्ड साइबर सिक्योरिटी ने सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गर्ल्स में चलाया साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान

**● छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव की दी गई जानकारी**

**सोशल मीडिया, ओटीपी धोखाधड़ी और फिशिंग अटैक पर किया गया जागरूक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंड:-** डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों और ऑनलाइन ठगी के मामलों को देखते हुए सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गर्ल्स, स्कूल में शनिवार को साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अनमास्क्ड साइबर सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया, जिसमें छात्राओं को इंटरनेट और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अनमास्क्ड साइबर सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक एवं निदेशक सौरव विश्वकर्मा रहे। उन्होंने छात्राओं को साइबर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग तेजी से बढ़ा है, ऐसे में सतर्कता और जागरूकता बेहद जरूरी हो गई है। उन्होंने सोशल मीडिया प्राइवेसी, ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग अटैक, फर्जी लिंक, ओटीपी धोखाधड़ी और सुरक्षित इंटरनेट उपयोग जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की। सत्र के दौरान छात्राओं को बताया गया कि किस प्रकार छोटी-छोटी सावधानियां अपनाकर साइबर अपराधों से बचा जा सकता है। वक्ताओं ने उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि अनजान लिंक पर क्लिक करना, किसी के साथ पासवर्ड या ओटीपी साझा करना तथा संदिग्ध वेबसाइटों का उपयोग करना खतरनाक साबित हो सकता है। कार्यक्रम में छात्राओं ने काफी उत्साह के साथ भाग लिया और साइबर सुरक्षा से जुड़े सवाल भी पूछे। संवादात्मक सत्र के माध्यम से उन्हें वास्तविक जीवन में होने वाले साइबर अपराधों से बचने के व्यावहारिक तरीके बताए गए। विद्यालय प्रशासन ने कार्यक्रम को वर्तमान समय की जरूरत बताते हुए कहा कि विद्यार्थियों को तकनीक के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग की जानकारी देना आवश्यक है, ताकि वे भविष्य में साइबर अपराधों का शिकार होने से बच सकें। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों को सुरक्षित डिजिटल नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं और उन्हें इंटरनेट की दुनिया में सतर्क रहने का संदेश देते हैं।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, पांच घायल

**● तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पलटने से हुआ हादसा, शादी समारोह से लौट रहे थे सभी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंड:-** गोविंदपुर-साहिबगंज हाईवे पर नारायणपुर थाना क्षेत्र के मिरगा के पास शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गए। हादसा शनिवार तड़के करीब एक बजे उस समय हुआ जब तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर कई बार पलट गई। मृतक की पहचान नारोडीह निवासी मिराज अंसारी (18) पिता सफाउल अंसारी के रूप में हुई है। वहीं हादसे में इदू अंसारी (35), इरफान अंसारी (18), खलील अंसारी (25), वसीम अंसारी (18) तथा सुलेमान अंसारी (17) घायल हो गए। सभी नारोडीह गांव के निवासी बताए गए हैं। जानकारी के अनुसार, नारोडीह निवासी मुजफ्फर अंसारी की शादी के सिलसिले में सभी लोग स्कॉर्पियो वाहन से नारायणपुर थाना क्षेत्र के चंपापुर बारात गए थे। विवाह समारोह में शामिल होने के बाद सभी देर रात वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान मिरगा के पास वाहन की गति अधिक होने के कारण चालक का संतुलन बिगड़ गया और स्कॉर्पियो सड़क पर तीन-चार बार पलट गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणपुर पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मिराज अंसारी को मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य घायलों की प्राथमिक चिकित्सा के बाद बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया। वर्तमान में घायलों का इलाज धनबाद में चल रहा है। बताया जाता है कि मिराज अंसारी अपने माता-पिता की इकलौती संतान थे। वह बाहर रहकर पढ़ाई कर रहे थे और कुछ दिन पहले ही घर लौटे थे। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इलाके में भी शोक का माहौल बना हुआ है।

## बरही अनुमंडल में अपराध नियंत्रण को लेकर एसपी अमन कुमार ने की समीक्षा बैठक

**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** पुलिस अधीक्षक हजारीबाग अमन कुमार (भा.पु.से.) ने बरही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में अनुमंडलीय क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी थाना एवं ओपी के पुराने और नए कांडों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में लंबित मामलों के निष्पादन, अपराध नियंत्रण तथा अनुसंधान कार्यों की प्रगति पर विशेष चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने कांडों के अनुसंधानकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए मामलों के त्वरित निष्पादन पर जोर दिया। उन्होंने लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने, अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने तथा विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने का निर्देश दिया। एसपी अमन कुमार ने थाना प्रभारियों को क्षेत्र में लगातार गश्ती अभियान चलाने, वारंटियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने तथा आम लोगों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि पुलिस की प्राथमिकता आम जनता को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। बैठक में बरही एसडीपीओ अजित कुमार बिमल, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार समेत अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी, पुलिस अवर निरीक्षक एवं एसडीपीओ कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

# बरही में पर्यवेक्षक एवं प्रगणकों का जनगणना प्रशिक्षण संपन्न

**● जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण को लेकर सात बैच में दिया गया प्रशिक्षण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** बरही प्रखंड में जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण को लेकर पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। यह प्रशिक्षण 27 अप्रैल से प्रारंभ होकर 9 मई तक चला, जिसमें प्रखंड स्तर पर नियुक्त सभी पर्यवेक्षकों और प्रगणकों को विस्तृत जानकारी दी गई। चार्ज पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी बरही जयपाल महतो ने बताया कि झारखंड में 1 मई से 15 मई तक स्वगणना का कार्य चल रहा है। इसके बाद 16 मई से वास्तविक जनगणना के तहत मकान सूचीकरण का कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसके सफल संचालन में प्रशिक्षित कर्मियों की अहम भूमिका होती है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में फील्ड ट्रेनर अयोध्या कुम्हार, राजेंद्र आर्य, डॉ. सुनील यादव, मथुरा प्रसाद, तुलसी कुमार दास एवं बमबम कुमार राम ने सात अलग-अलग बैचों में सभी पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान मकान सूचीकरण, डेटा संकलन, डिजिटल प्रक्रिया एवं जनगणना से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण समाप्ति के अवसर पर सहायक चार्ज पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने सभी प्रशिक्षकों, पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने उम्मीद जताई कि जनगणना कार्य भी पूरी जिम्मेदारी एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### पिकअप ने स्कूटी में मारी टक्कर, छात्रा गंभीर घायल

**कोंच(जालौन)-** स्कूल से घर लौट रही एक छात्रा सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गई। कस्बे के कंजड़ बाबा मंदिर तिराहे पर तेज रफ्तार पिकअप ने इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों ने उसे निजी वाहन से नर्सिंग होम पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद झांसी रेफर कर दिया गया। चदुर्रा गांव निवासी नैंसी अहिरवार (15) सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में हाईस्कूल की छात्रा है। शनिवार को वह अपने भाई अनिल के साथ इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी पर सवार होकर स्कूल से घर लौट रही थी। तभी कंजड़ बाबा मंदिर तिराहे पर सामने से आ रही एक पिकअप ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने घायल छात्रा को तत्काल कस्बे के एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद छात्रा को झांसी रेफर कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार छात्रा के पैर में फ्रैक्चर हुआ है।

### शहीद रेल कर्मियों को दी श्रद्धांजलि

**मोमबत्ती जलाकर रखा दो मिनट का मौन**



**ललितपुर।** शहीद दिवस के अवसर पर स्थानीय शाखा कार्यालय में कार्यकारी अध्यक्ष शांतनु पुरोहित की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रेल कर्मचारियों के अधिकारों की लड़ाई में शहीद हुए रेल कामगार साथियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उपस्थित कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों ने मोमबत्ती जलाकर शहीदों को नमन किया तथा दो मिनट का मौन रखकर उनके बलिदान को याद किया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने शहीद रेल कामगारों के संघर्ष, त्याग और बलिदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रेल कर्मचारियों के अधिकारों और सम्मान की लड़ाई में शहीद हुए साथियों का योगदान हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संयुक्त शाखा सचिव सचिन यादव, शाखा कोषाध्यक्ष सुभाष यादव, शाखा उपाध्यक्ष पूरनलाल एवं कैलाश नारायण, सहायक शाखा सचिव प्रेमचंद मीणा, वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेंद्र पाल, जितेंद्र नामदेव, रुपेश यादव, रिपुसूदन प्रसाद, सारांश दुबे, राहुल रजक, सुरेंद्र कुमार, मोहम्मद मुजीब खान, शिवशंकर सैनी, हरिमोहन वैद्य, दिनेश राजपूत, नितिन मालवीय सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन शाखा सचिव सागर अग्निहोत्री ने किया।

### जनपद के समस्त थानों पर आयोजित हुआ थाना समाधान दिवस

**अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय थाना रॉबर्ट्सगंज पर व समस्त क्षेत्राधिकारीगण/थाना प्रभारी द्वारा सम्बन्धित थानों पर सुनी गयी जनता की समस्याएं**



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** शनिवार दिनांक 09.05.2026 को जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज पर जन समस्याओं को सुना गया तथा समस्त क्षेत्राधिकारीगण/थाना प्रभारीगण द्वारा सम्बन्धित थानों पर जनता की समस्याएं सुनी गयी। समाधान दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों में से अनेक प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से निर्देशित किया गया कि भूमि सम्बन्धी समस्त प्रकरणों का निस्तारण पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा समन्वय स्थापित करते हुए किया जाए, जिससे फरियादियों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें तथा प्रकरणों का त्वरित, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निस्तारण सुनिश्चित हो सके। जनपद में पूर्व से पुलिस से सम्बन्धित 03 व राजस्व से सम्बन्धित 84 प्रार्थना पत्र लम्बित थे एवं आज के दिन प्राप्त शिकायत प्रार्थना पत्रों में पुलिस से सम्बन्धित कुल 09 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 02 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। वहीं राजस्व विभाग से सम्बन्धित कुल 157 प्रार्थना पत्रों में से 79 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष बचे प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करते हुए शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# फ्लोरोसिसिस प्रभावित क्षेत्रों में हर घर नल योजना फ्लॉप, ग्रामीणों ने किया जोरदार प्रदर्शन

**● फ्लोराइड युक्त व नदी-नाले का पानी पीने को विवश, कार्यदायी संस्था के प्रति फूटा लोगों का गुस्सा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र।** जनपद के नवसृजित विकास खंड कोन अंतर्गत जल जीवन मिशन हर्रा-कदरा ग्राम समूह पेयजल योजना के तहत संचालित 'हर घर नल योजना' धरातल पर पूरी तरह विफल साबित हो रही है। कई ग्राम पंचायतों में नल कनेक्शन का कार्य अब तक अधूरा पड़ा है और जहां कनेक्शन किए भी गए हैं, वहां वर्षों बाद भी पानी की एक बूंद तक नहीं पहुंची है। इससे नाराज ग्रामीणों ने शनिवार को जोरदार प्रदर्शन कर संबंधित कार्यदायी संस्था के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। ग्रामीणों का आरोप है कि कार्यदायी संस्था 'विष्णु प्रकाश आर पुंगलिया लिमिटेड' द्वारा कार्य में भारी अनियमितताएं बरती गई हैं। शिकायतों के बाद कुछ स्थानों पर सड़क किनारे पाइप ढकने और मरम्मत का कार्य शुरू तो किया गया, लेकिन वह भी अधूरा छोड़ दिया गया। लोगों का कहना है कि डीआई पाइप, एचडीपी एवं एमडीपीई पाइपलाइन की गुणवत्ता और गहराई मानकों के अनुरूप नहीं है, जिसका अंदाजा जगह-जगह उखड़ी पाइपलाइन और खराब कार्य से लगाया जा सकता है।

फ्लोरोसिस प्रभावित कचनरवा, कुड़वा और आसपास के क्षेत्रों में हर घर नल योजना लोगों के लिए वरदान की जगह अभिशाप बन गई है। ग्रामीणों के अनुसार आधार कार्ड के आधार पर कनेक्शन तो दे दिए गए, लेकिन वर्षों से जलापूर्ति बंद पड़ी है। कचनरवा ग्राम पंचायत के टोला असनाबांध वार्ड नंबर-3 में आज तक नियमित जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। पानी की समस्या को लेकर ग्रामीण कई बार प्रदर्शन कर चुके हैं, लेकिन विभाग और संस्था पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। वरिष्ठ समाजसेवी बिहारी प्रसाद यादव ने आरोप लगाया कि आज भी क्षेत्र के लोग नदी-नाले और चुहाड़ का दूषित पानी पीने को मजबूर हैं, जिससे फ्लोरोसिस जैसी गंभीर बीमारी फैल रही है। उन्होंने कहा कि ऐसी लापरवाह और भ्रष्ट संस्था को तत्काल ब्लैकलिस्ट किया जाना चाहिए ताकि सरकार की छवि धूमिल न हो।

ग्रामीणों का कहना है कि चांची खुर्द, नकतवार, मिश्री, खरौंधी, रोरवा, किशुनपुरवा, ललकीदामर, कचनरवा, असनाबांध, बड़ाप, रोहिनवादामर, नरोईयादामर, मधुरी, बागेसोती, सिंगा, कुड़वा, धौरवादामर, शिवाखाड़ी, डीलवाहा, गोबरदाहा, पीपरखाड़, बिछमरवा, धंगरडीहा, डुबवा, सेमरवादामर, धीचोरवा, केवाल, डोमा, बहुआरा समेत कई गांवों में जलापूर्ति अब तक शुरू नहीं हो सकी है। सबसे हैरानी की बात यह है कि डब्ल्यूटीपी से सटे गांव बड़ाप तक में पानी नहीं पहुंच पाया। शनिवार को क्षेत्र पंचायत सदस्य लाल बहादुर चौधरी की अगुवाई में असनाबांध में ग्रामीणों ने जल निगम एवं संबंधित संस्था के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने संस्था को ब्लैकलिस्ट कर दूसरी एजेंसी से तत्काल कार्य पूर्ण कराकर जलापूर्ति बहाल करने की मांग की। जिला पंचायत छविंद्र नाथ चेरो ने आरोप लगाया कि कचनरवा के असनाबांध वार्ड-3, मुख्य बाजार, मधुरी, नरोईयादामर, बड़ाप, सिंगा और बागेसोती क्षेत्रों में वर्षो से पानी नहीं पहुंच रहा है और संस्था लगातार झूठे आश्वासन देकर लोगों को गुमराह कर रही है।

प्रदर्शन में क्षेत्र पंचायत सदस्य लाल बहादुर चौधरी, राजेंद्र उरांव, लालचंद, गोपाल, मनोज, मनिया देवी, जलवंती देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। लोगों ने मुख्यमंत्री एवं जिलाधिकारी से हस्तक्षेप कर शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराने तथा दोषी संस्था के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। इसी क्रम में सरकारी सस्ते गल्ले के दुकानदार बसंतलाल जायसवाल ने बताया कि ग्राम पंचायत कचनरवा के टोला लौकवाखाड़ी में हैंडपंप खराब या ठप होने से राशन कार्ड धारकों को भीषण गर्मी में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने शीघ्र हैंडपंप रीबोर कराने की मांग की।




इस संबंध में खंड विकास अधिकारी कोन डॉ. जितेंद्र नाथ द्विवेदी ने जांच कर प्राथमिकता के आधार पर हैंडपंप रीबोर कराने का आश्वासन दिया है। वहीं अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे रोहित यादव ने कहा कि नदी की धारा बदलने से इंटेकवेल पर पानी की समस्या उत्पन्न हुई है, जिस पर कार्य कराया जा रहा है और जल्द ही जलापूर्ति बहाल की जाएगी। हालांकि संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर सुदर्शन विंद से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका मोबाइल फोन रिसीव नहीं हुआ। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि भीषण गर्मी में लोगों को स्वच्छ पेयजल मिल पाएगा या फिर सरकार की महत्वाकांक्षी नमामि गंगे जल जीवन मिशन योजना भी भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ जाएगी।

## चोपन पुलिस द्वारा सराहनीय कार्य, 03 नाबालिग बच्चों को सकुशल चाइल्ड हेल्प लाइन टीम को किया सुपुर्द



**चोपन/सोनभद्र-** दिनांक 08.05.2026 को डायल-1098 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि तेलगुड़वा क्षेत्र में 03 नाबालिग बच्चे बिना किसी अभिभावक के मौजूद हैं। सूचना प्राप्त होते ही प्रभारी निरीक्षक थाना चोपन मय हमराह पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचे, जहां तीनों बच्चे मिले। पूछताछ के दौरान बच्चों ने अपना नाम क्रमशः -कैरा पुत्र शिवकुमार उम्र करीब 08 वर्ष, टेम्पू पुत्र शिवकुमार उम्र करीब 05 वर्ष, कल्लू पुत्र शिवकुमार उम्र करीब 06 वर्ष किन्तु अपना पता सही तरीके से नहीं बता पा रहे थे। पुलिस टीम द्वारा बच्चों की पहचान कराने हेतु आसपास के गांवों में प्रयास किया गया, लेकिन किसी द्वारा उनकी पहचान नहीं की जा सकी। तत्पश्चात चाइल्ड हेल्प लाइन सोनभद्र को दूरभाष के माध्यम से सूचना दी गई। बच्चों को थाना चोपन लाया गया, जहां चाइल्ड हेल्प लाइन सोनभद्र की टीम के सदस्य रविन्द्र कुमार पुत्र छविनाथ अपनी टीम सहित उपस्थित मिले। आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए तीनों बच्चों को सकुशल चाइल्ड हेल्प लाइन टीम सोनभद्र की सुपुर्दगी में दिया गया।

## डीएवी के प्रसिद्ध श्रीवास्तव ने जिले में लहराया परचम

**● हिंदुस्तान ओलंपियाड - 2026 में जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय और गुरुजनों का बढ़ाया मान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बीजपुर/सोनभद्र-** डीएवी पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी, रिहंदनगर के पांचवीं का छात्र प्रसिद्ध श्रीवास्तव ने प्रतिष्ठित हिंदुस्तान ओलंपियाड -- 2026 में जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हिंदुस्तान मीडिया वेंचर्स लिमिटेड द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रसिद्ध श्रीवास्तव ने अपनी उत्कृष्ट बौद्धिक क्षमता, तार्किक सोच और अकादमिक उत्कृष्टता का प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। इस शानदार उपलब्धि के लिए विद्यालय के प्रार्थना सभागार में प्राचार्य श्री राजकुमार ने प्रसिद्ध श्रीवास्तव को हिंदुस्तान अख़बार की ओर से प्रशस्तिपत्र, मेडल एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय की ओर से प्रसिद्ध श्रीवास्तव के पिताजी डॉ0 राजेश कुमार श्रीवास्तव को भी अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्राचार्य राजकुमार ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के साथ-साथ पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। प्राचार्य ने कहा कि जो बच्चे ओलंपियाड में टॉपर्स नहीं हुए हैं, उन्हें निराश नहीं होना चाहिए। जो जितना साहसी होगा, परिश्रम करेगा; वह उतना हीं आगे बढ़ेगा।



उन्होंने कहा कि निरंतर प्रयास, अनुशासन और सकारात्मक सोच ही आपको आगे ले जाएगी। इस अवसर पर डॉ राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि प्रसिद्ध श्रीवास्तव की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से हीं यह संभव हो सका है। उन्होंने कहा कि हम अखबार की इस पहल की सराहना करते हैं जो विद्यार्थियों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का अवसर प्रदान करता है। ओलंपियाड के इंचार्ज शिक्षक नीरज गुप्ता ने कहा कि डीएवी परिवार प्रसिद्ध श्रीवास्तव के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है। मुझे विश्वास है कि आने वाले वर्षों में प्रसिद्ध के साथ-साथ विद्यालय के अन्य अनेक छात्र हिंदुस्तान ओलंपियाड के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर अपना और इस क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। ओलंपियाड समग्र विकास एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अति आवश्यक है। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक विजय कुमार तिवारी,जय सिंह,एस पी तिवारी, डी सी शुक्ला, मीना सिंह, अरूण कुमार सिंह, माधुरी यादव, श्रद्धा ठाकरे, नम्रता चौधरी, शुभेंद्र कुमार, कंचन कुमारी आदि के साथ-साथ पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित रहे।

## सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ककरी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया मातृ दिवस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अनपरा/सोनभद्र-** एनसीएल ककरी परियोजना आवासीय परिसर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ककरी के प्रांगण में 'मातृ दिवस' (Mothers' Day) का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में माताओं के सम्मान और समाज में उनके अद्वितीय योगदान पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि उमा तिवारी (धर्मपत्नी विद्यालय के प्रबंधक जेपी तिवारी) एवं विशिष्ट अतिथि गीता देवी द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अतिथियों का औपचारिक परिचय वेदवती द्वारा कराया गया। अनामिका एवं स्वाति द्वारा मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि का अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विद्यालय के प्रबंधक जगदीश्वरी प्रसाद तिवारी को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया।




विद्यालय की बहनों ने तू कितनी अच्छी है माँ, कितनी भोली है, प्यारी-प्यारी माँ.जैसे भावपूर्ण गीतों की प्रस्तुति दी, जिससे वहां उपस्थित सभी लोगों को भावविभोर कर दिया। मुख्य अतिथि उमा तिवारी ने अपने उद्बोधन में जीवन में माँ के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि माँ संस्कार की पहली पाठशाला होती है। वहीं विशिष्ट अतिथि गीता देवी ने कहा कि माँ के प्रति सम्मान केवल एक दिन (मातृ दिवस) तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि हमारे जीवन का हर दिन माँ के नाम होना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिव जी राय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सृष्टि में माँ का स्थान सर्वश्रेष्ठ है और उनकी सेवा ही सबसे बड़ी पूजा है।कार्यक्रम के दौरान स्वाति ने उपस्थित सभी भैया-बहनों और जनसमूह को माँ के प्रति अटूट निष्ठा और सेवा भाव रखने की शपथ दिलाई।कार्यक्रम के अंत में आए हुए सभी अतिथियों का आभार प्रदर्शन कार्यक्रम की संयोजिका सुनीता द्वारा किया गया। इस गरिमामयी अवसर पर विद्यालय के आचार्य गण तथा बड़ी संख्या में भैया-बहनों की माताएं उपस्थित रहीं।संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन अंकिता पांडे ने किया।

## सिद्धि सागर एकेडमी में मदर्स डे धूमधाम से मनाया

**● बच्चों ने ग्रीटिंग कार्ड देकर जताया प्यार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता


**ललितपुर।** सिद्धि सागर एकेडमी में मदर्स डे के उपलक्ष्य में शनिवार को एक भव्य एवं भावनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्री-प्राइमरी कक्षाओं के नन्हे बच्चों ने अपनी शिक्षिकाओं के सहयोग से अपनी माताओं के लिए आकर्षक ग्रीटिंग कार्ड तैयार किए और उन्हें भेंट कर अपने प्रेम व सम्मान का इजहार किया। पिंक डे थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों के साथ उनकी माताएं भी गुलाबी रंग के परिधानों में नजर आई, जिससे पूरा परिसर उत्साह और उल्लास से सराबोर दिखाई दिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अपनी माताओं को ग्रीटिंग कार्ड देकर उनके प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं माताओं ने भी अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। प्री-प्राइमरी कक्षाओं के बच्चों के साथ-साथ कक्षा 1 से 8 तक के छात्र-छात्राओं ने भी



नृत्य, गीत, कविता और भाषण प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर एकेडमी की डायरेक्टर रीता जैन ने कहा कि मां ही बच्चे की पहली गुरु और संस्कारों की पहली पाठशाला होती है। मां ही बच्चे को जीवन के शुरुआती कदमों से आगे बढ़ना सिखाती है, इसलिए भारतीय संस्कृति में मां का स्थान सर्वोच्च माना गया है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी माताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंकिता जैन, सीमा अरोरा, कल्पना, नीरज, सरिता, एकता, राशि, शिवानी, जेली, कल्पना राय, साथी, पूजा, महिमा, छाया, रश्मि, दृष्टि, महरीन, रजनी, रीना, हेमंत, अखिलेश, विवेक तथा धर्मेन्द्र सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा।

## ऑनलाइन ठगी के शिकार युवक को मिली वापस रकम

**कोतवाली की साइबर सेल बनी मददगार**



**तालबेहट।** कोतवाली पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित युवक की ठगी गई रकम वापस लौटाई। रकम वापस मिलने पर युवक के चेहरे पर मुस्कान आ गई। उसने मददगार बनी साइबर सेल को धन्यवाद दिया। कस्बा निवासी शाकिर खान पुत्र सईद खान ने एनसीआरपी पोर्टल पर अपने साथ हुई 21,950 रुपये वित्तीय ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके बाद साइबर सेल ने बैंक स्टेटमेंट व तकनीकी जांच के आधार पर विभिन्न वित्तीय एजेंसियों से संपर्क कर धनराशि होल्ड कराई और पूरी रकम पीड़ित के खाते में वापस कराई। रकम वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस की सराहना की।

## गेहूं खरीद केंद्रः डीएम ने किसानों से संवाद कर जाना हाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उरई(जालौन)-** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने एट मंडी परिसर में स्थापित खाद्य विपणन एवं पीसीएफ गेहूं क्रय केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्रय केंद्रों पर किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं, तौल व्यवस्था, साफ-सफाई, अभिलेखों के रखरखाव तथा खरीद प्रक्रिया की पारदर्शिता की बारीकी से समीक्षा की। जिलाधिकारी ने क्रय केंद्र पर उपस्थित किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं एवं सुझाव सुने। उन्होंने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप किसानों को बिना किसी असुविधा के गेहूं खरीद की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यदि किसी किसान को किसी भी प्रकार की परेशानी होती है तो वह सीधे प्रशासन से संपर्क कर सकता है, उसकी समस्या का तत्काल समाधान कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और इसी क्रम में इस वर्ष गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 रुपए प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है, ताकि किसानों को



उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खरीद प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से संचालित हो तथा किसानों को अनावश्यक इंतजार न करना पड़े। जिलाधिकारी ने क्रय केंद्रों पर गेहूं विक्रय कर चुके किसानों से दूरभाष पर बात कर फीडबैक भी लिया। किसानों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाएं इसी प्रकार बनाए रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मंडी सचिव को निर्देशित किया कि मंडी परिसर में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को स्वच्छ एवं व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। साथ ही उन्होंने पेयजल, छाया एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को भी दुरुस्त बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## अदम्य साहस के प्रतीक थे महाराणा प्रतापः परिहार

**क्षत्रिय महासभा ने मनाई जयंती**



**तालबेहट।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ललितपुर के तत्वावधान में शनिवार को महेंद्र सिंह महाविद्यालय में मेवाड़ नरेश महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह परमार ने कहा कि महाराणा प्रताप अदम्य साहस, वीरता और स्वाभिमान के प्रतीक थे। उन्होंने सनातन धर्म और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। अध्यक्षता कर रहे जीएस परिहार ने कहा कि महाराणा प्रताप ने मुगलों से संघर्ष करते हुए कभी आत्मसमर्पण नहीं किया। कार्यक्रम में शिरोमणि सिंह बुंदेला, जगदीश सिंह परमार, भगवत सिंह बैंस, देवेंद्र सिंह चौहान, राजेंद्र सिंह परमार, पुष्पेंद्र सिंह परमार, राजन सिंह, चंद्रभान सिंह परमार, रक्षपाल सिंह बुंदेला, अभिमन्यु सिंह बघेल और भारत भूषण सिंह बुंदेला सहित कई लोग मौजूद रहे। संचालन शिरोमणि सिंह बुंदेला ने किया।

## कुएं में कूदकर आत्महत्या करने के मामले में महिला समेत तीन पर एफआईआर दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** कुएं में छलांग लगाकर आत्महत्या करने के मामले में मृतक के बेटे ने महिला समेत तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है, जिसमें दस महीने पुरानी घटना का जिक्र करते हुए बताया गया कि सार्वजनिक रूप से बीच बाजार उसके पिता की चप्पलों से की गई पिटाई से परेशान होकर उन्हें यह आत्मघाती कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा। दी गई तहरीर में उस सुसाइड नोट का भी हवाला दिया गया है जो कुएं में छलांग लगाने से पहले मृतक ने कुएं के पास स्थित मंदिर की दीवार पर लिखा था।

गौरतलब है कि शुक्रवार की दोपहर कैलिया बाईपास स्थित ब्रजेंद्र शुक्ला के बगीचे में मंदिर के पास बने कुएं में प्रताप नगर कोंच निवासी मनोज कुमार हिंगवासिया का शव मिला था। उक्त प्रकरण में मृतक के बेटे प्रखर हिंगवासिया ने शनिवार को बजरंग दल और ब्राह्मण महासभा के मोनू पंडित, संतोष तिवारी, साकेत शांडिल्य, धर्मेंद्र बबेले, रंजन गोस्वामी, राघवेंद्र तिवारी, अमित रावत, आकाश उदैनिया, आकाश बुधौलिया, आशुतोष रावत, भास्कर दुवे, अमरेंद्र दुवे, आदित्य वैद, निर्मल गोस्वामी, अर्जुन वैद, ऋषभ विदुआ, सौरभ शुक्ला, ऋतिक दुवे, सनी दुवे, अर्पित वाजपेयी, विभोर सीरौठिया, अनूप सौनकिया, दीपू गोस्वामी, सुधीर गोस्वामी, कृष पाठक आदि दर्जनों लोगों के साथ कोतवाली जाकर पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया जिसमें बताया कि 19 जुलाई 2025 को उसके पिता मनोज कुमार हिंगवासिया पुत्र बृजमोहन लवली चौराहे के पास मुखिया मार्केट स्थित अपनी इलेट्रिकल एवं कन्फैक्शनरी की दुकान पर बैठे दुकानदारी कर रहे थे। करीब 5 बजे शाम मोहल्ले के शिवचरन अग्रवाल उर्फ राजा नमकीन, उसका लड़का राहुल तथा पत्नी मीना उसकी दुकान पर आए तो उसके पिता ने उनसे अपने उधारी के रुपये मांगे। जिस पर राजा, उसकी पत्नी व पुत्र उसके पिता मनोज कुमार को गालिया देने लगे। पिता ने उन्हें गालियां देने से मना किया तो उन तीनों ने प्रार्थी के पिता को दुकान से घसीटकर सरेराह सड़क पर पटककर चप्पलों से मारा पीटा जिसका वीडियो भी वायरल हुआ था और उसके पिता ने राजा नमकीन की शिकायत भी पुलिस से की थी लेकिन उन लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नही हुई, लिहाजा राजा नमकीन तथा उसके परिजनों के हौसले बुलंद हो गए और वह उसके पिता मनोज कुमार का लगातार



दुष्प्रेरण करते रहे जिससे परेशान होकर उसके पिता 7 मई 2026 की शाम करीब 4 बजे घर से निकले और रात तक घर नहीं आए। परिजनों ने उनको तलाश किया तो उनके कपड़े तथा अन्य सामान घटना स्थल के पास मिले तथा मंदिर की दीवार पर उसके पिता ने अपनी हैंडराइटिंग से एक सुसाइड नोट लिखा जिसमें लिखा था कि उनके साथ पुलिस के सामने लात जूतों से जो मारपीट की गई थी उससे कुंठित होकर वह आत्महत्या कर रहे हैं। इस प्रकार उसके पिता मनोज कुमार ने राजा नमकीन व परिजनों के दुष्प्रेरण से परेशान और व्यथित होकर कुएं में गिरकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मामले में सीओ परमेश्वर प्रसाद का कहना है कि मृतक के बेटे की तहरीर पर महिला समेत तीन लोगों पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है, हर बिंदु पर पुलिस जांच जारी है।

## बारात में दबंगई शराब के नशे में युवक ने बाराती को लाठियों से पीटा

ललितपुर। कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम बैरवारा में बारात के दौरान मारपीट और हंगामे का मामला सामने आया है। शराब के नशे में धुत एक युवक ने मामूली बात पर बाराती के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठियों से हमला कर दिया, जिससे युवक घायल हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संजू अहिरवार पुत्र रामदास अहिरवार ने तहरीर देकर बताया कि वह 8 मई 2026 की रात करीब 1 बजे ग्राम बैरवारा में कमलेश के यहां बारात में शामिल होने गया था। इसी दौरान गांव निवासी अमन अहिरवार पुत्र अम्भीर अहिरवार शराब के नशे में वहां पहुंचा और बिना किसी बात के गाली-गलौज करने लगा। पीड़ित के अनुसार, जब उसने विरोध किया तो आरोपी अमन ने तैश में आकर लाठियों से हमला कर दिया, जिससे उसे चोटें आईं। मौके पर मौजूद सरमन अहिरवार ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। आरोप है कि जाते समय आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली पुलिस ने आरोपी अमन अहिरवार के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 115(2) और 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## कोतवाली पुलिस ने दो वारंटियों को दबोचा

**तालबेहट।** कोतवाली पुलिस ने अभियान चलाकर दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने सुनौरी निवासी राजू लोधी और म्याव मजरा दीक्षितवारा निवासी धनीराम को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को पकड़कर संबंधित न्यायालय में पेश किया।

## युवक द्वारा आत्महत्या की चेतावनी वाला वीडियो वायरल, मचा हड़कंप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कदौरा(जालौन)-** एक युवक द्वारा आत्महत्या की चेतावनी वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। युवक ने वीडियो में पुलिस और एक महिला पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया है और युवक की तलाश के लिए तीन टीमें गठित की गई हैं। हालांकि समाचार लिखे जाने तक युवक का कोई पता नहीं चल सका था।

जानकारी के मुताबिक, कदौरा थाना क्षेत्र के मोहल्ला सिद्धार्थ नगर निवासी एक युवक के खिलाफ नगर की ही एक महिला ने छेड़खानी की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने इस मामले में युवक के विरुद्ध शांति भंग की आशंका में धारा 151 के तहत कार्रवाई करते हुए उसका चालान कर दिया था। गुरुवार को जमानत पर रिहा होने के बाद युवक घर लौटा, लेकिन कुछ देर बाद वह घर से कालपी की ओर निकल गया। इसी बीच युवक का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें उसने पुलिस प्रताड़ना और अपमान से परेशान होकर आत्महत्या करने की बात कही। हालांकि वायरल वीडियो की 'राष्ट्रीय दैनिक स्वतंत्र प्रभात समाचार पत्र' पुष्टि नहीं करता है। वीडियो में युवक द्वारा कहा गया कि वह अपने एक दोस्त के साथ बाइक से जा रहा था। रास्ते में संबंधित महिला ने उसे इशारा कर बुलाया। युवक के मुताबिक, उसने महिला से हाँ भाभी, क्या बात है कहा, जिसके बाद महिला ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। युवक का आरोप है कि जब वह शिकायत लेकर थाने पहुंचा तो वहां मौजूद दरोगा और महिला ने मिलकर उसके साथ फिर मारपीट की और उल्टा उसी के खिलाफ कार्रवाई कर दी। युवक ने वीडियो में पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मामले को खत्म करने के नाम पर उससे 8 लाख रुपये की मांग की गई। उसने

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात जो लिखेगा, वही टिकेगा www.swatantraprabhat.com ब्रेकिंग न्यूज़

दावा किया कि इसी मानसिक दबाव, अपमान और प्रताड़ना से परेशान होकर वह यमुना पुल से जान देने जा रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस प्रशासन में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। युवक की तलाश के लिए तत्काल पुलिस टीमें रवाना की गई। पुलिस के अनुसार युवक की आखिरी लोकेशन दौलतपुर के आसपास मिली है। सर्विलांस टीम भी युवक की लोकेशन ट्रेस करने में जुटी हुई है। इस संबंध में थाना प्रभारी परमेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि युवक की तलाश के लिए तीन टीमें बनाई गई हैं। उन्होंने कहा कि युवक के खिलाफ पहले शांति भंग की कार्रवाई की गई थी। फिलहाल उसकी तलाश जारी है और मामले की जांच की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### फर्जी IAS विप्रा शर्मा और बहनों की बढ़ी मुश्किलें: 12 मुकदमों के बाद अब लगेगी 'गैंगस्टर एक्ट'



**बरेली।** सरकारी नौकरी के नाम पर ठगने वाली फर्जी आइएएस विप्रा शर्मा और उसकी बहनों को जल्दी राहत मिलने वाली नहीं है। पुलिस उनके विरुद्ध गैंग्स्टर की कार्रवाई की तैयारी में हैं। तीनों के विरुद्ध जेल में रहने के दौरान ही यह कार्रवाई हो सकती है। अभी तीनों में से किसी को जमानत नहीं मिली है। फर्जी आइएएस विप्रा शर्मा, उसकी बहन शिखा शर्मा व ममेरी बहन दीक्षा पाठक के विरुद्ध सुभाष नगर और बारादरी थाने में 12 मुकदमे लिखे जा चुके हैं। इसमें 10 मुकदमे बारादरी थाने में और दो मुकदमे सुभाष नगर में लिखे गए हैं। सभी मुकदमों में विप्रा व उसकी बहनों को नामजद किया गया। एक मुकदमे में व्रिपा शर्मा का ड्राइवर और एक अन्य मुकदमे में उसके पिता को भी नामजद किया गया है। अब पुलिस विप्रा के पिता और उसके ड्राइवर की तलाश में जुट गई है। पुलिस अधिकारियों की मानें तो तीनों बहनें गिरोह बनाकर लोगों को ठगने का काम कर रही थीं। ऐसे में इनके विरुद्ध गैंग्स्टर की कार्रवाई भी आसानी से हो सकती है। इसके लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। तीनों बहनों के इस गिरोह से पर्दा तब उठा जब बारादरी थाना क्षेत्र निवासी प्रीति लायल ने इनकी शिकायत पुलिस से की। उन्होंने आरोप लगाया था कि आरोपित विप्रा शर्मा व उसकी बहनों ने फर्जी आइएएस बनकर उनसे व उनके साथियों से सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर करीब 12 लाख रुपये की ठगी की थी। शिकायत के बाद पुलिस ने जब तीनों बहनों को गिरफ्तार कर जेल भेजा तो लोगों के कान खड़े हो गए। धीरे-धीरे वे सभी पीड़ित थाने पहुंचने लगे जो इस गिरोह के शिकार हुए थे। पुलिस ने जब तीनों बहनों को गिरफ्तार किया तो उनके बैंक खातों में 56 लाख रुपये फ्रीज कराए, 4.50 लाख रुपये कैश बरामद किया। इतना ही नहीं, एक एसयूवी कार और तमाम फर्जी दस्तावेज भी बरामद किए। तीनों बहनें अभी भी जेल में हैं।

### ओमप्रकाश राजभर के बयान पर अविमुक्तेश्वरानंद का बड़ा पलटवार कहा- सत्ता का कोई शौक नहीं



**गाजीपुर।** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की 'गोविष्टि यात्रा' (गो-रक्षा धर्मयुद्ध यात्रा) शनिवार को कासिमाबाद चौराहे पर पहुंची, जहां ब्राह्मण रक्षा दल, समाजवादी पार्टी के नेताओं तथा ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गौ-रक्षा समर्थक मौजूद रहे। अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य देशभर में गौ संरक्षण के प्रति जनजागरण करना, गौ माता को 'राष्ट्र माता' का सम्मान दिलाना तथा गौवध पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए जनमत तैयार करना है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि जो राजनीतिक दल गौ-रक्षा की बात नहीं करते, उन्हें वोट न दें। कहा कि जो दल सत्ता में हैं, वे गौ माता को 'राजमाता' और 'राष्ट्रमाता' घोषित करें तथा जो विपक्ष में हैं, वे सत्ता में आने पर गौ हत्या को अपराध घोषित करने का वादा करें। उन्होंने ओमप्रकाश राजभर के उस बयान पर भी प्रतिक्रिया दी, जिसमें कहा गया था कि अविमुक्तेश्वरानंद को धर्म छोड़ राजनीति में आ जाना चाहिए। इस पर अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि उन्हें सत्ता, सांसद, विधायक या मंत्री बनने का कोई शौक नहीं है। उनका उद्देश्य केवल ऐसा भारत देखना है, जहां गौ हत्या न होती हो। उन्होंने कहा कि यदि वर्तमान राजनीतिक दल गौ-रक्षा सुनिश्चित नहीं करेंगे तो आने वाली पीढ़ी सनातनी विचारधारा को आगे बढ़ाकर सत्ता परिवर्तन करेगी। उन्होंने कहा कि 'छद्म हिंदुत्व' का विकल्प सनातन धर्म है और देश में सनातन की राजनीति होगी। उन्होंने असम के मुख्यमंत्री का नाम लेते हुए कहा कि कुछ नेता गौ-हत्यारों के वोट की बात करते हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। अविमुक्तेश्वरानंद ने उपस्थित लोगों को गौ-रक्षा का संकल्प भी दिलाया। इस दौरान उन्होंने जहूराबाद विधानसभा क्षेत्र में 'राम धाम गौशाला' बनाए जाने का आह्वान किया तथा ब्राह्मण रक्षा दल के संयोजक प्रेम शंकर मिश्रा को इसका प्रतिनिधि नियुक्त किया। उन्होंने लोगों से गौशाला निर्माण के लिए सहयोग देने की अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक नोट का दान अवश्य करे। कार्यक्रम में वरिष्ठ सपा नेता महेंद्र चौहान, राकेश सिंह, डॉ. पियूष कांत दूबे, संजय पाण्डेय, राजेश मिश्र, जय प्रकाश पाण्डेय, देवेंद्र पाण्डेय, मृत्युंजय मिश्र, दिनेश मिश्र तथा राम उच्छाह पांडेय समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# अब यूपी में अपने आप प्रीपेड स्मार्ट मीटर हो जाएंगे पोस्टपेड, उपभोक्ताओं को कहीं नहीं करना होगा आवेदन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गढ़मुक्तेश्वर।** बिजली उपभोक्ताओं स्मार्ट मीटर के करंट का दंश झेल रहे बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है। प्रीपेड स्मार्ट मीटरों में आ रही तकनीकी दिक्कतों को देखते हुए प्रदेश सरकार के फैसले से स्मार्ट मीटर अब साधारण मीटर की तरह ही काम करेंगे। अब बिना आवेदन और अतिरिक्त शुल्क के बिल मोबाइल पर मिलेगा। बकायेदारों पर सख्ती रहेगी, जबकि शिकायतों के लिए उपभोक्ताओं को हेल्पलाइन और व्हाट्सब नंबर की व्यवस्था भी की गई हैं। अधिशासी अभियंता सूर्योदय वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार ने प्रीपेड मीटर की अनिवार्यता समाप्त कर दी है। इस फैसले के बाद बिजली उपभोक्ताओं को राहत मिल जाएगी। खास बात है कि ये सभी प्रीपेड मीटर अपने आप पोस्टमोड में बदल जाएंगे। इसके लिए उपभोक्ताओं को न कहीं आवेदन की जरूरत है न ही कोई अतिरिक्त शुल्क देना होगा। उन्होंने बताया अधिकारियों के मुताबिक हर महीने की 1 से 10 तारीख के बीच उपभोक्ताओं के मोबाइल पर उपभोक्ताओं की रीडिंग के साथ बिल का मैसेज आएगा।

**1-10 तारीख के बीच हर माह फोन पर आएगा बिल**

अब बिल की पर्ची निकालने वाले कर्मचारी घरों पर नहीं पहुंचेंगे। मई माह के बिल का मैसेज उपभोक्ताओं के मोबाइल पर 1 जून से 10 जून के बीच पहुंचेगा। जो 15 दिनों के भीतर जमा करना होगा। सूर्योदय वर्मा ने बताया कि उपभोक्ता की शिकायत पर एक्शन लिया जाएगा, जिसके लिए एक शासन के अनुसार एक व्हाट्सएप नंबर 91,7895804803,जारी किया गया हैं। जो किसी उपभोक्ताओं को यदि कोई परेशानी होती है तो वह अपनी शिकायत हेल्पलाइन नंबर 1912 पर दर्ज करवा सकते हैं। शिकायत का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने बताया यदि शिकायतों का फर्जी निस्तारण होता है तो संबंधित कर्मचारी पर विभागीय कार्रवाई कराई जाएगी। जरूरत पड़ने पर शिकायतकर्ता का फीडबैक भी लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं को प्रीपेड मीटर पोस्टपेड में बदलवाने के लिए कहीं आवेदन करने की जरूरत नहीं है। मीटर स्वतः पोस्टपेड मोड



में काम करने लगेंगे।

**पोस्टपेड मीटर से मिलेगी सहूलियत**

प्रीपेड मीटर में बैलेंस निगेटिव होने पर बिजली गुल होने की समस्या थी। वहीं रिचार्ज कराने की चिंता बनी रहती थी। अब प्रीपेड व्यवस्था खत्म की गई है। इससे समय से बिल की जानकारी होती रहेगी तो सहूलियत मिलेगी- -श्रीनिवास सिंह।

**रिचार्ज का झंझट नहीं रहेगा**

प्रीपेड मीटर को रिचार्ज करने का झंझट रहता था। बैलेंस कम होने पर कभी भी बिजली कटने का डर सताता रहता था लेकिन अब पोस्टपेड मीटर होने से पहले की तरह ही बिल आएगा तो सहूलियत होगी। - मिलिन कुमार

### गढ़वा में मौलाना के साथ मिली लापता महिला, झाड़-फूंक के नाम पर फायदा उठाने का आरोप

**गढ़वा।** धुरकी थाने के बीरबल गांव में शुक्रवार को पुलिस ने एक अधेड़ मौलाना के साथ दूसरे समुदाय की विवाहित महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बीरबल गांव में सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब एक अधेड़ मौलाना के साथ दूसरे समुदाय की एक विवाहित महिला को संदिग्ध परिस्थिति में देखा गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर थाना ले गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीरबल गांच निवासी कलाम अंसारी के घर एक मौलाना के साथ दूसरे समुदाय की एक विवाहित महिला के ठहरे होने की खबर गांव में आग की तरह फैल गई। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर सगमा प्रखंड प्रमुख अजय साह मौके पर पहुंच मौलाना व महिला से पूछताछ किया। इस दौरान मौलाना ने अपना नाम अकबर अंसारी बताते हुए खुद को ओबरा के सोनभद्र जिले का निवासी बताया, लेकिन ग्रामीणों के अनुसार वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। इसके बाद महिला से पूछताछ की गई। महिला ने कहा कि मौलाना उसे झाड़-फूंक के नाम पर यहां लेकर आया है। महिला के साथ उसकी गोद में दो माह का बच्चा भी है। ग्रामीणों को मामला संदिग्ध लगा और इसे लव जिहाद से जोड़कर देखना शुरू कर दिया।

## गुवाहाटी में कामाख्या के दर्शन कर हाइलाकांडी के विधायक मिलन दास ने लिया आशीर्वाद





**● जिले की सुख-समृद्धि की कामना के साथ मां कामाख्या के चरणों में प्रार्थना**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमि-** असम के गुवाहाटी स्थित पवित्र नीलाचल पर्वत पर अवस्थित कामाख्या मंदिर में शनिवार, 9 मई को हाइलाकांदी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सभी मंडल अध्यक्षों एवं जिले के विभिन्न स्तर के दलीय कार्यकर्ताओं ने मां कामाख्या के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर लोकप्रिय विधायक मिलन दास भी उपस्थित रहे। इस पुण्य अवसर पर उपस्थित विधायक और सभी कार्यकर्ताओं ने मां कामाख्या के चरणों में समस्त हाइलाकांडी जिले की शांति, सुख, समृद्धि एवं सर्वांगीण विकास की कामना की। साथ ही यह प्रार्थना भी की गई कि मां की कृपा से जिले के प्रत्येक क्षेत्र एवं आमजन के जीवन में सुख-शांति एवं उन्नति का मार्ग प्रशस्त हो। कार्यक्रम के दौरान नेताओं ने कहा कि मां कामाख्या की दिव्य कृपा से समाज में एकता, सौहार्द और विकास की भावना और अधिक मजबूत होगी तथा जनता के जीवन में नई आशा और ऊर्जा का संचार होगा। यह धार्मिक एवं आध्यात्मिक यात्रा कार्यकर्ताओं के बीच विशेष उत्साह और आस्था का केंद्र बनी रही।

## बजट 40 हजार, कमाई 29 लाख रुपये... भारत की पहली 'बोलती फिल्म'

**● भारत की पहली 'बोलती फिल्म' देखने के लिए ब्लैक में बिकी थीं टिकटें**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** हर फिल्मों का सबसे बड़ा मकसद बॉक्स ऑफिस की रेस में सबसे आगे होना है। हिंदी सिनेमा की कई फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्डतोड़ कमाई करके इतिहास रच दिया था। मगर क्या आपको पता है कि भारत की पहली बोलती फिल्म ने कितनी कमाई की थी। भारत की पहली बोलती फिल्म आलम आरा है। इस फिल्म का निर्देशन अर्देशिर ईरानी ने किया था। उन्होंने अमेरिकन पार्ट टॉकी 'शो बोट' से इंस्पायर होकर आलम आरा बनाई थी। उन्होंने मात्र 4 महीने में ही इस फिल्म की शूटिंग कंप्लीट कर ली थी।

**चार महीने में बनी थी फिल्म**

दिलचस्प बात यह थी कि फिल्म की शूटिंग सिर्फ रात में होती थी, क्योंकि उनका स्टूडियो रेलवे ट्रैक के पास था और ट्रेन की आवाज से शूटिंग में दिक्कत आती।



बहरहाल, चार महीने में फिल्म बनकर तैयार हुई। फिल्म में लीड रोल मास्टर विट्ठल, जुबैदा, पृथ्वीराज कपूर और बिब्बो ने निभाई थी। कहानी राजा और उसकी दो पत्नियों के इर्द-गिर्द घूमती है।

दोनों पत्नियों से राजा की कोई औलाद नहीं होती है। एक फकीर बताता है कि पहली पत्नी बेटे को जन्म देगी, लेकिन 18 साल में ही उसकी मृत्यु हो जाएगा। अगर उसे बचाना है तो उसे मछली के गले में बंधे हुए हार को ढूंढना होगा।

**सिनेमाघरों के बाहर लगती थीं लाइनें**

यह फिल्म जब सिनेमाघरों में रिलीज हुई तो तबाही मच गई। कहा जाता है कि फिल्म का पहला शो दोपहर से शुरू होने वाला था, लेकिन दर्शक सुबह से ही सिनेमाघरों के बाहर लंबी-लंबी लाइनों में लग जाते थे। सिनेमाघर हाउसफुल हो गए थे। यहां तक कि फिल्म की टिकटें ब्लैक में भी बिकीं।

**बॉक्स ऑफिस पर हुई थी बंपर कमाई**

फिल्म के जबरदस्त रिस्पॉन्स ने मेकर्स को मालामाल बना दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म मात्र 40 हजार रुपये के खर्च में बनी थी, लेकिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर करीब 29 लाख रुपये की कमाई की थी। यह अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है। हालांकि, अब इस फिलम का कोई भी प्रिंट या ग्रामोफोन मौजूद नहीं है। इसे खोई हुई फिल्म कहा जाता है।

## दिल्ली पुलिस के सब-इंस्पेक्टर ने खुद ही मांगा अपना डिमोशन

**● वजह सुनकर DCP ने बना दिया कांस्टेबल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूर्वी दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी जिले के करावल नगर थाने में तैनात एक सब-इंस्पेक्टर की मांग पर उनका डिमोशन कर दिया गया है। सब-इंस्पेक्टर मनीष ने स्वेच्छा से अपना पद घटाने का अनुरोध किया और अब डीसीपी ने उनका अनुरोध मानते हुए उन्हें दोबारा कांस्टेबल बना दिया गया है। मनीष ने वरिष्ठ अधिकारियों को एक आवेदन देकर लिखा था कि वह सब-इंस्पेक्टर के पद पर काम नहीं करना चाहते और उन्हें वापस कांस्टेबल बना दिया जाए। इस अनोखे अनुरोध के बाद उनकी जांच की गई। निर्णय लेने से पहले यह भी जांच की गई कि उनके खिलाफ कोई विभागीय, आपराधिक या विजिलेंस मामला लंबित न हो। इसके बाद उपायुक्त ने उन्हें कांस्टेबल बना दिया है।

**कांस्टेबल के रूप में की थी शुरूआत**



बताया जा रहा है कि मनीष ने अपने करियर की शुरुआत कांस्टेबल के रूप में की थी और बाद में विभागीय परीक्षा पास कर सब-इंस्पेक्टर बने थे। लेकिन प्रमोशन के बाद बढ़ती जिम्मेदारियों और व्यस्तता के कारण वह असहज महसूस कर रहे थे। विभागीय साथियों की मानें तो मनीष पढ़ाई में काफी रुचि रखते हैं और किसी बड़ी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करना चाहते हैं। सब-इंस्पेक्टर के पद पर समय की कमी के चलते पढ़ाई संभव नहीं हो पा रही थी, जबकि कांस्टेबल के रूप में उन्हें तैयारी के लिए बेहतर समय मिल सकता है। मामले में मनीष से बात करने की कोशिश की गई लेकिन उन्होंने बात करने से इन्कार कर दिया।

### पकौड़ी खिलाने के बहाने जंगल के पास ले गए, एक मकान में बारी-बारी से किया दुष्कर्म

**बेड़ो।** रांची जिले क बेड़ो में एक 13 वर्षीय नाबालिग बालिका से सामूहिक दुष्कर्म का एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। इस सिलसिले में पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। यह मामला बेड़ो थाना क्षेत्र का है। यह घटना 7 मई दिन गुरुवार की है। पीड़िता की मौसी ने 8 मई को बेड़ो थाने में एक नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में पीड़िता की मौसी ने बताया कि उसकी भतीजी रांची की रहने वाली है, जो पिछले दो वर्षों से उसके साथ रहती है। गुरुवार की अपराह्न लगभग सवा चार बजे वह साप्ताहिक गुरुवार बाजार गई थी। जब वह बाजार से अपने घर वापस आ रही थी। इसी दौरान बेड़ो के जामटोली रोड स्थित केनरा बैंक के समीप एक युवक ने पीड़ता को बहला फुसलाकर और पकौड़ी खिलाने का प्रलोभन दिया। साथ ही वे पैदल चलकर बेड़ो थाना क्षेत्र के जामटोली गांव पहुंचे। वहीं, उस युवक व उसका दोस्त दोनों जंगल के समीप बेड़ो टिकरा टोली गांव निवासी टारजन उरांव के अर्धनिर्मित घर में ले गए। जहां उन्होंने बारी-बारी से दुष्कर्म किया। घटना के बाद किसी को कुछ नहीं बताने की धमकी दिया। वारदात के बाद पीड़िता किसी तरह अपने घर पहुंची और अपनी मौसी को पूरी घटना बताई।

### रांची में शराब की बोतल पैर से गिराने पर दोस्तों ने कर दी युवक की हत्या



**रांची।** रांची के टाटीसिलवे थाना क्षेत्र में युवक अभिजीत तिवारी उर्फ किट्टू की हत्या मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामूली विवाद में दोस्तों ने मिलकर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी और शव को स्कूटी से करीब 10 किलोमीटर दूर ले जाकर सुनसान इलाके में फेंक दिया। पुलिस ने मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अन्य आरोपित की तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार 18 अप्रैल की रात टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के सिपाही नदी किनारे मिलिट्री डेयरी फार्म के पास एक युवक का शव बरामद हुआ था। मृतक की पहचान अभिजीत तिवारी उर्फ किट्टू के रूप में हुई। मामले में टाटीसिलवे थाना कांड संख्या 41/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1)/238 के अंतर्गत अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

## हंटावायरस संक्रमण का खतरा बढ़ा

**●क्रूज शिप से यूरोप तक पहुंचा वायरस; अलर्ट पर स्वास्थ्य एजेंसियां**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

डच क्रूज शिप एमवी होंडियस से शुरू हुआ हंटावायरस संक्रमण अब यूरोप और दक्षिण अटलांटिक के दूरदराज इलाकों तक पहुंच गया है। स्पेन और ब्रिटेन के अधीन ट्रिस्टन दा कुन्हा द्वीप पर दो नए संदिग्ध मामले मिलने के बाद स्वास्थ्य एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। हालांकि डब्लयूएचओ ने दोहराया है कि आम लोगों के लिए खतरा फिलहाल बहुत कम है और यह वायरस कोविड-19 की तरह तेजी से नहीं फैलता।डब्लयूएचओ के अनुसार, अब तक जहाज से जुड़े आठ लोग बीमार पड़े हैं, जिनमें छह मामलों में एंडीज स्ट्रेन हंटावायरस की पुष्टि हो चुकी है। चार संक्रमित मरीज अब भी दक्षिण अफ्रीका, नीदरलैंड्स और स्विट्जरलैंड के अस्पतालों में भर्ती हैं।

**जहाज पर नहीं मिले नए लक्षण**

एमवी होंडियस फिलहाल स्पेन के कैनरी




आइलैंड्स के टेनेरिफ की ओर बढ़ रहा है, जहां इसके आज पहुंचने की उम्मीद है। स्पेन ने यात्रियों को उतारने के लिए विशेष तैयारी की है। यात्रियों और चालक दल को छोटे बोट के जरिए अलग-थलग क्षेत्र में ले जाया जाएगा और फिर सुरक्षा घेरे वाले वाहनों से एयरपोर्ट पहुंचाया जाएगा। ब्रिटेन की हेल्थ सिक्योरिटी एजेंसी ने ट्रिस्टन दा कुन्हा द्वीप पर एक ब्रिटिश यात्री में भी संदिग्ध लक्षण मिलने की पुष्टि की है। यह दुनिया का सबसे दूरस्थ आबादी वाला द्वीप माना जाता है।अमेरिका और ब्रिटेन भेजेंगे विशेष विमानअमेरिका और ब्रिटेन अपने नागरिकों को निकालने के लिए विशेष विमान भेज रहे हैं। जहाज पर मौजूद 17 अमेरिकी नागरिकों को नेशनल क्वारंटीन यूनिट में रखा जाएगा।

## मैं पहली बार IPL नहीं खेल रहा,दिल्ली कैपिटल्स ने किया बाहर तो गुस्से से भड़क गए डेविड मिलर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के लिए आईपीएल 2026 का सीजन अच्छा नहीं रहा है। टीम प्लेऑफ के रेस से लगभग बाहर हो गई है। दिल्ली की टीम में डेविड मिलर जैसे खिलाड़ी हैं, जिन्हें प्लेइंग 11 से बाहर कर दिया गया है। टीम की स्थिति इसके बावजूद नहीं बदली और उन्हें अपने घर पर शुक्रवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। मिलर को आईपीएल 2026 के आखिरी दो मैचों से दिल्ली ने प्लेइंग 11 से बाहर रखा। इसके बाद मिलर ने इसको लेकर बड़ा बयान दिया है। अफ्रीकी खिलाड़ी का कहना है कि टीम को अपना संयोजन भी देखना होता है। टीम में चार विदेशी खिलाड़ी ही खेल सकते हैं और इस वजह से उनकी जगह नहीं बन रही। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि ये उनका पहला आईपीएल सीजन नहीं है और वे लंबे समय से खेल रहे हैं।

**डेविड मिलर ने बताया बाहर रहने का कारण**

मिलर ने कहा, 'मेरे लिए बाहर रहना निराशाजनक है। आप हमेशा मैच खेलना चाहते हैं लेकिन आईपीएल ऐसा ही है। प्लेइंग 11 में सिर्फ चार खिलाड़ियों को शामिल किया जा सकता है। इस वजह से सभी टीमों के लिए संयोजन बहुत ही महत्वपूर्ण हो जाते हैं। मैं बर तैयार रहना चाहता हूं और अच्छी तरह से तैयारी करना चाहता हूं। खिलाड़ी आमतौर पर यही करना पसंद करते हैं फिर चाहे दोबारा मौका मिले या न मिले।' स्टार खिलाड़ी ने आगे कहा, 'मैं लंबे समय से क्रिकेट के साथ जुड़ा हुआ हूं। यह मेरा पहला आईपीएल नहीं है। इस वजह से मैं टीमों के संयोजन को अच्छी तरह से समझता हूं। मेरा ध्यान टीम को सकारात्मक प्रतिक्रिया देते रहने पर है। इसके अलावा उनका समर्थन करने और टीम के लिए अपना योगदान देने पर है।'



**दिल्ली के लिए निराशाजनक सीजन**

दिल्ली कैपिटल्स के लिए ये सीजन निराशाजनक रहा है। टीम को 11 मैचों में से सिर्फ 4 मैचों में जीत मिली है और प्लेऑफ की रेस से लगभग बाहर हो गए हैं। डीसी को आईपीएल 2026 में कई करीबी मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा। उन्हें गुजरात के खिलाफ 1 रन से हार मिली, जबकि पंजाब के खिलाफ 264 रन बनाकर भी जीत नहीं सके। कोलकाता के खिलाफ मैच के बाद कप्तान अक्षर पटेल ने भी अगले सीजन की तैयारियों पर जोर दिया।

## ग्रेटर नोएडा में तेज रफ्तार स्कार्पियो बिजली के खंभे से टकराई

**● भाजपा नेता का भतीजा घायल; दोस्त की मौत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** नालेज पार्क कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार रात तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े बिजली के खंभे से टकरा गई। हादसे में कार चला रहा अलीगढ़ के भाजपा जिलाध्यक्ष का भतीजा घायल हो गया और बगल की सीट पर बैठे साथी की मौत हो गई। घटना का इंटरनेट मीडिया पर वीडियो प्रसारित हो रहा है। इसमें पोल से टकराने के बाद कार लट्टू की घूमती दिख रही है। दैनिक जागरण वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती करा कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

**ग्रेटर नोएडा घूमने आया था**

बताया जा रहा है कि अलीगढ़ के भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण पाल सिंह लाला का जट्टारी गांव में रहने वाला भतीजा गुरुदेव (30) शुक्रवार को गांव निवासी दोस्त ऋषभ (28) पुत्र दिनेश के साथ ग्रेटर नोएडा घूमने आया था। रात में स्कार्पियो से नालेज पार्क तीन की तरफ जा रहे थे। कार गुरुदेव चला रहा था और आगे ही बगल की सीट पर ऋषभ बैठा था। रास्ते में कल्चरल होटल के पास तेज रफ्तार कार गुरुदेव से बेकाबू होकर ऋषभ की साइड में रोड किनारे खड़े खंभे से टकरा गई। कार की रफ्तार इतनी अधिक थी कि पोल से




टकरा कर सड़क पर लट्टू की भांति दो चक्कर लगने के बाद रुकी। हादसे में दोनों घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन दोनों घायलों को शारदा अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डाक्टरों ने ऋषभ को मृत घोषित कर दिया।

**पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंपा शव**

पुलिस ने पंचनामा भर कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गुरुदेव का शारदा में इलाज जारी है। स्वजन ने बताया कि दोनों ने ग्रेटर नोएडा के ही एक कालेज से बीटेक की पढ़ाई पूरी की थी। पिछले कुछ समय समय से गांव पर ही हैं। ऋषभ तीन भाई बहन में सबसे छोटा था। इनका बड़ा भाई गगन एयरफोर्स में हैं। उनकी अंडमान नीकोबार में तैनाती है। घटना की जानकारी पर शनिवार देर शाम यहां पहुंचा। बताया जा रहा है कि ऋषभ जो स्कार्पियो चला रहा था, वह उसके चाचा की है। एसीपी राधारमण ने बताया हादसा संज्ञान में है। पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजन को सौंप दिया गया। मृतक के स्वजन की तरफ से कोई शिकायती-पत्र नहीं मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### जम्मू-कश्मीर के राजौरी में भीषण सड़क हादसा, स्कूल बस सहित तीन गाड़ियों के बीच टक्कर में 11 यात्री घायल

**राजौरी।** कालाकोट उपमंडल के पतलाडी क्षेत्र में शनिवार को बड़ा सड़क हादसा हो गया। एक निजी स्कूल बस, यात्री बस और यात्री टेंपो की आमने-सामने टक्कर में 11 लोग घायल हो गए। घायलों में अधिकांश स्कूली छात्र-छात्राएं शामिल हैं। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार निजी स्कूल कालाकोट की बस (जेके11ई-5113) छात्रों को लेकर कालाकोट से सियालसूई जा रही थी। पतलाडी क्षेत्र में सामने से आ रही यात्री बस( जेके02एजे-6099) और टेंपो (जेके14बी-1248) से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के दौरान बस में सवार छात्र-छात्राओं में चीख-पुकार मच गई। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने घायलों को वाहनों से बाहर निकाला। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीमें भी मौके पर पहुंच गईं। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालाकोट पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार किया गया। घायलों की पहचान रिजवान पुत्र मुहम्मद अमीन, इकरा चौधरी पुत्री मुहम्मद अमीन, सरिता पत्नी शमशेर सिंह, सफीना सबरी पुत्र मोहम्मद अमीन, साक्षी पुत्री सुमित सिंह, मानवी पुत्री जसबीर सिंह, वाणी राजपूत पुत्री राजीव सिंह, युविका पुत्री तरसीम, ईशा देवी पुत्री रतन सिंह, हरनाम सिंह पुत्र कमल सिंह तथा युवराज सिंह पुत्र जसबीर सिंह निवासी कालाकोट के रूप में हुई है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार सभी घायलों को मामूली चोटें आई हैं और उनकी हालत स्थिर बनी हुई है।

## सिलेंडर दिलाने के बहाने युवती से सामूहिक दुष्कर्म

**● वीडियो बनाकर ब्लैकमेल; दो गिरफ्तार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भोजपुर।** गाजियाबाद के मोदीनगर के भोजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में सिलिंडर दिलाने के बहाने युवती को खेत में ट्यूबबैल पर ले जाकर आरोपितों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। एक आरोपित ने दुष्कर्म किया तो दूसरे ने चोरी से मोबाइल में अश्लील वीडियो रिकार्ड कर लिया। इस वीडियो को प्रसारित करने की धमकी देकर युवती से दुष्कर्म किया। विरोध पर आरोपितों ने युवती को बुरी तरह पीटा। वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी भी दी। पुलिस ने युवती की तहरीर पर केस दर्ज कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। भोजपुर के एक गांव की 23 वर्षीय युवती के मुताबिक, उनकी गांव के ही एक युवक से कुछ समय पहले दोस्ती हुई थी।



शुक्रवार को युवती को सिलिंडर की जरूरत थी। उसने युवक से सिलेंडर के लिए कहा तो वह उन्हें खेत पर ले गया।

**वारदात के दौरान आरोपी ने दोस्त ने बनाया वीडियो**

वहां ट्यूबवैल के पास उनके साथ दुष्कर्म किया। इसी बीच आरोपित का साथी वहां पहुंचा और चोरी से मोबाइल में अश्लील वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। इसके बाद युवती को वह वीडियो के जरिए ब्लैकमेल करने लगा। वीडियो प्रसारित करने की धमकी देकर युवती के साथ उसने भी दुष्कर्म किया। युवती आरोपितों की मिन्नतें करती रही। लेकिन आरोपित को उसपर दया नहीं आई। आरोपितों द्वारा सांठगांठ कर वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद आरोपितों ने धमकी दी यदि किसी से इस बारे में बताया कि अश्लील वीडियो उनके स्वजन व गांव में प्रसारित कर देंगे। लेकिन युवती ने हौसला रखते हुए स्वजन को आपबीती सुनाई। इसपर वे स्वजन के साथ भोजपुर थाने पहुंची और आरोपितों पर कार्रवाई की मांग की। एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपित अरविंद व पंकज को गिरफ्तार कर लिया गया है।